राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों

की

ग्रन्थ-सूची

[भाग ३]

[जयपुर के श्री दिगम्बर जैन मन्दिर दीवान बधीचन्दजी एवं दिगम्बर जैन मन्दिर ठोलियों के शास्त्र भण्डारों के ग्रन्थों की सूची]

सम्पादक —

कस्तूरचन्द कासलीवाल
एम. ए, शास्त्री

अनूपचन्द न्यायतीर्थ
साहित्यरत्न,

प्रकाशक —

बधीचन्द गंगवाल

मन्त्री —

प्रबन्धकारिणी कमेटी

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

महावीर पार्क रोड, जयपुर

पुस्तक प्राप्ति स्थान :—

१. मंत्री श्री दिगम्बर जैन अ० क्षेत्र श्री महावीरजी
महावीर पार्क रोड, जयपुर (राजस्थान)

२. मैनेजर श्री दिगम्बर जैन अ० क्षेत्र श्री महावीरजी
श्री महावीरजी (राजस्थान)

卐

प्रथम संस्करण
५०० प्रति

वीर निर्वाण संवत् २४८३
वि० सं० २०१४
अगस्त १६५७

मूल्य

जैन विद्या संस्थान
Rs 50 P 00

卐

मुद्रक :—
भँवरलाल न्यायतीर्थ,
श्री वीर प्रेस, जयपुर।

★ विषय सूची ★

क्षेत्र के अनुसन्धान विभाग की ओर से शीघ्र प्रकाशित होने वाली पुस्तकें

* *
*

१. प्रद्युम्नचरित :–

हिन्दी भाषा की एक अत्यधिक प्राचीन रचना जिसे कवि सधारु ने सवत् १४११ (सन् १३५४) में समाप्त किया था।

२. सुदंसणचरिउ :–

अपभ्रंश भाषा का एक महत्त्वपूर्ण काव्य जो महाकवि नयनन्दि द्वारा सवत् ११०० (सन् १०४३) में लिखा गया था।

३. प्राचीन हिन्दी जैन पद संग्रह :–

६० से भी अधिक कवियों द्वारा रचे हुये २५०० हिन्दी पदों का अपूर्व संग्रह।

४. राजस्थान के जैन मूर्ति लेख एवं शिलालेख :

राजस्थान के १००० से अधिक प्राचीन मूर्तिलेखों एव शिलालेखों का सचित्र सग्रह।

५. हिन्दी के नये साहित्य की खोज :– [राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों से]

१४वीं शताब्दी से लेकर १८वीं शताब्दी तक रचित हिन्दी की अज्ञात एवं अप्रकाशित रचनाओं का विस्तृत परिचय।

जैन शास्त्र-भण्डारों के ग्रन्थों के नीचे ऊपर लगाये जाने वाले कलात्मक पुट्ठों के चित्र—

जयपुर के चौधरियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार का एक कलात्मक पुट्ठा
जिस पर चांदी के तारों से काम किया गया है।

मैं हौं जीवद्रव्य नित्य चेतना स्वरूप मेरौ लग्यो है अनादितैं कलंक कर्म मल को। ताही को निमित्त पाय
रागादिक भाव भए भयो है शरीर को मिलाप जैसो खल को॥ रागादिक भावनि को पाय के निमित्त पु
नि होत कर्म बंध ऐसो है बनाव कल को। ऐसे ही भ्रमत भयो मानुष शरीर जोग [illegible] बनै तौ बनै [illegible]
[illegible] उपाय निज थल को॥३६॥ दोहा॥ रंभापति स्तुत गुन जनक [illegible]॥ जाको जोगीदास॥ सोई मेरे [illegible]
[illegible] मारै भ्रम [illegible] प्रकास [illegible]॥३७॥ मैं आतम अरु पुद्गल खंध मिलिकैं भयो परस्पर बंध॥ सो [illegible]

जयपुर के वधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत महा पं० टोडरमलजी द्वारा
लिखित 'मोक्षमार्ग प्रकाश' का चित्र।

जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार का एक पुट्ठा—
जिस पर खिले हुए फूलों का जाल बिछा हुआ है।

प्रकाशकीय

श्री महावीर ग्रन्थमाला का यह सातवां पुष्प है तथा राजस्थान के जैन ग्रन्थभण्डारों की ग्रन्थ सूची का तीसरा भाग है जिसे पाठकों के हाथों में देते हुये बड़ी प्रसन्नता होती है। ग्रन्थ सूची का दूसरा भाग सन् १९५४ में प्रकाशित हुआ था। तीन वर्ष के इस लम्बे समय में किसी भी पुस्तक का प्रकाशन न होना अवश्य खटकने वाली बात है लेकिन जयपुर एवं अन्य स्थानों के शास्त्र भण्डारों की छान बीन तथा सूची बनाने आदि के कार्यो में व्यस्त रहने के कारण प्रकाशन का कार्य न हो सका। सूची के इस भाग में जयपुर के दि० जैन मन्दिर बधीचन्दजी तथा ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डारों के ग्रन्थों की सूची दी गयी है। ये दोनों ही मन्दिर जयपुर के प्रमुख एवं प्रसिद्ध मन्दिरों में से है। दोनों भण्डारों में कितना महत्वपूर्ण साहित्य संग्रहीत है यह बताना तो विद्वानों का कार्य है किन्तु मुझे तो यहाँ इतना ही उल्लेख करना है कि बधीचन्दजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार तो १८ वीं शताब्दी के सर्व प्रसिद्ध विद्वान् टोडरमलजी की साहित्यिक सेवाओं का केन्द्र रहा था और आज भी उनके पावन हाथों से लिखी हुई मोक्षमार्गप्रकाश एव आत्मानुशासन की प्रतियां इस भण्डार मे सग्रहीत हैं। ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में भी प्राचीन साहित्य का अच्छा संग्रह है तथा जयपुर के व्यवस्थित भण्डारों में से है।

इस तीसरे भाग में निर्दिष्ट भण्डारों के अतिरिक्त जयपुर, भरतपुर, कामां, डीग, दौसा, मौजमाबाद, बसवा, करौली, बयाना आदि स्थानों के करीब ४० भण्डारों की सूचियां पूर्ण रूप से तैय्यार हैं जिन्हें चतुर्थ भाग मे प्रकाशित करने की योजना है। ग्रन्थ सूचियों के अतिरिक्त हिन्दी एव अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थों के सम्पादन का कार्य भी चल रहा है तथा जिनमें से कवि सधारू कृत प्रद्युम्नचरित, प्राचीन हिन्दी पद सग्रह, हिन्दी भाषा की प्राचीन रचनाये, महाकवि नयनन्दि कृत सुदसणचरिउ एव राजस्थान के जैन मूर्त्तिलेख एवं शिलालेख आदि पुस्तकें प्रायः तैय्यार हैं तथा जिन्हें शीघ्र ही प्रकाशित करवाने की व्यवस्था की जा रही है।

हमारे इस साहित्य प्रकाशन के छोटे से प्रयत्न से भारतीय साहित्य एव विशेषत जैन साहित्य को कितना लाभ पहुँचा है यह बताना तो कुछ कठिन है किन्तु समय समय पर जो रिसर्चस्कालर्स जयपुर के जैन भण्डारों को देखने के लिये आने लगे हैं इससे पता चलता है कि सूचियों के प्रकाश मे आने से जैन शास्त्र भण्डारों के अवलोकन की ओर जैन एवं जैनेतर विद्वानों का ध्यान जाने लगा है तथा वे खोजपूर्ण पुस्तकों के लेखन मे जैन भण्डारों के ग्रन्थों का अवलोकन भी आवश्यक समझने लगे हैं।

सूचिया बनाने का एक और लाभ यह होता है कि जो भण्डार वर्षों से बन्द पडे रहते हैं वे भी खुल जाते हैं और उनको व्यवस्थित बना दिया जाता है जिससे उनसे फिर सभी लाभ उठा सकें। यहाँ

हम समाज से एक निवेदन करना चाहते हैं कि यदि राजस्थान अथवा अन्य स्थानों मे प्राचीन शास्त्र भण्डार हों तो वे हमें सूचित करने का कष्ट करें। जिससे हम वहां के भण्डारों की ग्रन्थ सूची तैयार करवा सकें। तथा उसे प्रकाश मे ला सकें।

क्षेत्र के सीमित साधनों को देखते हुये साहित्य प्रकाशन का भारी कार्य जल्दी से नहीं हो रहा है इसका हमें भी दुःख है लेकिन भविष्य में यही आशा की जाती है कि इस कार्य में और भी तैजी आवेगी और हम अधिक से अधिक ग्रन्थों को प्रकाशित कराने का प्रयत्न करेंगे।

अन्त मे हम बधीचन्दजी एवं ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार के व्यवस्थापकों को धन्यवाद दिये विना नहीं रह सकते जिन्होंने हमें शास्त्रों की सूची बनाने एवं समय समय पर ग्रन्थ देखने की पूरी सुविधाएं प्रदान की है।

बधीचन्द गंगवाल

जयपुर
ता० १५-६-५७

प्रस्तावना

राजस्थान प्राचीन काल से ही साहित्य का केन्द्र रहा है। इस प्रदेश के शासकों से लेकर साधारण जनों तक ने इस दिशा में प्रशंसनीय कार्य किया है। कितने ही राजा महाराजा स्वयं साहित्यिक थे तथा साहित्य निर्माण में रस लेते थे। उन्होंने अपने राज्यों में होने वाले कवियों एवं विद्वानों को आश्रय दिया तथा बड़ी बड़ी पदवियां देकर सम्मानित किया। अपनी अपनी राजधानियों मे हस्तलिखित ग्रंथ संग्रहालय स्थापित किये तथा उनकी सुरक्षा करके प्राचीन साहित्य की महत्त्वपूर्ण निधि को नष्ट होने से बचाया। यही कारण है कि आज भी राजस्थान मे कितने ही स्थानों पर विशेषत. जयपुर, अलवर, बीकानेर आदि स्थानों पर राज्य के पोथीखाने मिलते हैं जिनमे संस्कृत, हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा का महत्त्वपूर्ण साहित्य संग्रहीत किया हुआ है। यह सब कार्य राज्य-स्तर पर किया गया। किन्तु इसके विपरीत राजस्थान के निवासियों ने भी पूरी लगन के साथ साहित्य एवं साहित्यिकों की उल्लेखनीय सेवायें की हैं और इस दिशा मे ब्राह्मण परिवारों की सेवाओं से भी अधिक जैन यतियों एवं गृहस्थों की सेवा अधिक प्रशंसनीय रही है। उन्होंने विद्वानों एवं साधुओं से अनुरोध करके नवीन साहित्य का निर्माण करवाया। पूर्व निर्मित साहित्य के प्रचार के लिये ग्रंथों की प्रतिलिपियां करवायी गयी तथा उनको स्वाध्याय के लिये शास्त्र भण्डारों मे विराजमान की गयी। जन साधारण के लिये नये नये ग्रंथों की उपलब्धि की गयी, प्राचीन एवं अनुपलब्ध साहित्य का संग्रह किया गया तथा जीर्ण एवं शीर्ण ग्रंथों का जीर्णोद्धार करवा कर उन्हें नष्ट होने से बचाया। उधर साहित्यिकों ने भी अपना जीवन साहित्य सेवा में होम दिया। दिन रात वे इसी कार्य में जुटे रहे। उनको अपने खान-पान एव रहन-सहन की कुछ भी चिन्ता न थी। महापंडित टोडरमलजी के सम्बन्ध मे तो यह किम्वदन्ती है कि साहित्य-निर्माण मे व्यस्त रहने के कारण ६ मास तक उनके भोजन में नमक नहीं डाला गया किन्तु इसका उनको पता भी न लगा। ऐसे विद्वानों के कारण ही विशाल साहित्य का निर्माण हो सका जो हमारे लिये आज अमूल्य निधि है। इसके अतिरिक्त कुछ साहित्यसेवी जो अधिक विद्वान् नहीं थे वे प्राचीन ग्रंथों की प्रतिलिपियां करके ही साहित्य सेवा का महान पुण्य उपार्जन करते थे। राजस्थान के जैन शास्त्र-भण्डारों मे ऐसे साहित्य-सेवियों के हजारों शास्त्र संग्रहीत हैं। विज्ञान के इस स्वर्णयुग मे भी हम प्रकाशित ग्रंथों को शास्त्र-भण्डारों मे इसलिये संग्रह करना नहीं चाहते कि उनका स्वाध्याय करने वाला कोई नहीं है किन्तु हमारे पूर्वजों ने इन शास्त्र भण्डारों में शास्त्रों का संग्रह केवल एक मात्र साहित्य सेवा के आधार पर किया था न कि स्वाध्याय करने वालों की संख्या को देख कर। क्योंकि यदि ऐसा होता तो आज इन शास्त्र भण्डारों में इतने वर्षो के पश्चात् भी हमे हजारों की संख्या में हस्तलिखित ग्रन्थ सग्रहीत किये हुये नहीं मिलते।

जैन सघ की इस अनुकरणीय एव प्रशंसनीय साहित्य सेवा के फलस्वरूप राजस्थान के गांवों, कस्बों एवं नगरो मे ग्रंथ सग्रहालय स्थापित किये गये तथा उनकी सुरक्षा एव सरक्षण का सारा भार उन्हीं स्थानों पर रहने वाले जैन श्रावकों को दिया गया। कुछ स्थानों के भण्डार भट्टारकों, यतियों एव पांड्यों के अधिकार मे रहे। ऐसे भण्डार श्वेताम्वर जैन समाज मे अधिक हैं। राजस्थान में आज भी करीब ३०० गांव, कस्बे तथा नगर आदि होंगे जहाँ जैन शास्त्र सग्रहालय मिलते हैं। यह तीन सौ की सख्या स्थानों की सख्या है भण्डारों की नहीं। भण्डार तो किसी एक स्थान मे दो तीन से लेकर २५–३० तक पाये जाते हैं। जयपुर मे ३० से अधिक भण्डार हैं, पाटन मे बीस से अधिक भण्डार हैं तथा बीकानेर आदि स्थानों मे दस पन्द्रह के आस पास होंगे। सभी भण्डारों मे शास्त्रों की सख्या भी एक सी नहीं है। यदि किसी किसी भण्डार मे पन्द्रह हजार तक ग्रन्थ हैं तो किसी मे दो सौ तीन सौ भी हैं। भण्डारों की आकार प्राकार के साथ साथ उनका महत्त्व भी अनेक दृष्टियों से भिन्न भिन्न है। यदि किसी भण्डार में प्राचीन प्रतियों का अधिक सग्रह है तो दूसरे भण्डार मे किसी भाषा विशेष के ग्रंथों का अधिक सग्रह है। यदि किसी भण्डार मे सैद्धान्तिक एव धार्मिक ग्रन्थों का अधिक सग्रह है तो किसी भण्डार मे काव्य, नाटक, रासा, व्याकरण, ज्योतिष आदि लौकिक साहित्य का अधिक सग्रह है। इनके अतिरिक्त किसी किसी भण्डार मे जैनेतर साहित्य का भी पर्याप्त सग्रह मिलता है।

साहित्य सग्रह की इस दिशा मे राजस्थान के अन्य स्थानों की अपेक्षा जयपुर, नागौर, जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर आदि स्थानों के भण्डार सख्या, प्राचीनता, साहित्य-समृद्धि एव विषय-वैचित्र्य आदि सभी दृष्टियों से उल्लेखनीय हैं। राजस्थान के इन भण्डारों मे, ताडपत्र, कपडा, और कागज इन तीनों पर ही ग्रथ मिलते हैं किन्तु ताडपत्र के ग्रथ तो जैसलमेर के भण्डारों में ही मुख्यतया सग्रहीत हैं अन्य स्थानों मे उनकी संख्या नाम मात्र की है। कपडे पर लिखे हुये ग्रथ भी बहुत कम सख्या में मिलते हैं। अभी जयपुर के पार्श्वनाथ ग्रथ भण्डार में कपडे पर लिखा हुआ सवत् १५१६ का एक ग्रथ मिला है। इसी तरह के ग्रथ अन्य भण्डारों मे भी मिलते हैं लेकिन उनकी सख्या भी बहुत कम है। सबसे अधिक सख्या कागज पर लिखे हुये ग्रथों की है जो सभी भण्डारों मे मिलते हैं तथा जो १३ वीं शताब्दी से मिलने लगते हैं। जयपुर के एक भण्डार मे सवत् १३१९ (सन् १२६२) का एक ग्रंथ कागज पर लिखा हुआ सुरक्षित है।

यद्यपि जयपुर नगर को वसे हुये करीब २२५ वर्ष हुये हैं किन्तु यहाँ के शास्त्र-भण्डार सख्या, प्राचीनता, साहित्य-समृद्धि एव विषय वैचित्र्य आदि सभी दृष्टियों से उत्तम हैं। वैसे तो यहा के प्राय प्रत्येक मन्दिर एव चैत्यालय मे शास्त्र सग्रह किया हुआ मिलता है किन्तु आमेर शास्त्र भण्डार, बडे मन्दिर का शास्त्र भण्डार, बाबा दुलीचन्द का शास्त्र भण्डार, ठोलियों के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, बधीचन्दजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, पाडे लूणकरणजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, गोधों के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, पार्श्वनाथ के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, पाटोदी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, लश्कर के मन्दिर

का शास्त्र भण्डार, छोटे दीवान जी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, सघीजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, छाबडों के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, जोबनेर के मन्दिर का शास्त्र भण्डार, नया मन्दिर का शास्त्र भण्डार आदि कुछ ऐसे शास्त्र भण्डार हैं जिनमे संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी, भाषाओं के महत्त्व-पूर्ण साहित्य का संग्रह है। उक्त भण्डारों की प्राय सभी की ग्रंथ सूचियां तैय्यार की जा चुकी हैं जिससे पता चलता है कि इन भण्डारों मे कितना अपार साहित्य सकलित किया हुआ है। राजस्थान के ग्रंथ भण्डारों के छोटे से अनुभव के आधार पर यह लिखा जा सकता है कि अपभ्रंश एवं हिन्दी की विभिन्न धाराओं का जितना अधिक साहित्य जयपुर के इन भण्डारों में संग्रहीत है उतना राजस्थान के अन्य भण्डारों मे संभवत. नहीं है। इन ग्रन्थ भण्डारों की ग्रन्थ सूचियां प्रकाशित हो जाने के पश्चात् विद्वानों को इस दिशा मे अधिक जानकारी मिल सकेगी।

ग्रंथ सूची का तृतीय भाग विद्वानों के समक्ष है। इसमें जयपुर के दो प्रसिद्ध भण्डार—बधी-चन्दजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार एव ठोलियों के मन्दिर का शास्त्र भण्डार—के ग्रंथों का संक्षिप्त परिचय उपस्थित किया गया है। ये दोनों भण्डार नगर के प्रसिद्ध एवं महत्त्वपूर्ण भण्डारों में से है।

बधीचन्दजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार—

बधीचन्दजी का दि० जैन मन्दिर जयपुर के जैन पञ्चायती मन्दिरों मे से एक मन्दिर है। यह मन्दिर गुमानपन्थ के आम्नाय का है। गुमानीरामजी महापडित टोडरमलजी के सुपुत्र थे जिन्होंने अपना अलग ही गुमानपन्थ चलाया था। यह पन्थ दि० जैनों के तेरहपन्थ से भी अधिक सुधारक है तथा भट्टारकों द्वारा प्रचलित शिथिलाचार का कट्टर विरोधी है। यह विशाल एवं कलापूर्ण मन्दिर नगर के जौंहरी बाजार के घी वालों के रास्ते मे स्थित है। काफी समय तक यह मन्दिर पं० टोडरमलजी, गुमानी-रामजी की साहित्यिक प्रवृत्तियों का केन्द्रस्थल रहा है। पं० टोडरमलजी ने यहीं बैठकर गोमट्टसार, आत्मानु-शासन जैसे महान् ग्रंथों की हिन्दी भाषा एवं मोक्षमार्गप्रकाश जैसे महत्त्वपूर्ण सैद्धान्तिक ग्रन्थ की रचना की थी। आज भी इस भण्डार मे मोक्षमार्गप्रकाश, आत्मानुशासन एव गोमट्टसार भाषा की मूल प्रतिया जिनको पंडितजी ने अपने हाथों से लिखा था, संग्रहीत हैं।

पञ्चायती मन्दिर होने के कारण तथा जयपुर के विद्वानों की साहित्यिक प्रगतियों का केन्द्र होने के कारण यहाँ का शास्त्र भण्डार अधिक महत्त्वपूर्ण है। यहाँ सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश हिन्दी, राजस्थानी एव ढूंढारी भाषाओं के ग्रन्थों का उत्तम संग्रह किया हुआ मिलता है। इन हस्तलिखित ग्रन्थों की सख्या १२७८ है। इनमे १६२ गुटके तथा शेष १११६ ग्रंथ हैं। हस्तलिखित ग्रंथ सभी विषय के हैं जिनमें सिद्धान्त, धर्म एव आचार शास्त्र, अध्यात्म, पूजा, स्तोत्र आदि विषयों के अतिरिक्त, काव्य, चरित, पुराण, कथा, नीतिशास्त्र, सुभाषित आदि विषयों पर भी अच्छा सग्रह है। लेखक प्रशस्ति सग्रह में ४० लेखक प्रशस्तियां इसी भण्डार के ग्रन्थों पर से दी गयी हैं। इनसे पता चलता है कि भण्डार मे

१५ वीं शताब्दी से लेकर १६ वीं शताब्दी तक की प्रतियों का अच्छा समह है। ये प्रतियां सम्पादन कार्य में काफी सहायक सिद्ध हो सकती है। हेमराज कृत प्रवचनसार भापा एवं गोमट्टसार कर्मकाण्ड भापा, वनारसीदास का समयसार नाटक, भ० शुभचन्द्र का चारित्रशुद्धि विधान, पं० लाखू का जिणदत्तचरित्र, पं० टोडरमलजी द्वारा रचित गोमट्टसार भापा, आदि कितने ही ग्रन्थों की तो ऐसी प्रतियां है जो अपने अस्तित्व के कुछ वर्षों पश्चात् की ही लिखी हुई हैं। इनके अतिरिक्त कुछ ग्रन्थों की ऐसी प्रतिया भी है जो ग्रन्थ निर्माण के काफी समय के पश्चात् लिखी होने पर भी महत्त्वपूर्ण हैं। ऐसी प्रतियों मे स्वयम्भू का हरिवशपुराण, प्रभाचन्द्र की आत्मानुशासन टीका, महाकवि वीर कृत जम्बूस्वामीचरित्र, कवि सधारू का प्रद्युम्नचरित, नन्द का यशोधर चरित्र, मल्लकवि कृत प्रबोधचन्द्रोदय नाटक, सुखदेव कृत वणिकप्रिया, वशीधर की दस्तूरमालिका, पूज्यपाद कृत सर्वार्थसिद्धि आदि उल्लेखनीय है।

भण्डार मे सवसे प्राचीन प्रति वड्ढमाणकाव्य की वृत्ति की है जो सवत् १४८१ की लिखी हुई है। यह प्रति अपूर्ण है। तथा सवसे नवीन प्रति मवत् १६८७ की अढाई द्वीप पूजा की है। इस प्रकार गत ५०० वर्षो मे लिखा हुआ साहित्य का यहाँ उत्तम संग्रह है। भण्डार मे मुख्य रूप मे आमेर एवं सागानेर इन दो नगरों से आये हुये ग्रन्थ हैं जो अपने २ समय मे जैनों के केन्द्र थे।

ठोलियों के दि० जैन मन्दिर का शास्त्र भण्डार—

ठोलियों के मन्दिर का शास्त्र भण्डार भी ठोलियों के दि० जैन मन्दिर में स्थित है। यह मन्दिर भी जयपुर के सुन्दर एव विशाल मन्दिरों मे से एक है। मन्दिर मे विराजमान बिल्लोरी पाषाण की सुन्दर मूर्त्तिया दर्शनार्थियों के लिये विशेप आकर्पण की वस्तु है। जयपुर के किसी ठोलिया परिवार द्वारा निर्मित होने के कारण यह मन्दिर ठोलियों के मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है। मन्दिर पञ्चायती मन्दिर तो नहीं है किन्तु नगर के प्रमुख मन्दिरों मे से एक है। यहाँ का शास्त्र भण्डार एक नवीन एव भव्य कमरे मे विराजमान है। शास्त्र भण्डार के सभी ग्रन्थ वेष्टनों मे बधे हुये हैं एव पूर्ण व्यवस्था के साथ रखे हुये है जिससे आवश्यकता पडने पर उन्हें सरलता से निकाला जा सकता है। पहिले गुटके की कोई व्यवस्था नहीं थी तथा न उनकी सूची ही वनी हुई थी किन्तु अव उनको भी व्यवस्थित रूप से रख दिया गया है।

ग्रन्थ भण्डार मे ५१५ ग्रन्थ तथा १४३ गुटके हैं। यहाँ पर प्राचीन एव नवीन दोनों ही प्रकार की प्रतियों का सग्रह है जिससे पता चलता है कि भण्डार के व्यवस्थापकों का ध्यान सदैव ही हस्तलिखित ग्रन्थों के सग्रह की ओर रहा है। इस भण्डार मे ऐसा अच्छा सग्रह मिल जावेगा ऐसी आशा सूची वनाने के प्रारम्भ मे नहीं थी। किन्तु वास्तव मे देखा जावे तो सग्रह अधिक न होने पर भी महत्त्वपूर्ण है और भापा साहित्य के इतिहास की कितनी ही कडिया जोडने वाला है। यहाँ पर मुख्यत सस्कृत और हिन्दी इन दो भापाओं के ग्रन्थों का ही अधिक सग्रह है। भण्डार मे सवसे प्राचीन प्रति ब्रह्मदेव कृत द्रव्यसंग्रह टीका की है जो सवत् १४१६ (सन् १३५६) की लिखी हुई है। इसके अतिरिक्त योगीन्द्रदेव

का परमात्मप्रकाश सटीक, हेमचन्द्राचार्य का शब्दानुशासनवृत्ति एव पुष्पदन्त का आदिपुराण आदि रचनाओं की भी प्राचीन प्रतियां उल्लेखनीय हैं। यहाँ पर पूजापाठ संग्रह का एक गुटका है जिसमें ४७ पूजाओं का संग्रह है। गुटका प्राचीन है। प्रत्येक पूजा का मण्डल चित्र दिया हुआ है। जो रंगीन एव सुन्दर है। इस सचित्र ग्रन्थ के अतिरिक्त वेष्टनों के २ पुट्ठे ऐसे मिले हैं जिनमे से एक पर तो २४ तीर्थंकरों के चित्र अकित हैं तथा दूसरे पट्ठे पर केवल वेल बूटे हैं।

भण्डार में संग्रहीत गुटके बहुत महत्त्व के हैं। हिन्दी की अधिकांश सामग्री इन्हीं गुटकों में प्राप्त हुई है। भ० शुभचन्द्र, मेघराज, रघुनाथ, ब्रह्म जिनदास आदि कवियों की कितनी ही नवीन रचनाये प्राप्त हुई हैं जिनको हिन्दी साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा। इनके अतिरिक्त भण्डार मे २ रासो मिले है जो ऐतिहासिक हैं तथा दिगम्बर भण्डारों में उपलब्ध होने वाले ऐसे साहित्य में सर्वप्रथम रासो हैं। इनमें एक पर्वत पाटणी का रासो है जो १६ वीं शताब्दी में होने वाले पर्वत पाटणी के जीवन पर प्रकाश डालता है। दूसरा कृष्णदास वघेरवाल का रासो है जो कृष्णदास के जीवन पर तथा उनके द्वारा किये गये चान्दखेडी में प्रतिष्ठा महोत्सव पर विस्तृत प्रकाश डालता है। इसी प्रकार सवत् १७३३ मे लिखित एक भट्टारक पट्टावलि भी प्राप्त हुई है जो हिन्दी में इस प्रकार की प्रथम पट्टावलि है तथा भट्टारक परम्परा पर प्रकाश डालती है।

भण्डारों में उपलब्ध नवीन साहित्य—

जैसा कि पहिले कहा जा चुका है दोनों शास्त्र भण्डार ही हिन्दी रचनाओं के संग्रह के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। १४ वीं शताब्दी से लेकर २० वीं शताब्दी तक जैन एवं जैनेतर विद्वानों द्वारा निर्मित हिन्दी साहित्य का यहां अच्छा सग्रह है। हिन्दी साहित्य की नवीन कृतियों मे कवि सुधारु का प्रद्युम्न चरित, (स० १४११) कवि वीर कृत मणिहार गीत, आज्ञासुन्दर की विद्याविलास चौपई (१५१६), मुनि कनकामर की ग्यारहप्रतिमावर्णन, पद्मनाभ कृत डूंगर की बावनी (१५४३), विनयसमुद्र कृत विक्रमप्रबन्ध रास (१५७३) छीहल का उदर गीत एवं पद, ब्रह्म जिनदास का आदिनाथस्तवन, ब्र० कामराज कृत त्रेसठ शलाकापुरुपवर्णन, कनकसोम की जइतपदवेलि (१६२५), कुमदचन्द्र एवं पूनो की पद एव विनतियां आदि उल्लेखनीय हैं। ये १४ वीं से लेकर १६ वीं शताब्दी के कुछ कवि हैं जिनकी रचनायें दोनों भण्डारों मे प्राप्त हुई है। इसी प्रकार १७ वीं शताब्दी से १६ वीं शताब्दी के कवियों की रचनाओं मे ब्र० गुलाल की विवेक चौपई, उपाध्याय जयसागर की जिनकुशलसूरि स्तुति, जिनरंगसूरि की प्रबोधबावनी एव प्रस्ताविक दोहा, ब्र० ज्ञानसागर का व्रतकथाकोश, टोडर कवि के पद, पदमराज का राजुल का बारहमासा एवं पार्श्वनाथस्तवन, नन्द की यशोधर चौपई (१६७०), पोपटशाह कृत मदनमंजरी कथा प्रबन्ध, बनारसीदास कृत माझा, मनोहर कवि की चिन्तामणि मनबावनी, लघु बावनी एवं सुगुरुसीख, मल्लकवि कृत प्रबोधचन्द्रोदयनाटक, मुनि मेघराज कृत संयम प्रवहणगीत (१६६८), रूपचन्द का अध्यात्म सवैय्या, भ० शुभचन्द्र कृत तत्त्वसार-

दोहा; समयसुन्दर का आत्मउपदेशगीत, क्षमाबत्तीसी एवं दानशीलसवाद, सुखदेव कृत वणिकप्रिया, (१७१७) हर्षकीर्त्ति का नेमिनाथराजुलगीत, नेमीश्वरगीत, एवं मोरडा; अजयराज कृत नेमिनाथचरित (१७६३) एव यशोधर चौपई (१७६२), कनककीर्त्ति का मेघकुमारगीत, गोपालदास का प्रमादीगीत एव यदुरासो, थानसिंह का रत्नकरण्ड श्रावकाचार एवं सुबुद्धिप्रकाश (१८४७) दादूदयाल के दोहे, दूलह कवि का कविकुलकण्ठाभरण, नगरीदास का इश्कचिमन, एव वैनविलास, वशीधर कृत दस्तूरमालिका, भगवानदास के पद, मनराम द्वारा रचित अक्षरमाला, मनरामविलास, एवं धर्मसहेली, मुनि महेस की अक्षरबत्तीसी, रघुनाथ का गणभेद, ज्ञानसार, नित्यविहार एवं प्रसंगसार, श्रुतसागर का षट्मालवर्णन (१८२१), हेमराज कृत दोहाशतक, केशरीसिंह का वर्द्धमानपुराण (१८७३) चपाराम का धर्मप्रश्नोत्तरश्रावकाचार, एवं भद्रबाहुचरित्र, बाबा दुलीचन्द कृत धर्मपरीक्षा भाषा आदि उल्लेखनीय हैं। ये रचनायें काव्य, पुराण, चरित, नाटक, रस एव अलकार अर्थशास्त्र, इतिहास आदि सभी विषयों से सम्बन्धित हैं। इनमें से बहुत सी तो ऐसी रचनायें हैं। जो सम्भवत सर्व प्रथम विद्वानों के समक्ष आयी होंगी।

सचित्र साहित्य—

दोनों भण्डारों मे हिन्दी एव अपभ्रंश का महत्त्वपूर्ण साहित्य उपलब्ध होते हुये सचित्र साहित्य का न मिलना जैन श्रावकों एवं विद्वानों की इस ओर उदासीनता प्रगट करती है। किन्तु फिर भी ठोलियों के मन्दिर मे एक पूजा संग्रह प्राप्त हुआ है जो सचित्र है। इसमे पूजा के विधानों के मडल चित्रित किये हुये हैं। चित्र सभी रगीन है एव कला पूर्ण भी हैं। इसी प्रकार एक शास्त्र के पुट्ठे पर चौबीस तीर्थंकरों के चित्र दिये हुये हैं। सभी रगीन एवं कला पूर्ण हैं। यह पुट्ठा १६ वीं शताब्दी का प्रतीत होता है।

विद्वानों द्वारा लिखे हुये ग्रन्थ—

इस दृष्टि से बधीचन्दजी के मन्दिर का शास्त्र भण्डार उल्लेखनीय है। यहाँ पर महा पडित टोडरमलजी द्वारा लिखित मोक्षमार्गप्रकाश एवं आत्मानुशासन भाषा एव गोमट्टसार भाषा की प्रतिया सुरक्षित हैं। ये प्रतियां साहित्यिक दृष्टि से नहीं किन्तु इतिहास एवं पुरातत्त्व की दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

विशाल पद साहित्य—

दोनों भण्डारों के गुटकों मे हिन्दी कवियों द्वारा रचित पदों का विशाल संग्रह है। इन कवियों की सख्या ६० है जिनमें कबीरदास, वृन्द, सुन्दर, सूरदास आदि कुछ कवियों के अतिरिक्त शेष सभी जैन कवि हैं। इनमे अजयराज, छीहल, जगजीवन, जगतराम, मनराम, रूपचन्द, हर्षकीर्त्ति आदि के नाम उल्लेखनीय है। इन कवियों द्वारा रचित हिन्दी पद भाषा एवं भाव की दृष्टि से अच्छे हैं तथा जिनका प्रकाश में आना आवश्यक है। क्षेत्र के अनुसन्धान विभाग की ओर से ऐसे पद एव भजनों का संग्रह

किया जा रहा है और शीघ्र ही करीब २५०० पदों का एक वृहद् संग्रह प्रकाशित करने का विचार है। जिससे कम से कम यह तो पता चल सकेगा कि जैन विद्वानों ने इस दिशा में कितना महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

गुटकों का महत्त्व—

वास्तव में यदि देखा जावे तो जितना भी महत्त्वपूर्ण एव अनुपलब्ध साहित्य मिलता है उसका अधिकांश भाग इन्हीं गुटकों में संग्रहीत किया हुआ है। जैन श्रावकों को गुटकों में छोटी छोटी रचनाये संग्रहीत करवाने का बडा चाव था। कभी कभी तो वे स्वयं ही संग्रह कर लिया करते थे और कभी अन्य लेखकों के द्वारा संग्रह करवाते थे। इन दोनों भण्डारों में भी जितना हिन्दी का नवीन साहित्य मिला है उसका आधे से अधिक भाग इन्हीं गुटकों में संग्रह किया हुआ है। दोनों भण्डारों में गुटकों की संख्या ३०५ है। यद्यपि इन गुटकों में सर्वसाधारण के काम आने वाले स्तोत्र, पूजायें, कथायें आदि की ही अधिक संख्या है किन्तु महत्त्वपूर्ण साहित्य भी इन्हीं गुटकों में उपलब्ध होता है। गुटके सभी साइज के मिलते हैं। यदि किसी गुटके मे १८–२० पत्र ही हैं तो किसी किसी गुटके में ४००–५०० पत्र तक हैं। ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार के एक गुटके में ६५४ पत्र है, जिनमें ४७ पूजाओं का संग्रह किया हुआ है। कुछ गुटकों में तो लेखनकाल उसके अन्त मे दिया हुआ होता है किन्तु कुछ गुटकों में बीच बीच में भी लेखन-काल दे दिया जाता है, अर्थात् जैसे जैसे पाठ समाप्त होते जाते हैं वैसे वैसे लेखनकाल भी दे दिया जाता है।

इन गुटकों में साहित्यिक एवं धार्मिक रचनाओं के अतिरिक्त आयुर्वेद के नुसखे भी बहुत मिलते हैं। यदि इन्ही नुसखों के आधार पर कोई खोज की जावे तो वह आयुर्वेदिक साहित्य के लिये महत्त्वपूर्ण चीज प्रमाणित हो सकती है। ये नुसखे हिन्दी भाषा में, अनुभव के आधार पर लिखे हुये हैं।

आयुर्वेदिक साहित्य के अतिरिक्त किसी किसी गुटके में ऐतिहासिक सामग्री भी मिल जाती है। यह सामग्री मुख्यतः राजाओं अथवा बादशाहों की वंशावलि के रूप में होती है। कौन राजा कब राज्य सिंहासन पर बैठा तथा उसने कितने वर्ष, कितने महिने एवं कितने दिन तक शासन किया आदि विवरण दिया हुआ रहता है।

ग्रन्थ-सूची के सम्बन्ध में—

प्रस्तुत ग्रन्थ-सूची में जयपुर के केवल दो शास्त्र भण्डारों की सूची है। हमारा विचार तो एक भण्डार की और सूची देना था लेकिन ग्रन्थ सूची के अधिक पत्र हो जाने के डर से नहीं दिया गया। प्रस्तुत ग्रन्थ सूची में जिन नवीन रचनाओं का उल्लेख आया है उनके आदि अन्त भाग भी दे दिये गये हैं जिससे विद्वानों को ग्रन्थ की भाषा, रचनाकाल, एवं ग्रन्थकार के सम्बन्ध मे कुछ परिचय मिल सकें।

इसके अतिरिक्त जो लेखक प्रशस्तियां अधिक प्राचीन एवं महत्त्वपूर्ण थी उन्हें भी ग्रन्थ सूची मे दे दिया गया है। इस प्रकार सूची मे १०६ ग्रन्थ प्रशास्तिया एवं ५५ लेखक प्रशस्तियां दी गयी हैं जो स्वयं एक पुस्तक के रूप में हैं।

प्रस्तुत सूची में एक और नवीन ढग अपनाया गया है वह यह है कि अधिकांश ग्रन्थों की एक प्रति का ही सूची मे परिचय दिया गया है। यदि उस ग्रन्थ की एक से अधिक प्रतियॉ हैं तो विशेप मे उनकी संख्या को ही लिख दिया गया है लेकिन यदि दूसरी प्रति भी महत्वपूर्ण अथवा विशेष प्राचीन है तो उस प्रति का भी परिचय सूची में दे दिया गया है। इस प्रकार करीब ५०० प्रतियों का परिचय ग्रन्थ-सूची मे नहीं दिया गया जो विशेप महत्त्वपूर्ण प्रतिया नहीं थी।

कुछ विद्वानों का यह मत है कि प्रत्येक भण्डार की ग्रन्थ सूची न होकर एक सूची मे १०-१५ भण्डारों की सूची हो तथा एक ग्रन्थ किस किस भण्डार मे मिलता है इतना मात्र उसमें दे दिया जावे जिससे प्रकाशन का कार्य भी जल्दी हो सके तथा भण्डारों की सूचियां भी आजावें। हमने इस शैली को अभी इसीलिये नहीं अपनाया कि इससे भण्डारों का जो भिन्न भिन्न महत्त्व है तथा उनमे जो महत्त्वपूर्ण प्रतिया हैं उनका परिचय ऐसी ग्रन्थ सूची मे नहीं आसकेगा। यह तो अवश्य है कि वहुत से ग्रन्थ तो प्रत्येक भण्डार मे समान रूप से मिलते हैं तथा ग्रन्थ सूचियों मे वार वार मे आते हैं जिससे कोई विशेष अर्थ प्राप्त नहीं होता। आशा है भविष्य मे सूची प्रकाशन का यह कार्य किस दिशा में चलना चाहिये इस पर इस सम्बन्ध के विशेषज्ञ विद्वान् अपनी अमूल्य परामर्श से हमें सूचित करेंगे जिससे यदि अधिक लाभ हो सके तो उसी के अनुसार कार्य किया जा सके।

ग्रन्थ सूची वनाने का कार्य कितना जटिल है यह तो वे ही जान सकते हैं जिन्होंने इस दिशा में कार्य किया हो। इसलिये कमियां रहना आवश्यक हो जाता है। कौनसा ग्रन्थ पहिले प्रकाश में आ चुका है तथा कौनसा नवीन है इसका भी निर्णय इस सम्बन्ध की प्रकाशित पुस्तकें न मिलने के कारण जल्दी से नहीं किया जा सकता इससे यह होता है कि कभी कभी प्रकाश में आये हुये ग्रन्थ नवीन समझने की गल्ती हो जाया करती है। प्रस्तुत ग्रन्थ सूची में यदि ऐसी कोई अशुद्धि हो गयी हो तो विद्वान् पाठक हमें सूचित करने का कष्ट करेंगे।

दोनों भण्डारों में जो महत्त्वपूर्ण कृतियां प्राप्त हुई है उनके निर्माण करने वाले विद्वानों का परिचय भी यहां दिया जा रहा है। यद्यपि इनमें से वहुत से विद्वानों के सम्बन्ध में तो हम पहिले से ही जानते हैं किन्तु उनकी जो अभी नवीन रचनायें मिली हैं उन्हीं रचनाओं के आधार पर उनका संक्षिप्त परिचय दिया गया है। आशा है इस परिचय से हिन्दी साहित्य के इतिहास निर्माण में कुछ सहायता मिल सकेगी।

१. अचलकीर्त्ति

अचलकीर्त्ति १८ वीं शताब्दी के हिन्दी कवि थे। विषापहार स्तोत्र भाषा इनकी प्रसिद्ध रचना है जिसका समाज मे अच्छा प्रचार है। अभी जयपुर के बधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में कर्म-बत्तीसी नाम की एक और रचना प्राप्त हुई है जो संवत् १७७७ में पूर्ण हुई थी। इन्होंने कर्मबत्तीसी में पावा नगरी एवं वीर संघ का उल्लेख किया है। इनकी एक रचना रविव्रतकथा देहली के भण्डार मे संग्रहीत है।

२. अजयराज

१८ वीं शताब्दी के जैन साहित्य सेवियों में अजयराज पाटणी का नाम उल्लेखनीय है। ये खण्डेलवाल जाति मे उत्पन्न हुये थे तथा पाटणी इनका गोत्र था। पाटणीजी आमेर के रहने वाले तथा धार्मिक प्रकृति के प्राणी थे। ये हिन्दी एवं संस्कृत के अच्छे ज्ञाता थे। इन्होंने हिन्दी में कितनी ही रचनायें लिखी थी। अब तक छोटी और बडी २० रचनाओं का तो पता लग चुका है इनमें से आदि पुराण भाषा, नेमिनाथचरित्र, यशोधरचरित्र, चरखा चउपई, शिव रमणी का विवाह, कक्काबत्तीसी आदि प्रमुख हैं। इन्होंने कितनी ही पूजायें भी लिखी हैं। इनके द्वारा लिखे हुये हिन्दी पद भी पर्याप्त सख्या में मिलते हैं। कवि ने हिन्दी में एक जिनजी की रसोई लिखी है जिसमें षट् रस व्यंजन का अच्छा वर्णन किया गया है।

अजयराज हिन्दी साहित्य के अच्छे विद्वान् थे। इनकी रचनाओं में काव्यत्व के दर्शन होते हैं। इन्होंने आदिपुराण को संवत् १७६७, में यशोधरचौपई को १७९२ में तथा नेमिनाथचरित्र को संवत् १७९३ में समाप्त किया था।

३. ब्रह्म अजित

ब्रह्म अजित संस्कृत भाषा के अच्छे विद्वान् थे। हनुमच्चरित में इनकी साहित्य निर्माण की कला स्पष्ट रुप से देखी जा सकती है। ये गोलश्रृंगार वंश मे उत्पन्न हुये थे। माता का नाम पीथा तथा पिता का नाम वीरसिंह था। भृगुकच्छपुर में नेमिनाथ के जिन मन्दिर में इनका मुख्य रूप से निवास था। ये भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति के प्रशिष्य एवं विद्यानन्दि के शिष्य थे।

हिन्दी में इन्होंने हंसा भावना नामक एक छोटी सी आध्यात्मिक रचना लिखी थी। रचना में ३७ पद्य हैं जिनमें संसार का स्वरूप तथा मानव का वास्तविक कर्त्तव्य क्या है, उसे क्या करना चाहिये तथा किसे छोडना चाहिये आदि पर प्रकाश डाला है। हंसा भावना अच्छी रचना है, तथा भाषा एवं शैली दोनों ही दृष्टियों से पढने योग्य है। कवि ने इसे अपने गुरु विद्यानन्दि के उपदेश से बनायी थी।

४. अमरपाल

इन्होंने 'आदिनाथ के पंच मंगल' नामक रचना को संवत् १७७२ में समाप्त की थी। रचना मे दिये हुये समय के आधार पर ये १८ वीं शताब्दी के विद्वान् ठहरते हैं। ये खण्डेलवाल जाति मे उत्पन्न हुये थे तथा गंगवाल इनका गोत्र था। देहली के समीप स्थित जयसिंहपुरा इनका निवास स्थान था। आदिनाथ के पचमगल के अतिरिक्त इनकी अन्य रचना अभी तक उपलब्ध नहीं हुई है।

५. आज्ञासुन्दर

ये खरतरगच्छ के प्रधान जिनवर्द्धनसूरि के प्रशिष्य एवं आनन्दसूरि के शिष्य थे। इन्होंने संवत् १५१६ मे विद्याविलास चौपई की रचना समाप्त की थी। इसमें ३६४ पद्य हैं। रचना अच्छी है।

६. उदैराम

उदैराम द्वारा लिखित हिन्दी की २ जखडी अभी उपलब्ध हुई हैं। दोनों ही जखडी ऐतिहासिक हैं तथा भट्टारक अनन्तकीर्ति ने सवत् १७८५ में सांभर (राजस्थान) में जो चातुर्मास किया था उसका उन दोनों में वर्णन किया गया है। दिगम्बर साहित्य में इस प्रकार की रचनायें बहुत कम मिलती हैं इस दृष्टि से इनका अधिक महत्व है। वैसे भाषा की दृष्टि से रचनायें साधारण हैं।

७. ऋषभदास निगोत्या

ऋषभदास निगोत्या का जन्म सवत १८४० के लगभग जयपुर मे हुआ था। इनके पिता का नाम शोभाचन्द था। इन्होंने संवत् १८८८ मे मूलाचार की हिन्दी भाषा टीका सम्पूर्ण की थी। ग्रन्थ की भाषा ढूढारी हैं तथा जिस पर पं० टोडरमलजी की भाषा का प्रभाव है।

८. कनककीर्त्ति

कनककीर्ति १७ वीं शताब्दी के हिन्दी के विद्वान थे। इन्होंने तत्वार्थसूत्र श्रतसागरी टीका पर एक विस्तृत हिन्दी गद्य टीका लिखी थी। इसके अतिरिक्त कर्मघटावलि, जिनराजस्तुति, मेघकुमारगीत, श्रीपालस्तुति आदि रचनायें भी आपकी मिल चुकी है। कनककीर्ति हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे। इनकी भाषा ढूंढारी हैं जिसमे 'है' के स्थान पर "छै" का अधिक प्रयोग हुआ है। गुटकों मे इनके कितने ही पद भी मिले हैं।

९. कनकसोम

कनकसोम १६ वीं शताब्दी के कवि थे। 'जइतपदवेलि' इनकी इतिहास से सम्बन्धित कृति हैं जो सवत १६२५ मे रची गयी थी। वेलि मे उसी सवत् मे मुनि वाचकदया ने आगरे मे जो चातुर्मास किया था उसका वर्णन दिया हुआ है। यह खरतरगच्छ की एक अच्छी पट्टावलि है कवि ने इसमे साधुकीर्त्ति आदि कितने ही विद्वानों के नामों का उल्लेख किया हैं। रचना मे ४९ पद्य हैं। भाषा हिन्दी है लेकिन

गुजराती का प्रभाव है। कवि की एक और रचना आषाढाभूतिस्वाध्याय पहिले ही मिल चुकी है। जो गुजराती में है।

११. मुनि कनकामर

मुनिकनकामर द्वारा लिखित 'ग्यारह प्रतिमा वर्णन' अपभ्रंश भाषा का एक गीत है। कनकामर कौनसे शताब्दी के कवि थे यह तो इस रचना के आधार से निश्चित नहीं होता है। किन्तु इतना अवश्य है कि वे १६ वीं या इससे भी पूर्व की शताब्दी के थे। गीत मे १२ प्रतिमाओं का वर्णन है जिसका प्रथम पद्य निम्न प्रकार है।

मुनिवर जंपइ मृगनयणी, अंसु जल्लोलीइय गिरवयणी।
नवनीलोपलकोमलनयणी, पहु कणयंवर भणमि पई।
किम्म इह लब्भइ सिवपुर रम्मणी, मुनिवर जंपइ मृगनयणी ॥ १ ॥

१२. कुलभद्र

सारसमुच्चय ग्रन्थ के रचयिता श्री कुलभद्र किस शताब्दी तथा किस प्रान्त के थे इसके विषय में कोई उल्लेख नहीं मिलता। किन्तु इतना अवश्य है कि वे १६ वीं शताब्दी के पूर्व के विद्वान् थे। क्योंकि सारसमुच्चय की एक प्रति संवत् १५४५ में लिखी हुई बधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार के संग्रह मे है। रचना छोटी ही है जिसमें ३३० श्लोक हैं। ग्रन्थ का दूसरा नाम ग्रन्थसारसमुचय भी है। ग्रन्थ की भाषा सरल एवं ललित है।

१३. किशनसिंह

ये सवाईमाधोपुर प्रान्त के रामपुरा गांव के रहने वाले थे। खण्डेलजाति में उत्पन्न हुये थे तथा पाटणी इनका गोत्र था। इनके पिता का नाम 'काना' था। ये दो भाई थे। इनसे बडे भाई का नाम सुखदेव था। अपने गांव को छोडकर ये सांगानेर आकर रहने लगे थे, जो बहुत समय तक जैन साहित्यिकों का केन्द्र रहा है। इन्होंने अपनी सभी रचनाये हिन्दी भाषा में लिखी हैं। जिनकी संख्या १५ से भी अधिक है। मुख्य रचनाओं में क्रियाकोशभाषा, (१७८४) पुण्याश्रवकथाकोश, (१७७२) भद्रबाहुचरित भाषा (१७८०) एवं बावनी आदि हैं।

१४. केशरीसिंह

पं० केशरीसिंह भट्टारकों के पंडित थे। इनका मुख्य स्थान जयपुर नगर के लश्कर के जैन मन्दिर मे था। ये वहीं रहा करते थे तथा श्रद्धालु श्रावकों को धर्मोपदेश दिया करते थे। दीवान बालचन्द के सुपुत्र दीवान जयचन्द छाबडा की इन पर विशेष भक्ति थी और उन्हीं के अनुरोध से इन्होंने संस्कृत भाषा में भट्टारक सकलकीर्त्ति द्वारा विरचित वर्द्धमानपुराण की हिन्दी गद्य मे भाषा टीका लिखी थी। पंडित जी ने इसे संवत १८७३ में समाप्त की थी। पुराण की भाषा पर ढूंढारी (जयपुरी) भाषा का प्रभाव है। ग्रन्थ प्रशस्ति के अनुसार पुराण की भाषा का संशोधन वस्तुपाल छाबडा ने किया था।

१४. ब्रह्मगुलाल

ब्रह्मगुलाल हिन्दी भाषा के कवि थे यद्यपि कवि की अब तक छोटी २ रचनायें ही उपलब्ध हुई हैं किन्तु भाव एव भाषा की दृष्टि से ये साधारणतः अच्छी हैं। इनकी रचनाओं में त्रेपनक्रिया, समवसरणस्तोत्र, जलगालनक्रिया, विवेकचौपई आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। विवेकचौपई अभी जयपुर के ठोलियों के मन्दिर में प्राप्त हुई है। कवि १७ वीं शताब्दी के थे।

१५. गोपालदास

गोपालदास की दो छोटी रचनायें यादुरासो तथा प्रमादीगीत जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार के ६७ वें गुटके मे संग्रहीत हैं। गुटके के लेखनकाल के आधार पर कवि १७ वीं शताब्दीया इससे भी पूर्व के विद्वान् थे। यादुरासों मे भगवान नेमिनाथ के वन चले जाने के पश्चात् राजुल की विरहावस्था का वर्णन है जो उन्हें वापिस लाने के रूप में है। इसमे २४ पद्य हैं। प्रमादीगीत एक उपदेशात्मकगीत है जिसमे आलस्य त्याग कर आत्महित करने के लिये कहा गया है। इनके अतिरिक्त इनके कुछ गीत भी मिलते हैं।

१६. चंपाराम भांवसा

ये खण्डेलवाल जैन ज ति मे उत्पन्न हुए थे। इनके पिता का नाम हीरालाल था जो माधोपुर (जयपुर) के रहने वाले थे। चपाराम हिन्दी के अच्छे विद्वान थे। शास्त्रों की स्वाध्याय करना ही इनका प्रमुख कार्य था इसी ज्ञान वृद्धि के कारण इन्होंने भद्रबाहुचरित्र एवं धर्मप्रश्नोत्तरश्रावकाचार की हिन्दी भाषा टीका क्रमशः संवत् १८४४ तथा १८६८ में समाप्त की थी। भाषा एवं शैली की दृष्टि से रचनाएँ साधारण हैं।

१७. छीहल

१६ वीं शताब्दी में होनेवाले जैन कवियों में छीहल का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये राजस्थानी कवि थे किन्तु राजस्थान के किस प्रदेश को सुशोभित करते थे इसका अभी तक कोई उल्लेख नहीं मिला। हिन्दी भाषा के आप अच्छे विद्वान् थे। इनकी अभी तक ३ रचनायें तथा ३ पद उपलब्ध हुये हैं। रचनाओं के नाम बावनी, पंचसहेली गीत, पंथीगीत हैं। सभी रचनायें हिन्दी की उत्तम रचनाओं में से है जो काव्यत्व से भरपूर हैं। कवि की वर्णन करने की शैली उत्तम है। बावनी मे आपने कितने ही विषयों का अच्छा वर्णन किया है। पंचसहेली को इन्होंने संवत् १५७५ में समाप्त किया था।

१८. पं जगन्नाथ

पं० जगन्नाथ १७ वीं शताब्दी के विद्वान् थे। ये भट्टारक नरेन्द्रकीर्ति के शिष्य थे तथा सस्कृत भाषा के पहुचे हुए विद्वान् थे। ये खन्डेलवाल जाति मे उत्पन्न हुये थे तथा इनके पिता का नाम पोमराज था। इनकी ६ रचनायें श्वेताम्बरपराजय, चतुर्विंशतिसंधानस्वोपज्ञटीका, सुखनिधान, नेमिनरेन्द्रस्तोत्र,

तथा सुखेणचरित्र तो पहिले ही प्रकाश में आ चुकी है। इनके अतिरिक्त इनकी एक और कृति "कर्मस्वरूप-वर्णन" अभी बधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भडार में मिली है। इस रचना में कर्मों के स्वरूप की विवेचना की गयी है। कवि ने इसे संवत् १७०७ (सन् १६५०) में समाप्त किया था। 'कर्मस्वरूप' के उल्लासों के अन्त मे जो विशेषण लगाये गये हैं उनसे पता चलता है कि पडित जी न्यायशास्त्र के पारंगत विद्वान् थे तथा उन्होंने कितने ही शास्त्रार्थों में अपने विरोधियों को हराया था। कवि का दूसरा नाम वादिराज भी था।

१६. जिनदत्त

पं० जिनदत्त भट्टारक शुभचन्द्र के समकालीन विद्वान् थे तथा उनके घनिष्ट शिष्यों में से थे। भट्टारक शुभचन्द्र ने अम्बिकाकल्प की जो रचना की थी उसमें मुख्य रूप से जिनदत्त का ही आग्रह था। ये स्वयं भी हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे तथा संस्कृत भाषा में भी अपना प्रवेश रखते थे। अभी हिन्दी में इनकी २ रचनायें उपलब्ध हुई है जिनके नाम धर्मतरुगीत तथा जिनदत्तविलास है। जिनदत्तविलास मे में कवि द्वारा बनाये हुये पदों एवं स्फुट रचनाओं का सग्रह है तथा धर्मतरुगीत एक छोटा सा गीत है।

२०. ब्रह्म जिनदास

ये भट्टारक सकलकीर्ति के शिष्य थे। सस्कृत, प्राकृत, एव गुजराती भाषाओं पर इनका पूरा अधिकार था। इसके अतिरिक्त हिन्दी भाषा मे भी इनकी तीव्र गति थी। कवि की अब तक संस्कृत एवं गुजराती का कितनी ही रचनायें उपलब्ध हो चुकी हैं इनमें आदिनाथ पुराण, धनपालरास, यशोधररास, आदि प्रमुख हैं। इनकी सभी रचनाओं की सख्या २० से भी अधिक है। अभी जयपुर के ठोलियों के मन्दिर मे इनका एक छोटा सा आदिनाथ स्तवन हिन्दी में लिखा हुआ मिला है जो बहुत ही सुन्दर एवं भाव पूर्ण है तथा ग्रंथ सूची में पूरा दिया हुआ है।

२१. ब्रह्म ज्ञानसागर

ये भट्टारक श्रीभूषण के शिष्य थे। संस्कृत के साथ साथ ये हिन्दी के भी अच्छे विद्वान् थे। इन्होंने हिन्दी मे २६ से भी अधिक कथायें लिखी है जो पद्यात्मक हैं। भाषा की दृष्टि से ये सभी अच्छी हैं। भट्टारक श्रीभूषण ने पाण्डवपुराण (सस्कृत) को संवत् १६५७ में समाप्त किया था। क्योंकि ब्रह्म ज्ञानसागर भी इन्हीं भट्टारक जी के शिष्य थे अतः कवि के १८ वीं शताब्दी के होने मे कोई सन्देह नहीं रह जाता है। इन्होंने कथाओं के अतिरिक्त और भी रचनायें लिखी होंगी लेकिन अभी तक वे उपलब्ध नही हुई हैं।

२२. ठक्कुरसी

१६ वीं शताब्दी मे होने वाले कवियों मे ठक्कुरसी का नाम उल्लेखनीय है। ये हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे तथा हिन्दी में छोटी छोटी रचनायें लिखकर स्वाध्याय प्रेमियों का दिल बहलाया करते

थे। इनके पिता का नाम घेल्ह था जो स्वय भी कवि थे। कवि द्वारा रचित कृपणचरित्र तथा पंचेन्द्रिय नेलि तो पहिले ही प्रकाश में आ चुकी हैं लेकिन नेमिराजमतिवेलि पार्श्वशकुनसत्तावीसी और चिन्तामणि-जयमाल तथा सीमंधरस्तवन और उपलब्ध हुए हैं जो हिन्दी की अच्छी रचनायें है।

२३. थानसिंह

थानसिंह सागानेर (जयपुर) के रहने वाले थे। ये खण्डेलवाल जैन थे तथा ठोलिया इनका गोत्र था। सुबुद्धि प्रकाश की ग्रन्थ प्रशस्ति मे इन्होंने आमेर, सागानेर तथा जयपुर नगर का वर्णन लिखा है। जब इनके माता पिता नगर मे अशान्ति के कारण करौली चले गये थे तब भी ये सांगानेर छोडकर नहीं जा सके और इन्होंने वहीं रहते हुये रचनायें लिखी थी। कवि की २ रचनायें प्राप्त होती हैं—रत्नकरण्डश्रावकाचार भाषा तथा सुबुद्धि प्रकाश। प्रथम रचना को इन्होंने स. १८२१ में तथा दूसरी को स. १८४७ मे समाप्त किया था। सुबुद्धि प्रकाश का दूसरा नाम थानविलास भी है इसमें कवि की छोटी २ रचनाओं का संग्रह है। दोनों ही रचनाओं की भाषा एवं वर्णन शैली साधारणत. अच्छी है। इनकी भाषा पर राजस्थानी का प्रभाव है।

२४. मुनि देवचन्द्र

मुनि देवचन्द्र युगप्रधान जिनचन्द्र के शिष्य थे। इन्होंने आगमसार की हिन्दी गद्य टीका सवंत् १७७६ में मारोठ गांव में समाप्त की थी। आगमसार ज्ञानामृत एव धर्मामृत का सागर है तथा तात्त्विक चर्चाओं से भरपूर है। रचना हिन्दी गद्य में है जिस पर मारवाडी मिश्रित जयपुरी भाषा का प्रभाव है।

२५. देवाब्रह्म

देवाब्रह्म हिन्दी के अच्छे कवि थे। इनके सैकडों पद मिलते हैं जो विभिन्न राग रागनियों मे लिखे हुये हैं। सासबहू का झगडा आदि जो अन्य रचनाये है वे भी अधिकांशत पद रुप में ही लिखी हुई है। इन्होंने हिन्दी साहित्य की ठोस सेवा की थी। कवि सभवत जयपुर के ही थे तथा अनु-मानत १८ वीं शताब्दी के थे।

२६. बाबा दुलीचन्द

जयपुर के २० वीं शताब्दी के साहित्य सेवियों मे बावा दुलीचन्द का नाम विशेषत: उल्लेखनीय है। ये मूलत जयपुर निवासी नही थे किन्तु पूना (सितारा) से आकर यहां रहने लगे थे। इनके पिता का नाम मानकचन्दजी था। आते समय अपने साथ सैंकडों हस्तलिखित ग्रन्थ भी साथ लाये थे, जो आजकल जयपुर के बडे मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत हैं तथा वह संग्रहालय भी बावा दुलीचन्द भण्डार के नाम से प्रसिद्ध है। इस भण्डार मे ८०६-६०० हस्तलिखित ग्रन्थ हैं। जो सभी बावाजी द्वारा संग्रहीत है।

बाबाजी बडे साहित्यिक थे। दिन रात साहित्य सेवा में व्यतीत करते थे। ग्रन्थों की प्रतिलिपियां करना, नवीन ग्रन्थों का निर्माण तथा पुराने ग्रन्थों को व्यवस्थित रुप से रखना ही आपके प्रतिदिन के कार्य थे। बडे मन्दिर के भण्डार मे तथा स्वयं बाबाजी के भण्डार में इनके हाथ से लिखी हुई कितनी ही प्रतियां मिलती है। इन्होंने १५ से अधिक ग्रन्थों की रचना की थी। जिनमें उपदेशरत्नमाला भाषा, जैनागारप्रक्रिया, ज्ञानप्रकाशविलास, जैनयात्रादर्पण, धर्मपरीक्षा भाषा आदि उल्लेखनीय हैं। इन्होंने भारत के सभी तर्थों की यात्रा की थी और उसीके अनुभव के आधार पर इन्होंने जैनयात्रादर्पण लिखा था। मन्दिरनिर्माण विधि नामक रचना से पता चलता है कि ये शिल्पशास्त्र के भी ज्ञाता थे। इन सबके अतिरिक्त इन्होंने भारत के कितने ही स्थानों के शास्त्र भण्डारों को भी देखा था और उसीके आधार पर संस्कृत और हिन्दी भाषा के ग्रन्थों के ग्रन्थकार विवरण लिखा था जिसमें किस विद्वान् ने कितने ग्रन्थ लिखे थे तथा वे किस किस भण्डार मे मिलते हैं दिया हुआ है। अपने ढंग की यह अनूठी पुस्तक है। इनकी मृत्यु ता० ४ अगस्त सन् १६२८ मे आगरे में हुई थी।

२६. नन्द

ये अग्रवाल जाति मे उत्पन्न हुये थे। गोयल इनका गोत्र था। पिता का नाम भैरूं तथा माता का नाम चंदा था। ये गोसना गांव के निवासी थे जो संभवत. आगरा के समीप ही था। कवि की अभी तक एक रचना यशोधर चरित्र चौपई ही उपलब्ध हुई है जो संवत् १६७० में समाप्त हुई थी। इसमे ५६८ पद्य हैं। रचना साधरणत. अच्छी है। तथा अभी तक अप्रकाशित है।

२७. नागरीदास

संभवत' ये नागरीदास वे ही हैं जो कृष्णगढ नरेश महाराज सांवतसिंह जी के पुत्र थे। इनका जन्म सवत् १७५६ मे हुआ था। इनका कविता काल स० १७८० से १८१६ तक माना जाता है। इनकी छोटी बडी सब रचना मिलाकर ७३ रचनायें प्रकाश में आ चुकी हैं। वैनविलास एवं गुप्तरसप्रकाश नामक अप्राप्य रचनाओं में से वैनविलास जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हुई हैं। इसमे ३० पद्य है जिनमें कुंडलिया दोहे आदि हैं।

२८. नाथूलाल दोशी

नाथूलाल दोशी दुलीचन्द दोशी के पौत्र एवं शिवचन्द के पुत्र थे। इनके पं० सदासुखजी काशलीवाल धर्म गुरू थे तथा दीवान अमरचन्द परम सहायक एवं कृपावान थे। दोशी जी विद्वान् थे तथा ग्रंथ चर्चा में अधिक रस लिया करते थे। इन्होंने हरचन्द गगवाल की प्रेरणा से संवत् १६१८ मे सुकुमालचरित्र की भाषा समाप्त की थी। रचना हिन्दी गद्य में में है जिस पर ढूंढारी भाषा का प्रभाव है।

२६. नाथूराम

लमेचू जाति मे उत्पन्न होने वाले नाथूराम हिन्दी भाषा के अच्छे विद्वान् थे। ये संभवत. १६ वीं शताब्दी के थे। इनके पिता का नाम दीपचंद था। इन्होंने जम्बूस्वामीचरित का हिन्दी गद्यानुवाद लिखा है। रचना साधारणतः अच्छी है।

३०. निरमलदास

श्रावक निरमलदास ने पंचाख्यान नामक ग्रन्थ की रचना की थी। यह पंचतन्त्र का हिन्दी पद्यानुवाद है। सभवत यह रचना १७ वीं शताब्दी के प्रारम्भ मे लिखी गयी थी क्योंकि इसकी एक प्रति सवत् १७५४ में लिखी हुई जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे संग्रहीत है। रचना सरल हिन्दी में है तथा साधारण पाठकों के लिये अच्छी है।

३१. पद्मनाभ

पद्मनाभ १५–१६ वीं शताब्दी के कवि थे। ये हिन्दी एव संस्कृत के प्रतिमा सम्पन्न विद्वान् थे इसीलिये संघपति डूंगर ने इनसे वावनी लिखने का अनुरोध किया था और उसी अनुरोध से इन्होंने सवत् १५४३ में वावनी की रचना की थी। इसका दूसरा नाम डूंगर की वावनी भी है। वावनी मे ५४ सवैय्या हैं। भाषा राजस्थानी है। इसकी एक प्रति अभी जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे उपलब्ध हुई है लेकिन लिखावट विकृत होने से सुपाठ्य नहीं है। वावनी अभी तक अप्रकाशित है।

३२. पन्नालाल चौधरी

जयपुर में होने वाले १६–२० वीं शताब्दी के साहित्यकारों मे पन्नालाल चौधरी का नाम उल्लेखनीय है। ये सस्कृत, प्राकृत एवं हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे। महाराजा रामसिंह के मन्त्री जीवनसिंह के ये गृह मन्त्री थे। इनके गुरु सदासुखजी काशलीवाल थे जो अपने समय के बहुत बडे विद्वान थे। यही कारण है कि साहित्य सेवा इनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य हो गया था। इन्होंने अपने जीवन में ३० से भी अधिक ग्रन्थों की रचना की थी। इनमे से योगसार भाषा, सद्भाषितावली भाषा, पाण्डवपुराण भाषा, जम्बूस्वामी चरित्र भाषा, उत्तरपुराण भाषा, भविष्यदत्तचरित्र भाषा उल्लेखनीय है। सद्भाषितावलि भाषा आपका सर्व प्रथम ग्रन्थ है जिसे चौधरीजी ने सवत् १६१० मे समाप्त किया था। ग्रथ निर्माण के अतिरिक्त इन्होंने बहुत से ग्रथों की प्रतिलिपिया भी की थी जो आज भी जयपुर के बहुत से भण्डारों मे उपलब्ध होती हैं।

३३. पुण्यकीर्त्ति

ये खरतरगच्छ के आचार्य एव युगप्रधान जिनचद्रसूरि के शिष्य थे। तथा ये सांगानेर (जयपुर) के रहने वाले थे। इन्होंने पुण्यसार कथा को संवत् १७६६ मे समाप्त किया था। रचना साधारणत अच्छी है।

३४. बनारसीदास

कविवर बनारसीदास का स्थान जैन हिन्दी साहित्य में सर्वोपरि है। इनके द्वारा रचे हुये समयसार नाटक, बनारसीविलास, अर्द्ध कथानक एवं नाममाला तो पहिले ही प्रसिद्ध हैं। अभी इनकी एक और रचना 'मांझा' जयपुर के बधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में मिली है। रचना आध्यात्मिक रस से ओत प्रोत है। इसमे १३ पद्य है।

३५. वंशीधर

इन्होंने संवत् १७६५ में 'दस्तूरमालिका' नामक हिन्दी ग्रंथ रचना लिखी थी। दस्तूरमालिका गणित शास्त्र से सम्बन्धित रचना है जिसमें वस्तुओं के खरीदने की रस्म रिवाज एवं उनके गुरू दिये हुये हैं। रचना खडी बोली में है तथा अपने ढग की अकेली ही रचना है। इसमे १४३ पद्य है। कवि संभवत वे ही वंशीधर है जो अहमदाबाद के रहने वाले थे तथा जिन्होंने संवत १७८२ में उदयपुर के महाराणा जगतसिंह के नाम पर अलंकार रत्नाकर ग्रंथ बनाया था[१]।

३६ मनराम

१८ वीं शताब्दी के जैन हिन्दी विद्वानों में मनराम एक अच्छे विद्वान् हो गये हैं। यद्यपि रचनाओं के आधार पर इनके सम्बन्ध मे विशेष जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है फिर भी इनकी वर्णन शैली से ज्ञात होता है कि मनराम का हिन्दी भाषा पर अच्छा अधिकार था। अब तक अक्षरमाला, धर्मसहेली, मनरामविलास, बत्तीसी, गुणाक्षरमाला आदि इनकी मुख्य रचनाये हैं। साहित्यिक दृष्टि से ये सभी रचनायें उत्तम हैं।

३७. मन्नासाह

मन्नासाह हिन्दी के अच्छी कवि थे। इनकी लिखी हुई मान बावनी एवं लघु बावनी ये दो रचनायें अभी जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में मिली हैं। रचना के आधार पर यह सरलता से कहा जा सकता है कि मन्नासाह हिन्दी के अच्छे कवि थे। मान बावनी हिन्दी की उच्च रचना है जिसमे सुभाषित रचना की तरह कितने ही विषयों पर थोडे थोड़े पद्य लिखे हैं। मन्ना साह सभवतः १७ वीं शताब्दी के विद्वान् थे।

३८. मल्ल कवि

प्रबोधचन्द्रोदय नाटक के रचयिता मल्लकवि १६ वीं शताब्दी के विद्वान थे। इन्होंने कृष्णमिश्र द्वारा रचित संस्कृत के प्रबोधचन्द्रोदय का हिन्दी भाषा मे पद्यानुवाद संवत १६०१ मे किया था। रचना

---

१. हिंदी साहित्य का इतिहास—पृष्ट २८)

सुललित भाषा में लिखी हुई है। तथा उत्तम संवादों ये भरपूर है। नाटक में काम, क्रोध मोह आदि की पराजय करवा कर विवेक आदि गुणों की विजय करवायी गयी है।

३९. मेघराज

मुनि मेघराज द्वारा लिखित 'संयमप्रवहण गीत' एक सुन्दर रचना है। मुनिजी ने इसे संवत् १६६१ मे समाप्त की थी। इसमे मुख्यत 'राजचंदसूरि' के साधु जीवन पर प्रकाश डाला गाया है किन्तु राजचन्दसूरि के पूर्व आचार्यो—सोमरत्नसूरि, पासचन्दसूरि, तथा समरचन्दसूरि के भी माता पिता का नामोल्लेख, आचार्य बनने का समय एवं अन्य प्रकार से उनका वर्णन किया गया है। रचना वास्तव मे ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर लिखी गयी है। वर्णन शैली काफी अच्छी है तथा कहीं कहीं अलंकारों का सुन्दर प्रयोग हुआ है।

४०. रघुनाथ

इनकी अब तक ५ रचनायें उपलब्ध हो चुकी हैं। रघुनाथ हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे तथा जिनकी छन्द शास्त्र, रस एव अलंकार प्रयोग मे अच्छी गति थी। इनका गणभेद छन्द शास्त्र की रचना है। नित्यविहार शृ गार रस पर आश्रित है जिसमे राधा कृष्ण का वर्णन है। प्रसंगसार एवं ज्ञानसार सुभाषित, उपदेशात्मक एव भक्तिरसात्मक हैं। ज्ञानसार को इन्होंने सवत् १७४२ मे समाप्त किया था इससे पता चलता है कि कवि १७ वीं शताब्दी मे पैदा हुये थे। कवि राजस्थानी विद्वान् थे लेकिन राजस्थान के किस प्रदेश को सुशोभित करते थे इसके सम्बन्ध मे परिचय देने मे इनकी रचनायें मौन है। इनकी सभी रचनायें शुद्ध हिन्दी मे लिखी हुई हैं। ये जैनेतर विद्वान् थे।

४१. रूपचन्द

कविवर रूपचन्द १७ वीं शताब्दी के साहित्यिकों मे उल्लेखनीय कवि हैं। ये आध्यात्मिक रस के कवि थे इसीलिये इनकी अधिकांश रचनायें आध्यात्मिक रस पर ही आधारित हैं। इनकी वर्णन शैली सजीव एव आकर्षक है। पच मगल, परमार्थदोहाशतक, परमार्थगीत, गीतपरमार्थी, नेमिनाथरासो आदि कितनी ही रचनायें तो इनकी पहिले ही उपलब्ध हो चुकी हैं तथा प्रकाश मे आ चुकी हैं किन्तु अभी जयपुर के ठोलियों के मन्दिर में अध्यात्म सवैय्या नामक एक रचना और प्राप्त हुई है। रचना आध्यात्मिक रस से ओतप्रोत है तथा बहुत ही सुन्दर रीति से लिखी हुई है। भाषा की दृष्टि से भी रचना उत्तम है। इन रचनाओं के अतिरिक्त कवि के कितने पद भी मिलते हैं वे भी सभी अच्छे हैं।

४२. लच्छीराम

लच्छीराम सवत १८ वीं शताब्दी के हिन्दी कवि थे। इनका एक "करुणाभरणनाटक" अभी उलब्ध हुआ है। नाटक मे ६ अक है जिनमें राधा अवस्था वर्णन, ब्रजवासी अवस्था वर्णन सत्यभामा

ईर्षा वर्णन, बलदाऊ मिलाप वर्णन आदि दिये हुये हैं। नाटक की भाषा साधारणतः अच्छी है। नाटककार जैनेतर विद्वान थे।

४३. भट्टारक शुभचन्द्र

भट्टारक शुभचन्द्र १६-१७ वीं शताब्दी के महान् साहित्य सेवी थे। भट्टारक सकलकीर्त्ति की परम्परा में गुरु सकलकीर्त्ति के समान इन्होंने भी संस्कृत भाषा में कितने ही ग्रन्थों की रचना की थी जिनकी सख्या ४० से भी अधिक है। षट्भाषाचक्रवर्त्ति, त्रिविधविद्याधर आदि उपाधियों से भी आप विभूषित थे।

संस्कृत भाषा के ग्रन्थों के अतिरिक्त आपने हिन्दी में भी कुछ रचनायें लिखी थीं उनमे से २ रचनायें तो अभी प्रकाश मे आयी हैं। इनमें से एक चतुर्विंशतिस्तुति तथा दूसरा तत्त्वसारदोहा है। तत्त्वसार दोहा में तत्त्ववर्णन है। इसकी भाषा गुजराती मिश्रित राजस्थानी है। इसमें ९१ पद्य हैं।

४४. सहजकीर्त्ति

सहजकीर्ति सांगानेर (जयपुर) के रहने वाले थे। ये १७ वीं शताब्दी के कवि थे। इनकी एक रचना प्राति छत्तीसी जयपुर के ठोलियों के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में ९७ वें गुटके में संग्रहीत है। यह सवत् १६८८ में समाप्त हुई थी। रचना में ३६ पद्य हैं जिसमें प्रात काल सबसे पहले भगवान का स्मरण करने के लिये कहा गया है। रचना साधारण है।

४५. सुखदेव

हिन्दी भाषा में अर्थशास्त्र से सम्बन्धित रचनायें बहुत कम हैं। अभी कुछ समय पूर्व जयपुर के बधीचन्दजी के मन्दिर में सुखदेव द्वारा निर्मित वणिकप्रिया की एक हस्तलिखित प्रति उपलब्ध हुई है। वणिकप्रिया का मुख्य विषय व्यापार से सम्बन्धित है।

सुखदेव गोलापूरब जाति के थे। उनके पिता का नाम विहारीदास था। रचना में ३०१ पद्य हैं जिनमें दोहा और चौपई प्रमुख हैं। कवि ने इसे संवत् १७१७ में लिखी थी। रचना की भाषा साधारणतः अच्छी है।

४६. सधारु कवि

अब तक उपलब्ध जैन हिन्दी साहित्य में १४ वीं शताब्दी मे होने वाले कवियों में कवि सधारु का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इनकी यद्यपि एक ही रचना उपलब्ध हुई है लेकिन वही इनकी काव्य शक्ति को प्रकट करने मे पर्याप्त है। ये अग्रवाल जाति मे उत्पन्न हुये थे जो अग्रोह नगर के नाम से प्रसिद्ध हुई थी। इनके पिता का नाम शाह महाराज एव माता का नाम गुणवती था। कवि ने इस रचना को एरछ नगर में समाप्त की थी जो कानपुर[१] झांसी रेल्वे लाइन पर है।

---

१ जैन सन्देश भाग २१ सख्या १२

कवि की रचना का नाम प्रद्युम्न चरित है जो संवत् १४११ मे समाप्त हुई थी। इसमें ६८२ पद्य हैं किन्तु कामा उज्जैन आदि स्थानों में प्राप्त प्रति में ६८२ से अधिक पद्य हैं तथा जो भाव भाषा, अलकार आदि सभी दृष्टियों से उत्तम है। कविने प्रद्युम्न का चरित्र बड़े ही सुन्दर ढंग से अकिन किया है। रचना अभी तक अप्रकाशित है तथा शीघ्र ही प्रकाश में आने वालीहै।

४७. सुमतिकीर्त्ति

सुमतिकीर्ति भट्टारक सकलकीर्त्ति की परम्परा में होने वाले भट्टारक ज्ञानभूषण के शिष्य थे तथा उनके साथ रह कर साहित्य रचना किया करते थे। कर्मकाण्ड की संस्कृत टीका ज्ञानभूषण तथा सुमतिकीर्ति दोनों ने मिल कर बनायी थी। भट्टारक ज्ञानभूषण ने भी जिस तरह कितने ही ग्रन्थों की रचना की थी उसी प्रकार इन्होंने भी कितने ही रचनायें की हैं। त्रिलोकसार चौपई को इन्होंने सवत् १६२७ में समाप्त किया था। इसमें तीनलोकों पर चर्चा की गयी है। इस रचना के अतिरिक्त इनकी कुछ स्तुतियां अथवा पद भी मिलते हैं।

४८. स्वरूपचन्द विलाला

पं० स्वरुपचन्द जी जयपुर निवासी थे। ये खण्डेलवाल जाति मे उत्पन्न हुये थे तथा विलाला इनका गोत्र था। पठन पाठन एवं स्वाध्याय ही इनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य था। विलाला जी ने कितनी ही पूजाओं की रचना की थी जो आज भी वडे चाव से नित्य मन्दिरों मे पढी जाती है। पूजाओं के अतिरिक्त इन्होंने मदनपराजय की भाषा टीका भी लिखी थी जो संवत् १६१८ में समाप्त हुई थी। इनकी रचनाओं के नाम मदनपराजय भाषा, चौसठऋद्धिपूजा, जिनसहस्त्रनाम पूजा तथा निर्वाणक्षेत्र पूजा आदि हैं।

४९. हरिकृष्ण पांडे

ये १८ वीं शताब्दी के कवि थे। इन्होंने अपने को विनयसागर का शिष्य लिखा है। जयपुर के वधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे इनके द्वारा रचित चतुर्दशी-कथा प्राप्त हुई है जो सवत् १७६६ की रचना है। कथा में ३५ पद्य हैं। भाषा एवं दृष्टि से रचना साधारण है।

५०. हर्षकीर्त्ति

हर्षकीर्त्ति हिन्दी भाषा के अच्छे विद्वान् थे। इन्होंने हिन्दी मे छोटी छोटी रचनायें लिखी हैं जो सभी उत्तम हैं। भाव, भाषा एवं वर्णन शैली की दृष्टि से कवि की रचनायें प्रथम श्रेणी की हैं। चतुर्गति वेलि को इन्होंने संवत् १६८३ मे समाप्त किया था जिससे पता चलता है कि कवि १७ वीं शताब्दी के थे तथा कविवर वनारसीदासजी के समकालीन थे। चतुर्गति वेलि के अतिरिक्त नेमिनाथ-

राजुल गीत, नेमीश्वरगीत, मोरडा, कर्महिंडोलना पञ्चमगतिवेलि आदि अन्य रचनाये भी मिलती हैं। सभी रचनायें आध्यात्मिक है। कवि द्वारा लिखे हुये कितने ही पद भी हैं। जो अभी तक प्रकाश मे नहीं आये हैं।

५१. हीरा कवि

ये बूंदी (राजस्थान) के रहने वाले थे। इन्होंने सवत् १८४८ में 'नेमिनाथ व्याहलो' नामक रचना को समाप्त किया था। व्याहलों में नेमिनाथ के विवाह के अवसर पर होने वाली घटनाओं का वर्णन किया गया है। रचना साधारणत अच्छी है तथा इस पर हाडौती भाषा का प्रभाव झलकता है।

५२. पांडे हेमराज

प्राचीन हिन्दी गद्य लेखकों मे हेमराज का नाम उल्लेखनीय है। इनका समय सत्रहवीं शताब्दी था तथा ये पांडे रूपचंद के शिष्य थे। इन्होंने प्राकृत एवं संस्कृत भाषा के ग्रन्थों का हिन्दी गद्य में अनुवाद करके हिन्दी के प्रचार में महत्त्वपूर्ण योग दिया था। इनकी अब तक १२ रचनायें प्राप्त हो चुकी हैं जिनमें नयचक्रभाषा, प्रवचनसारभाषा, कर्मकाण्डभाषा, पञ्चास्तिकायभाषा, परमात्मप्रकाश भाषा आदि प्रमुख हैं। प्रवचनसार को इन्होंने १७०६ में तथा नयचक्रभाषा को १७२४ में समाप्त किया था। अभी तीन रचनायें और मिली हैं जिनके नाम दोहाशतक, जखडी तथा गीत हैं। रचनाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि कवि का हिन्दी गद्य एव पद्य दोनों में ही एकसा अधिकार था। भाव एवं भाषा की दृष्टि से इनकी सभी रचनाये अच्छी है। दोहा शतक जखडी एवं हिन्दी पद अभी तक अप्रकाशित हैं।

उक्त विद्वानों में से २७, ३५, ४०, ४२ तथा ४५ संख्या वाले विद्वान् जैनेतर विद्वान् हैं। इनके अतिरिक्त ५,-६, २४, ३०, ३३ एवं ३६ संख्या वाले श्वेताम्बर जैन एवं शेष सभी दिगम्बर जैन विद्वान् हैं। इनमे से बहुत से विद्वानों का परिचय तो अन्यत्र भी मिलता है इसलिये उनका अधिक परिचय नहीं दिया गया। किन्तु अजयराज, अमरपाल, उदैराम, केशरीसिंह, गोपालदास, चपाराम भांवसा ब्रह्मज्ञानसागर, थानसिंह, बाबा दुलीचन्द, नन्द, नाथूलाल दोशी, पद्मनाभ, पन्नालाल चौधरी, मनराम, रघुनाथ आदि कुछ ऐसे विद्वान् हैं जिनका परिचय हमे अन्य किसी पुस्तक में देखने को नहीं मिला। इन कवियों का परिचय भी अधिक न मिलने के कारण उसे हम विस्तृत रूप से नहीं दे सके।

ग्रन्थ सूची के अन्त मे ४ परिशिष्ट हैं। इनमें से ग्रन्थ प्रशस्ति एवं लेखक प्रशस्ति के सम्बन्ध मे तो हम ऊपर कह चुके हैं। ग्रंथानुक्रमणिका में ग्रन्थ सूची में आये हुये अकारादि क्रम से सभी ग्रन्थों के नाम दे दिये गये हैं। इससे सूची में कौनसा ग्रन्थ किस पृष्ठ पर है यह ढूंढने मे सुविधा रहेगी। इस परिशिष्ट के अनुसार ग्रन्थ सूची में १७८५ ग्रन्थों का विवरण दिया गया है। ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार परिशिष्ट को भी हमने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी भाषाओं में विभक्त कर दिया है जिससे ग्रन्थ सूची में किसी एक विद्वान् के एक भाषा के कितने ग्रन्थों का उल्लेख आया है सरलता से जाना जा

सकता है। प्रस्तुत ग्रन्थ सूची मे सस्कृत भापा के १७३, प्राकृत के १४, अपभ्रंश के १६ तथा हिन्दी के २८२ विद्वानों के ग्रन्थों का परिचय मिलता है तथा इससे भापा सम्बन्धी इतिहास लेखन मे अधिक सहायता मिल सकती है।

ग्रन्थ सूची को उपयोगी वनाने का पूरा प्रयत्न किया गया है तथा यही प्रयास रहा है कि ग्रन्थ एव ग्रन्थ कर्त्ता आदि के नामों मे कोई अशुद्धि न रहे किन्तु फिर भी यदि कहीं कोई त्रुटि रह गयी हो तो विद्वान् पाठक हमे सूचित करने का कष्ट करें जिससे आगे प्रकाशित होने वाले सस्करणों मे उसका परिमार्जन किया जा सके।

धन्यवाद समर्पण—

सर्व प्रथम हम क्षेत्र कमेटी के सदस्यों एव विशेपत मन्त्री महोदय को धन्यवाद देते हैं जो प्राचीन साहित्य के उद्धार जैसे पवित्र कार्य को क्षेत्र की ओर से करवा रहे हैं तथा भविष्य में इस कार्य मे और भी अधिक व्यय किया जावेगा ऐसी हमे आशा है। इसके अतिरिक्त राजस्थान के प्रमुख जैन साहित्य सेवी श्री अगरचन्दजी नाहटा एवं वीर सेवा मन्दिर देहली के प्रमुख विद्वान् प० परमानन्दजी शास्त्री के हम हृदय से आभारी हैं जिन्होंने सूची के अधिकाश भाग को देखकर आवश्यक सुझाव देने का कष्ट किया है तथा समय समय पर अपनी शुभ सम्मतियों से सूचित करते रहते हैं। श्रद्धेय गुरुवर्य्य प० चैनसुखदासजी सा० न्यायतीर्थ के प्रति भी हम कृतज्ञांजलिया अर्पित करते हैं जो हमे इस पुनीत कार्य मे समय समय पर प्रेरणा देते रहते हैं और जिनकी प्रेरणा मात्र से ही जयपुर मे साहित्य प्रकाशन का थोडा वहुत कार्य हो रहा है। बधीचन्दजी के मन्दिर के प्रवन्धक बाबू सरदारमलजी आबूजी वाले तथा ठोलियों के मन्दिर के प्रवन्धक बाबू नरेन्द्र-मोहनजी डडिया तथा प० सनत्कुमारजी विलाला को भी हार्दिक धन्यवाद है जिन्होंने अपने यहाँ के शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ सूची बनाने की पूरी सुविधा प्रदान की है। अन्त मे हमारे नवीन सहयोगी बाबू सुगनचन्दजी को भी धन्यवाद दिये विना नहीं रह सकते जिन्होंने इस ग्रन्थ सूची के कार्य मे हमारा पूरा हाथ वटाया है।

कस्तूरचन्द कासलीवाल
अनूपचन्द जैन

दि० २५-७-५७

श्री महावीराय नमः

राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों

की

ग्रन्थसूची

श्री दि० जैन मन्दिर बधीचन्दजी (जयपुर) के

ग्रन्थ

विषय-सिद्धान्त एवं चर्चा

अन्तगढदशाओ वृत्ति (अन्तकृद्दशासूत्रवृत्ति)—अभयदेवसूरि पत्र सख्या-७ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण । वेष्टन न० २६० ।

विशेष—अन्तकृत्दशसूत्र श्वे० जैन आगम का ८ वां अ ग है ।

२ आश्रव त्रिभगी—नेमिचन्द्राचार्य । पत्र सख्या-१२ । साइज-११¾×५½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल-स० १६०९, द्वितीय भादवा सुदी ३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ६७९।

विशेष—प्रति सस्कृत टीका सहित है ।

३. इकवीस ठाणा चर्चा—पत्र सख्या-६ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-चर्चा । रचनाकाल × । लेखनकाल संवत् १८१३, फागुण सुदी १३ । पूर्ण । वेष्टन नं० १५४ ।

विशेष—पं० किशनदास ने प्रतिलिपि की थी ।

४. इक्कीस गिणती का स्वरूप—पत्र सख्या-१३ । साइज-८½×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल-स० १८२६ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३८६ ।

विशेष—सख्यात, असख्यात और अनन्त इनके २१ भेदों का वर्णन किया गया है ।

५ एक सौ गुणहत्तर जीव पाठ—लक्ष्मणदास । पत्र सख्या-७१ । साइज-११×७½ इञ्च । भाषा-हिन्दी (पद्य) । विषय-चर्चा । रचनाकाल स० १८८४ माघ सुदी ५ । लेखनकाल × । पूर्ण । वेष्टन न० ४६८ ।

विशेष-प्रारम्भ—अथ लिछमणदास कृत पाठ लिख्यते । अथ एक सौ गुणतर जीवा की सख्या पाठ लिख्यते ।

दोहा—वृषम आदि चौबीस कौ नमौं नाम उरधार ।
कछु इक संख्या कहत हू उत्तम नर की सार ॥१॥
प्रथमहि जिन चौबीस के कहौं नाम सुखदाय ।
कोटि जनम के पाप ते छयक एक में जाय ॥२॥

छद—प्रथम वृषम जिन देव, दूजौ अजित प्रमानौ ।
तीजौ संमव नाथ अभिनंदन चउ जानौ ॥३॥

अन्तिम—इनका कथन वसेपतै पूरव नगरी आदि ।
ग्रंथ माहि तें जानयौ जथा जोग अनवाद ॥६९॥
पाठ बढन कै कारयै कियौ नाहि मै मित ।
नाम मात्र अनुराग वसि धारि कियौ हरि चिंत ॥७०॥

छन्द सुन्दरी—जैनमत कै ग्रंथ लखाय कै । कहत हौं ये पाठ बनाय कै ।
नाम ए चित में जु धरै नरा । होय मिथ्या जाल सवै परा ॥७१॥
मूल चूक जु होय सुधारयौ । हांसि पंडित नाहि न कारयौ ।
करि छिमा मौ गुण गहि लीजियो । राम कह किरप तुम कीजियौ ॥७२॥

दोहा—ठारासै चौरासिया वार सनीश्चर वार, पौस कृष्ण तिथ पचमी कियौ पाठ सुम चार ॥७३॥

"इति एक सौ घुणंतर जीव पाठ संपूरण"॥१॥

निम्न पाठ और हैं—

नाम	पत्र संख्या	पद्य संख्या	विशेष
(१) तीस चौबीसी पाठ	६ से २४ तक	२२७	
(२) गणधर मुख्य पाठ	२४ से २५	१२	
(३) दसकरण पाठ	२५ से ३४	१२४	दस बंध मेद वर्णन रामचन्द्र कृत
(४) जयचन्द्र पचीसी	३४ से ३६	२६	
(५) आगति जागति पाठ	३६ से ४१	७५	सं० १८८४ मंगसिर वदी ११
(६) षट कारिक पाठ	४१ से ४२	१२	
(७) शिष्य दिक्षा वीसी पाठ	४२ से ४३	२७	
(८) सात प्रकार वनस्पति उत्पत्ति पाठ	४३ से ४४	१४	
(९) जीवमोक्ष बत्तीसी पाठ	४४ से ४६	३३	

नाम	पत्र संख्या	पद्य संख्या	विशेष
(१०) मोह उत्कृष्टथित पचीसी	४६ से ४८	२६	
(११) प्रथम शुक्ल ध्यान पचीसी	४८ से ५०		
(१२) जतर चोबनो	५० से ५१	८	
(१३) बधबोल	५१	५	
(१४) इकबीस गियाती की पाठ	५१ से ६०	६३	
(१५) सम्यक चतुरदसी	६० से ६१	१४	
(१६) इक अक्षर आदि बत्तीसी	६१ से ६३	३३	
(१७) बावन छद रूपदीप	६३ से ७१	५५	१८८४ माघ सुदी ५ मगलवार

६. **कर्मप्रकृति—आचार्य नेमिचन्द्र।** पत्र संख्या-११। साइज-११×४½ इञ्च भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। रचनाकाल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० १६।

विशेष—मूल मात्र हैं तथा गाथाओं की संख्या १६२ हैं।

७. **प्रति नं० २**—पत्र सख्या-१६। साइज- १०×५ इञ्च। लेखनकाल सं०—१८५६ श्रावण सुदी १३। पूर्ण। वेष्टन नं० १७।

विशेष—**चंपाराम** ने प्रतिलिपि की थी। इस प्रति में १६४ गाथायें हैं।

८. **प्रति नं० ३**—पत्र सख्या-१६। साइज-१२×४½ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण। वेष्टन नं० १८।

विशेष—गाथाओं की सख्या-१६१ है।

६. **प्रति नं० ४**—पत्र संख्या-१३। साइज-११×४½ इञ्च। लेखनकाल सं० १६०६ असाढ सुदी १। पूर्ण। वेष्टन नं० १६। इसमें १६१ गाथायें हैं।

विशेष— संस्कृत में कहीं २ टिप्पण दिया हुआ है। लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है—स० १६०६ वर्षे आषाढ मासे शुक्लपक्षे प्रतिपदा तिथौ सोमवासरे श्रीमूलसघे नद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये आचार्य भुवनकीर्तिदेवा तत् शिष्यणी आ० मुक्तिश्री तत् शिष्या आ० कीर्तिश्री पठनार्थं। कल्याणमस्तु। अमरसरमध्ये राज्यश्री सूजाजी।

१०. **प्रति नं० ५**—पत्र सख्या-४४। साइज-५½×४½ इंच। लेखनकाल स०—१८११ भादवा सुदी १३। पूर्ण। वेष्टन नं० ५३।

विशेष—हरचन्द ने प्रतिलिपि की थी। ग्रंथ गुटका साइज में है। १६१ गाथायें हैं।

११. **प्रति नं० ६**—पत्र सख्या-२१। साइज-१०½×४½ इञ्च। लेखनकाल-×। पूर्ण। वेष्टन न० १६।

विशेष—प्रति अशुद्ध है। सस्कृत टीका सहित है। मूल गाथायें नहीं हैं। कर्म प्रकृति का सत्वस्थान भग सहित गुणस्थान का वर्णन है।

जिनदेव प्रणम्याह मुनिचन्द्र जगत्प्रभु ।
सत्कर्म्मप्रकृतिस्थान सवृणोमि यथागम ॥१॥

णमिऊण वड्ढमाण कणयणिंद देवरायपरिपुज्जं ।
पयडीणसत्तठाण श्रोघे भगे सम वोछे ॥१॥

देवराजपरिपूज्य कनकनिभ वर्द्धमानभगवद् अर्हद्भट्टारकं नत्वा कर्म्मप्रकृतीनां सत्वस्थान भगसहित गुणस्थानेषु वक्षामीति सवध'।

१२ प्रति नं० ७—पत्र संख्या-३४। साइज ११-X५ इच। लेखनकाल-१६७६भादवा सुदी १४। पूर्ण। वेष्टन नं० २१। प्रति सटीक है। अतिम पुष्पिका निम्न प्रकार है।

विशेष—इति प्राय श्री गोमट्टसारमूलात् टीकाश्च निष्काप्य क्रमेण एकीकृत्य लिखितां श्रीनेमिचन्द्र सैद्धान्तिक विरचित-कर्मप्रकृतिग्रयस्य टीका समाप्ता।

लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है—

स० १६७६ वर्षे भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे चतुर्दश्यां तिथौ सग्रामपुरवास्तव्ये महाराजाधिराजराजश्रीमावसिंह-राज्ये श्रीमूलसघे नद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्रीकुन्दकुदाचार्यान्वये भट्टारक श्रीपद्मनन्दिदेवातत्पट्टे भट्टारक शुभचन्द्रदेवा तत्पट्टे भ० श्री जिनचन्द्रदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्री प्रभाचन्द्रदेवा तत्पट्टे भ० श्रीचद्रकीर्तिदेवा तत्पट्टे भ० श्री श्री श्री श्री श्री देवेद्रकीतिजी। तदाम्नाये खडेलवालान्वये भौंसा गोत्रे सा० गगा तद्भार्या गौरादे तयो पुत्र सा० घेल्हा तद भार्या घेलसिरि तयो पुत्र पच। प्रथम सा० ताल्हु तद भार्या ल्होड़ी तयो पुत्रौ द्वौ प्र० सा० वाजू तद भार्ये द्वे० प्र० बालहदे, द्वि० प्रतापदे तत्पुत्रौ द्वौ प्र० पुत्र सा० सावल तद भार्या सहलालदे तयो पुत्र चि० साहीमल, द्वि० पुत्र सा० साकर। साह ताल्हु द्वि पुत्र सा० घट्टू तस्य भार्या गाखदे। एतेषां मध्ये साह वाजू तद भार्या बालहदे इद शास्त्र रत्नत्रयव्रत-उद्यापनार्थं भट्टारक श्री श्री श्री देवेन्द्र कीर्ति तत् शिष्य आचार्य श्री रामकीर्त्तिये प्रदत्त'।

१३ **कर्मप्रकृति विधान—बनारसीदास**। पत्र सख्या-१३। साइज-१०½X४½ इच। भाषा-हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। रचनाकाल-स० १७००। लेखककाल-१७६०। पूर्ण। वेष्टन नं० ८६२।

विशेष—यह रचना बनारसीविलास में सगृहीत रचनाओं में से है।

१४. प्रति न० २—पत्र संख्या-५१। साइज-६X६½ इच। लेखनकाल-X। पूर्ण। वेष्टन नं० ३६७।

विशेष—कर्मप्रकृतिविधान गुटके में है जिसमें निम्न पाठ और हैं—श्रावकों के १७ नियम, सिंदूर प्रकरण-(बनारसीदास) और अनित्य पचाशिका-(त्रिभुवनचन्द)।

१५. प्रति नं० ३—पत्र संख्या–१६ । साइज–६½×५ इंच । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ३६८ ।

१६. कर्मप्रकृतियों का व्योरा—(कर्मप्रकृति चर्चा) . । पत्र संख्या–१७ । साइज–१७½×६ इंच । भाषा–हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८३३ ।

विशेष—ग्रंथ बही खाते की साइज में है ।

१७. कर्मस्वरूपवर्णन—अभिनव वादिराज (पं० जगन्नाथ) । पत्र संख्या—५० । साइज–१०½×६ इंच । भाषा–संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–सं० १७०७ माघ बुदी १३ । लेखन काल–सं० १७०७ । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६८४ ।

विशेष—१० से २३ तक के पत्र नहीं हैं । रचना का आदि अन्त भाग निम्न प्रकार है—

प्रारम्भ—

कर्म्मव्यूहविनिर्मुक्ता, मुक्त्वाघत्वा विशुद्धित. ।
मन्यकर्मस्वरूपाख्यो वादिराजेन तन्यते ॥ १ ॥

अन्तिम पाठ—

इति निरवद्यविद्यामण्डनमण्डित पण्डितमंडलीमण्डित भट्टारक श्री नरेन्द्रकीर्तिजीकाख्यशिष्यै कविगमकिवादिवाग्मित्व गुणगणभूषयै कणादाक्षपादप्रभाकरभट्टशिवसुगतचार्वाकसाख्यप्रमुखप्रवादिगणोपन्यस्तदूषणदूषणैस्त्रैविधविद्याधिपै पण्डित जगन्नाथैरपराख्ययाभिनववादिराजैर्विरचिते कर्म्मस्वरूपग्रंथे स्थित्यनुभागप्रदेशनिरूपणं नाम द्वितीय उल्लास,

वर्षे तत्त्वनमो श्व भूपरिमिते (१७०७) मासे मधौ सुन्दरे,
तत्पक्षे च सितेतरेह्नि तथा नाम्ना द्वितीयाह्वये ।

श्रीसर्वज्ञपदांबुजानति–गलद् ज्ञानावृतिप्राभवा
स्त्रैविद्येश्वरतांगता व्यरचयन् श्रीवादिराजा इम ॥ १ ॥

तावत्केवलिमि सम: कलिमलैर्मुक्ता कलौ साधव. ।
तावज्जैनमत चकास्ति विमल तावच्चधर्मोत्सव: ।

तावत्षोडशभावनाभवभृतां स्वर्गापवर्गोक्तयो
यावच्छ्रीपरमागमो विजयते गोमट्टसारामिध. ॥ २ ॥

१८. काल और अन्तर का स्वरूप—. .... । पत्र संख्या–१२ । साइज–११×५ इंच । भाषा–हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८७३ ।

रचना का आदि अन्त भाग निम्न प्रकार है—

अथ काल अर अन्तर का स्वरूप निरुपण करिए है ॥ छ ॥ तिनि विषै आठ सांतर मार्गणा है तिनका स्वरूप

सख्या विधान निरूपर्यों के अर्थि गाथा तीन करि कहै है। नाना जीवनि की अपेक्षा विवक्षित गुणस्थान वा मार्गणास्थान नै छोडि अन्य कोई गुणस्थान वा मार्गणास्थान नै प्राप्त होइ। बहुरि उस ही विवक्षित गुणस्थान वा मार्गणास्थान को यावत्काल प्राप्त न हो इति सत्काल का नाम अंतर है।

अन्तिम—विवक्षित मार्गणा के भेद का काल विषै विवक्षित गुणस्थान का अतराल जेते कालि पाईए ताका वर्णन है। मार्गणा के भेद का पलटना भए। अथवा मार्गणा के भेद का सद्भाव होतै विवक्षित गुणस्थान का अंतराल भया था ताकी बहुरि प्राप्ति भए' विस अंतराल का अभाव हो है। ऐसे प्रसंग पाइ काल का अर अतर कथन कीया है सो जानना ॥ इति सपूर्ण ॥

पोथी ज्ञान बाई की।

१६ **क्षपणासार टीका—माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव** । पत्र संख्या-६६ । साइज-१४×६½ इच । भाषा-सस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८७६ ।

विशेष—आचार्य नेमिचन्द्र कृत क्षपणासार की यह सस्कृत टीका है। मूल रचना प्राकृत भाषा में है।

२०. **गुणस्थान चर्चा—** । पत्र सख्या-५२ । साइज-१२×७ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८६२ ।

विशेष—चौदह गुणस्थानों पर विस्तृत चार्ट (संदृष्टि) हैं।

२१ प्रति नं० २—पत्र सख्या-३६ । साइज-१२×७½ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८६३ ।

२२ प्रति न० ३—पत्र सख्या-५१ । साइज-१०½×६ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ८६४ ।

२३. **गोमट्टसार—आ० नेमिचन्द्र** । पत्र संख्या-७२६ । साइज-१४×६½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन न० ६८६ ।

विशेष—७२६ से आगे पत्र नहीं हैं। प्रति सस्कृत टीका सहित है।

२४. प्रति न० २—पत्र स०-१६३ से ८४८ । साइज-१२½×५ इञ्च । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ७८५ ।

विशेष—प्रति सस्कृत टीका सहित है।

२५. प्रति न० ३—पत्र संख्या-६५ । साइज-११×५ इञ्च । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ६८७ ।

विशेष—जीवकाण्ड मात्र है गाथाओं पर संस्कृत में पर्यायवाची शब्द हैं।

२६. प्रति नं० ४—पत्र सख्या १७२ । साइज–१३×८ इञ्च । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६६२ ।

विशेष—हिन्दी अर्थ सहित है । आगे के पत्र नहीं है ।

२७. प्रति नं० ५—पत्र संख्या–४० । साइज–१०×५½ इञ्च । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६६४ ।

२८. प्रति नं० ६—पत्र सख्या–११ । साइज–११×५½ इञ्च । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६३१ ।

विशेष—प्रति संस्कृत टब्बा टीका सहित है ।

२६. प्रति नं० ७—पत्र सख्या–२४८ से ५३१ । साइज–२०×७¾ इञ्च । × । लेखन काल–सं० १७६६ । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६८५ ।

विशेष—२४६ से २५३, ३७१ से ४४०, ४८८ से ५२८ तक पत्र नहीं हैं ।

यति नैण सागर ने प्रतिलिपि की थी । स० १७६६ मे महाराजा जयसिंह के शासन काल में सवाई जयपुर में जोधराज पाटोदी द्वारा उस निमित्त (बनवाये हुए) ऋषभदेव चैत्यालय में गुलाबचन्द गोदीका ने प्रतिलिपि करवा कर इस ग्रंथ को भेंट किया था । केशववर्णि की कर्णाटक वृत्ति के आधार पर संस्कृत टीका दी हुई है ।

प्रशस्ति—सवत्सरे नव-नारद-मुनिंदुमिते १७६६ भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे पंचमीतिथौ सवाईजयपुरनाम्नि नगरे महाराजाधिराजसवाईजयसिंहराज्यप्रवर्तमाने पाटोदी गोत्रीय साह जोधराज कारित श्री ऋषभदेव चैत्यालय । श्री मूलसंघे नद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकजित् श्री जगत्कीर्तिदेवास्तत्पट्टे प्रमाणद्वयावछिन्न प्रतिमाधारक भट्टारकजित् श्री देवेन्द्रकीर्तिदेवा । तत्पट्टधारक कुमतिनिवारक कैतुप्रमोदनिवारक भवसय-भजक भट्टारकाधिराजजित् श्री महेन्द्रकीर्ति देवाम्नाये खंडेलवाल वशोत्पन्न भाँवसा गोत्रीयमध्ये गोदीकेति नाम्ना प्रसिद्धा श्रेष्ठीजित श्री लूणकरणाख्यास्तत्पुत्र श्री भगवद्धर्म प्रकटनकरणपर साह जी रूपचन्द जी कस्तत्पुत्रः राद्धांतवितरणेवमितानादिमिथ्यात्वनिकरेण चिरंजीवजित श्री गुलाब चन्द्रेण इदं गोमट्टसार शास्त्र लिखाप्य भट्टारक जित् श्री महेन्द्र कीर्तिये प्रदत्त ॥

३०. **गोमट्टसार भाषा—पं० टोडरमलजी (लब्धिसार क्षपणासार सहित)** पत्र संख्या–१०५३ । साइज–१०×६½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–स० १८१८ माघ सुदी ५ । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७१२ ।

विशेष—कई प्रतियों का सम्मिश्रण है । बहुत से पत्र स्वयं पं० टोडरमलजी के हाथ के लिखे प्रतीत होते हैं । ग्रंथ का विस्तार ६०,००० श्लोक प्रमाण है ।

३१. प्रति नं० २—पत्र सख्या–११०४ । साइज–१५×५ इञ्च । लेखन काल–सं० १८६१ पौष बुदी १२ । अपूर्ण । वेष्टन नं० ७१६ ।

विशेष —संदृष्टि के अलग पत्र हैं। ११८, १३३ तथा २०२ के पत्र नहीं हैं।

३२. प्रति नं० ३—पत्र संख्या–१०३५ । साइज–१२½×६½ इंच । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७१७ ।

३३. प्रति नं० ४—पत्र संख्या–३११ । साइज–१३½×८ इञ्च । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८११ ।

विशेष—केवल कर्मकाण्ड भाषा है।

३४ प्रति नं० ५—पत्र संख्या–२२ । साइज–१४×६½इञ्च । लेखन काल–× अपूर्ण । वेष्टन नं० ८७६ ।

विशेष—जीवकाण्ड की भाषा मात्र है।

३५ **गोमट्टसार कर्मकाण्ड टीका—सुमति कीर्ति** । पत्र संख्या-४५ । साइज–११×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० २० ।

३६ **गोमट्टसार कर्मकाण्ड भाषा—पं० हेमराज** । पत्र संख्या–२४ । साइज–११½×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १७०६ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३६६ ।

विशेष —पं० सेवा ने सरोजपुर में प्रतिलिपि की थी। ग्रंथ का प्रारम्भ और अन्तिम भाग निम्न प्रकार है—

प्रारम्भ—पणमिय सिरस णेमिं गुण रयण विहूसण महावीर ।
सम्मत्तरयणनिलय पयडि समुक्कित्तण वोछं ॥ १ ॥

अर्थ—अह नेमिचद्राचार्य प्रकृती समुत्कीर्त्तन वद्ये । अहं हूं जु हौं नेमिचद्र ऐसे नाम आचार्य सो प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन प्रकृति हु कार हैं समुत्कीर्त्तन कथन जिस विषै ऐसा जु ग्रंथ कर्मकांड नामा तिसहि वद्ये कहूंगा । किंकृत्वा कहा करि सिरसा नेमिं प्रणम्य सिरकरि श्री नेमिनाथ को नमस्कार करिकै । कैसे है नेमिनाथ गुणरत्न विभूषण–अनंत ज्ञानादिक जु गुण तेई हुवे रत्न तेई है विभूषण आभरण जिनके । बहुरि कैसे हैं महावीर महासुभट हैं कर्म के नासकरण कौं । बहुरि कैसे है सम्यक्त रत्न निलय । सम्यक्त रूप जु है रत्न तिसके निलय स्थानक है ।

अन्तिम—अरु जिस काल यह जीव पूर्वोक्त प्रत्यनीक आदिक क्रिया विषै प्रवर्त्तै, तब जैसी कुछ उत्कृष्ट मध्यम जघन्य शुभाशुभ क्रिया होई, तिस माफिक कर्म हूँ का बध करै स्थिति अनुभाग की विशेषता करि । तिस नै समय समय बध जु करै सुतौ स्थित अनुभाग की हीनता करि । अरु जु प्रत्यनीक आदिक पूर्वोक्त क्रिया करि करै सुस्थित अनुभाग की विशेपता करि यह सिद्धान्त जाणना । इय भाषा टीका पडित हेमराजेन कृता स्वबुद्धयानुसारेण । इति कर्म कांड भाषा टीका सम्पूर्ण । इति सवत्सरे अस्मिन् विक्रमादित्यराजैससदशसत सतषटोत्तर १७०६ अत्र सरोजपुरे सन्निधे पुस्तकं लिख्यत पडित सेवा स्वपठनार्थं ॥

३७ प्रति नं० २—पत्र संख्या–७६ । साइज–११×५½ इञ्च । लेखन काल–सं० १८२५ आसोज सुदी १० । पूर्ण । वेष्टन नं० ३६६ ।

विशेष—कोटा में प्रतिलिपि हुई थी।

३८. चर्चाशतक—द्यानतराय। पत्र संख्या-५३। साइज-११×८ इञ्च। भाषा-हिन्दी (पद्य)। विषय-सिद्धान्त। रचना काल-×। लेखन काल-सं० १६२४ चैत सुदी ६। पूर्ण। वेष्टन नं० ७८३।

विशेष-यह प्रति वधीचन्द साहामिका के शिष्य हरजीमल पानीपत वाले की हिन्दी टब्बा टीका सहित है।

३६ प्रति नं० २—पत्र संख्या-४७। १५½×११½ इंच। लेखन काल-सं० १६३८ ज्येष्ठ सुदी ७। पूर्ण। वेष्टन नं० ७८४।

विशेष—प्रति बहुत सुन्दर है-हिन्दी टब्बा टीका सहित है। बीच २ में नक्शे आदि भी दिये हुए हैं।

४०. प्रति नं० ३—पत्र संख्या-६३। साईज-१२×५½ इंच। लेखन काल-सं० १६०६ माघ सुदी ६। पूर्ण। वेष्टन नं० ८०८।

विशेष—प्रत्येक पत्र पर ३ पंक्तियां हैं।

४१ चर्चासमाधान—भूधरदास जी पत्र संख्या-७६। साइज-१०½×५ इंच। भाषा-हिन्दी। विषय—चर्चा। रचना काल-×। लेखन काल सं० १८८४। पूर्ण। वेष्टन नं० ३६१।

४२. प्रति नं० २—पत्र संख्या-११३। साइज-१०½×५ इञ्च। लेखन काल-सं०१८८३। पूर्ण। वेष्टन नं० ३६२।

४३. प्रति नं० ३—पत्र संख्या-६३। साइज-११×५½ इंच। लेखन काल-सं० १८४८। पूर्ण। वेष्टन-३६३।

४४. चर्चासंग्रह—पत्र संख्या-२७२। साइज-१२×६ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-चर्चा। रचना-काल-×। लेखन काल-×। अपूर्ण। वेष्टन नं० २५६।

विशेष—गोमट्टसार त्रिलोकसार, क्षपणासार आदि ग्रन्थों के आधार पर धार्मिक चर्चाओं को यहाँ संग्रह किया गया है। चर्चाओं के नाम निम्न प्रकार हैं चर्चा वर्णन, कर्मप्रकृति वर्णन, तीर्थंकर वर्णन, मुनि वर्णन, नरक वर्णन, मध्यलोकवर्णन, अन्तरकालवर्णन समोसरमवर्णन श्रुतिज्ञानवर्णन। नरकनिगोदवर्णन। मोक्षसुखवर्णन, अन्तरसमाधिवर्णन, कुदेववर्णन आदि।

४५. चौबीस ठाणा चर्चा—आ० नेमिचन्द्र। पत्र संख्या-५६ से १२७। साइज—१२×६ इञ्च। भाषा प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। रचाना काल-×। लेखन काल-×। अपूर्ण। वेष्टन नं० ३२०।

विशेष—संस्कृत में टीका दी हुई है।

४६. प्रति नं० २—पत्र संख्या-१२३। साइज-११½×४½ इञ्च। लेखन काल-सं० १७८३। पूर्ण। वेष्टन नं० १६६।

विशेष—प्रति संस्कृत टब्बा टीका सहित है। टीकाकार आनन्द राम है।

४७. **चौबीसठाणा चर्चा भाषा**—पत्र सख्या-५२ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८८५ माह बुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३५६ ।

विशेष—भाषाटीका का नाम बाल बोध-चर्चा दिया हुआ है ।

४८. प्रति नं० २—पत्र संख्या-३० । साइज-६×५ इञ्च । लेखन काल-सं० १८२३ कार्तिक बुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३५८ ।

विशेष—खुशालचंद ने प्रतिलिपि की थी ।

४९. **चौबीसठाणा चर्चा**—पत्र सख्या-३३ । साइज-१०×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ८६१ ।

५०. **चौबीसठाणा चर्चा**—पत्र सख्या-६ । साइज-६¾×४¾ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ५४६ ।

५१ **चौबीसठाणा चर्चा**—पत्र संख्या-३८ । साइज-११¾×५¾ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८२० । पूर्ण । वेष्टन न० ५४५ ।

विशेष—हिंडोली में प्रतिलिपि हुई थी ।

५२ **चौबीसठाणा पीठिका**—पत्र सख्या-८ । साइज-१३×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ११२७ ।

५३. **चौबीसठाणा पीठिका**—पत्र सख्या-४३ । साइज-११¾×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ५१६ ।

५४. **जीवसमास वर्णन—आ० नेमिचन्द्र** । पत्र सख्या-१४ । साइज-१२×५¾ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ३२१ ।

विशेष—गोमट्टसार जीवकांड में से गाथाओं का सग्रह है ।

५५ प्रति न २—पत्र सख्या-४५ । साइज-११×५ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ३२२ ।

विशेष—गाथाओं पर सस्कृत में अर्थ दिया हुआ है ।

५६. **ज्ञानचर्चा**—पत्र संख्या-४६ । साइज-६¾×५¾ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-चर्चा । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ३५७ ।

विशेष—गोमट्टसार, त्रिलोकसार, क्षपणासार आदि ग्रंथों के अनुसार भिन्न २ चर्चाओं का संग्रह है ।

५७. **तत्त्वसार—देवसेन** । पत्र सख्या-४ । साइज-१०¾×४¾ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७० ।

विशेष—प्रति प्राचीन है ।

५८. तत्त्वार्थसूत्र—उमास्वामि । पत्र संख्या-२३ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८७३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ५१४ ।

विशेष—प्रारम्भ में भक्तामर स्तोत्र तथा द्रव्य संग्रह की गाथायें दी हुई हैं ।

५९. प्रति नं० २—पत्र संख्या-२३ । साइज-१०½×५ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ५२४ ।

विशेष—पत्र लाल रंग के हैं तथा चारों ओर बेलें हैं ।

६०. प्रति नं० ३—पत्र सं०-१५ । साइज-११×५½ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ५३१ ।

६१. प्रति नं० ४—पत्र संख्या-७ । साइज-१०½×७ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ५६८ ।

६२. प्रति नं० ५—पत्र संख्या-१८ । साइज-११½×५½ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० [illegible] ।

६३. प्रति नं० ६—पत्र संख्या-७ । साइज-१२½×६ इञ्च । लेखन काल-१९२३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ६०६ ।

६४. प्रति नं० ७—पत्र संख्या-३-१६ । साइज-१०×४½ इञ्च । लेखन काल-× अपूर्ण । वेष्टन नं० ६६६ ।

विशेष—एक पत्र में ४ पंक्तियाँ हैं ।

६५. प्रति नं० ८—पत्र संख्या-७ । साइज-१०×४ इञ्च । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०४१ ।

विशेष—प्रति प्राचीन है ।

६६. प्रति नं० ९—पत्र संख्या-७२ । साइज-७×५½ इंच । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १४८ ।

विशेष—भक्तामर स्तोत्र तथा पूजायें भी संग्रह हैं ।

६७. प्रति नं० १०—पत्र संख्या-२० । साइज-११½×५½ इंच । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १४२ ।

विशेष—तीन चौबीसी नाम तथा भक्तामर स्तोत्र भी है ।

६८. प्रति नं० ११—पत्र संख्या-४५ । साइज-१०½×५½ इंच । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २२१ ।

विशेष—हिन्दी टब्बा टीका सहित है ।

६९. प्रति नं० १२—पत्र संख्या-[illegible] । साइज-१०½×५½ इंच । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० [illegible] ।

विशेष—हिन्दी टब्बा टीका सहित है ।

७०. प्रति न० १३—पत्र सख्या-५० । साइज-१०½×७½ इच । लेखन काल-X । पूर्ण । वेष्टन न० ८५० ।

विशेष – हिन्दी टव्वा टीका सहित है ।

७१ प्रति न० १४—पत्र सख्या-१६ । साइज-११×५½ इच । लेखन काल-X । पूर्ण । वेष्टन नं० ४६० ।

७२. प्रति न० १५—पत्र संख्या-१५ । साइज-१०×५ इश्च । लेखन काल-X । पूर्ण । वेष्टन न० ३०४ ।

७३. प्रति नं० १६—पत्र सख्या-१३ । साइज-६×४½ इश्च । लेखन काल-स० १८१२श्रावण सुदी १४ । पूर्ण । वे टन नं० ३०५ ।

७४. प्रति नं० १७—पत्र सख्या-१० । साइज-६×४½इश्च । लेखन काल-X । पूर्ण । वेष्टन नं० ३०६ ।

७५. प्रति नं १८—पत्र संख्या-६ । साइज-११½×६½ इश्च X । लेखन काल-X । वेष्टन न० ३०७ ।

विशेष--प्रत्येक पत्र के चारों ओर सुन्दर बेलें हैं ।

७६ प्रति न० १६—पत्र सख्या-६६ । साइज-११×५ इंच । लेखन काल-X । पूर्ण । न० ४८७ । वेष्टन न० ४ ।

विशेष--सूत्रों पर संक्षिप्त हिन्दी अर्थ दिया हुआ है । अक्षर मोटे हैं । एक पत्र मे तीन पक्तियाँ हैं ।

७७. प्रति न० २०—पत्र सख्या-६३ । साइज-१२×५½ इश्च । लेखन काल-X । पूर्ण । वेष्टन

विशेष--हिन्दी टव्वा टीका सहित है प्रति प्राचीन है ।

७८. प्रति न० २१— पत्र सख्या-८६ । साइज-११×५ इच । लेखन काल-सं० १६४६ कार्तिक सुदी १५ । पूर्ण । वेष्टन नं० ६६ ।

विशेष—यह प्रति सस्कृत टीका सहित है जिसमें प्रभाचन्द्र कृत लिखा हुआ है । लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है । कहीं कहीं हिन्दी में भी टीका दी हुई है ।

प्रशस्ति—सवत् १६४६ वर्षे शाके १५१४ कार्तिक सुदी १५ गुरुवासरे मालपुरा वास्तव्ये महाराजाधिराज श्री कवर माधोसिंह जी राज्ये प्रवर्तमाने श्री मूलसघे नद्याम्नाये वलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्री कुन्द कुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्री प्रभाचन्द्रदेव विरचिता । यह ग्रन्थ भीमराज वैद्य ने मनोहर सोंका से पढ़ने के लिये मोल लिया था ।

७६ तत्त्वार्थ सूत्र वृत्ति—पत्र सख्या-२८ । साइज-१०½×४½ इच । भाषा-सस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-X । लेखन काल-स० १५४७ वैशाख सुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन न० ६६ ।

विशेष—टीका में मूल सूत्र दिये हुऐ नहीं है । टीका सचित्त है ।

प्रशस्ति--संवत् १५५७ वर्षे वैशाख सुदी ७ श्री मूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये मंडला चार्य रत्नकीर्ति शिष्येण ब्र० रत्नेन लिखापितं ।

८० तत्त्वार्थसूत्र वृत्ति—योगदेव । पत्र संख्या-१११ । साइज-१०×४½ इंच । भाषा-संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६३८ ज्येष्ठ बुदी १३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ६८ ।

विशेष—भट्टारक प्रभाचन्द्र देव की आम्नाय के अजमेरा गोत्रवाले साह सातू व उनकी भार्या सुहागदे ने यह ग्रन्थ स० १६३८ में लिखवा कर षोडषकारण व्रतोद्यापन में मंडलाचार्य चन्द्रकीर्ति को भेंट किया था ।

८१. तत्त्वार्थसूत्र—पत्र संख्या-१२३ । साइज-१२×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना-काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ६७ ।

विशेष—संस्कृत तथा हिन्दी में अर्थ दिया हुआ है तथा दोनों भाषाओं की टीकायें सरल हैं ।

८२ तत्त्वार्थसूत्र भाषा टीका—कनककीर्ति—पत्र संख्या-२७१ । साइज-६×५½ इंच । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८३६ । वेष्टन नं० ८३४ ।

विशेष—नेण सागर ने जयपुर में प्रतिलिपि की थी । पत्र १७५ से २७१ तक बाद में लिखे हुऐ हैं अथवा दूसरी प्रति के हैं ।

प्रारम्भ—मोक्ष मार्गस्य नेतार भेत्तार कर्म्मभूभृतां । ज्ञातारं विश्व तत्त्वानां वंदे तद्गुण लब्धये ॥ १ ॥ टीका-अह उमास्वामी मुनीश्वर मूल ग्रंथ कारक । श्री सर्वज्ञ वीतराग वंदे कहता श्री सर्वज्ञ वीतराग नै नमस्कार करूं छूं । किसा इक छै श्री वीतराग सर्वज्ञ देव, मोक्ष (ख) मार्ग्गस्य नेतारं कहतां मोक्षमार्ग का प्रकासका करवा वाला छै । औरु किसा इक छै सर्वज्ञ देव कर्म्म भूभृतां भेत्तार कहतां ज्ञानावरणादिक आठ कर्म त्यह रूपि पर्वत त्यांह का भेदिवा वाला छै ।

अन्तिम—कै इक जीव चारण रिधि करि सिध छै । कै इक जीव चारण विना सिध छै । कै इक जीव घोर तप करि सिध छै । कै इक जीव अघोर तप करि सिध छै । कै इक जीव उरध सिध छै । कै इक मध्य सिध छै । कै इक जीव अधो सिध छै । इह भांति करि घणा ही भेदा सौं सिध हुआ छै । सो सिधांत सु समझि लीज्यों । इति तत्त्वार्थाधि गमे मोक्ष शास्त्रे दसमीयां पोसतक लिखत नेण सागर का चीमनराम दोसी सवाई जैपुर में लिख्यौं संवत १८४६ में पुरी कियो ।

८३ प्रति नं० २—पत्र संख्या-१२२ । साइज ८×४ इंच । लेखन काल- × । पूर्ण । वेष्टन नं० ८२३ ।

विशेष—श्रुतसागरी टीका के प्रथम अध्याय की हिन्दी टीका है ।

८४. प्रति नं० ३—पत्रसंख्या-२१६ । साइज-१०×७ इंच । लेखन काल-स० १८४० । पूर्ण । वेष्टन नं० ७३५ ।

विशेष— चैन सागर ने सांभर में लिपि की थी । प्रारम्भ के पत्र नहीं है यद्यपि संख्या १ से ही प्रारम्भ है ।

८५ प्रति नं ४—पत्र संख्या-११२ । साइज-१२×५½ इञ्च । लेखन काल-सं० १७३८ ज्येष्ठ सुदी ३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ७३८ ।

विशेष—दूसरे अध्याय से है। वेष्टन नं० ७४७ के समान है।

८६ प्रति नं० ५—पत्र सख्या-८२। साइज-११½×४½ इञ्च। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ७४७। वेष्टन न० ८३४ के समान है।

८७. प्रति नं० ६—पत्र संख्या-१३१। साइज-८½×४ इञ्च। लेखन काल-वैशाख सुदी ५ स० १७७६। पूर्ण। वेष्टन न० ८२३।

विशेष—पापडदा में ग्रन्थ की प्रतिलिपि की गई थी। लिखितं ऋषि जत्रीराजेण। लिखापितं श्री संघेन नगर पापडदा मध्ये। दूसरे अध्याय से लेकर १० वें अध्याय तक की टीका है। यह टीका उतनी विस्तृत नहीं है जितनी प्रथम अध्याय की है।

८८. तत्त्वार्थसूत्र भाषा—जयचन्द्र छाबडा। पत्र संख्या-४४०। साइज-१०×७ इञ्च। भाषा-हिन्दी गद्य। विषय-सिद्धान्त। रचना काल- स०१८६५ चैत सुदी ५। लेखन काल-सं० १८६५। पूर्ण। वेष्टन नं० ७३२।

विशेष—महात्मा लालचन्द ने प्रतिलिपि की थी।

८६. तत्त्वार्थसूत्र भाषा—सदासुख कासलीवाल। पत्र संख्या-३३६। साइज-११×७ इञ्च। भाषा-हिन्दी गद्य। विषय-सिद्धान्त। रचना काल सं० १९१४ वैशाख सुदी १०। लेखन काल-स० १९३६ कार्तिक सुदी २। पूर्ण। वेष्टन नं० ७२१।

विशेष—सदासुख जी कृत तत्त्वार्थ सूत्र की यह वृहद टीका है। टीका का नाम 'अर्थ प्रकाशिका' है। ग्रन्थ की रचना सं० १९१२ में प्रारम्भ की गई थी।

६०. तत्वार्थ सूत्र भाषा—सदासुख कासलीवाल। पत्र सख्या-१२३। साइज-८×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी गद्य। विषय-सिद्धान्त। रचना काल-सं० १९१० फाल्गुण सुदी १०। लेखन काल-स० १९१६ आषाढ सुदी १। पूर्ण। वेष्टन नं० ७५२।

विशेष—सदासुखजी द्वारा रचित तत्त्वार्थ सूत्र की लघु भाषा वृत्ति है।

६१. प्रति न २—पत्र संख्या-१२७। साइज-११×५ इञ्च। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० ७५३।

६२ तत्वार्थ सूत्र टीका भाषा—पत्र संख्या-१ से १००। साइज-१५×७ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। रचना काल-×। लेखन काल-×। अपूर्ण। वेष्टन न० ७८०।

विशेष—१०० से आगेकेपत्र नहीं है। प्रारम्भिक पद्य निम्न प्रकार हैं—

श्रीवृषमादि जिनेश वर, अंत नाम शुभ वीर।
मनवचकायविशुद्ध करि, वदों परम शरीर ॥ १ ॥

करम धराधर भेदि जिन, मरम चराचर पाय ।
धरम बराबर कर नमू, सुगुरु परापर पाय ॥ २ ॥

६३ तत्त्वार्थसूत्र भाषा—पत्र सख्या–३१ । साइज–१०½×७½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन न० ७०३ ।

६४. तत्त्वार्थसूत्र भाषा—पत्र सख्या–७७ से १७८ । साइज–६×४½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन न० ८३५ ।

६५. तत्त्वार्थबोध भाषा—बुधजन । पत्र संख्या–७७ । साइज–१०½×७ इञ्च । भाषा–हिन्दी (पद्य) । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–१८७९ कार्तिक सुदी ५ । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न०७३३ ।

विशेष—२०२९ पद्य हैं । प्रति नवीन एवं शुद्ध है रचना का अन्तिम पाठ निम्न प्रकार है—

अन्तिमपाठ— सुवस वसै जयपुर तहाँ, नृप जयसिंह महाराज ।
बुधजन कीनौं ग्रंथ तह निज परहित के काज ॥ २०२७ ॥

संवत् ठारासै विषै अधिक गुण्यासी वेस ।
कातिक सुदि ससि पचमी पूरन ग्रन्थ असेस ॥ २०२८ ॥

मंगल श्री अरहत सिद्ध मंगल दायक सदा ।
मगल साध महत, मंगल जिनवर धर्मवर ॥ २०२९ ॥

६६. तत्त्वार्थरत्नप्रभाकर—प्रभाचन्द्र । पत्र संख्या–१२० । साइज–८×५½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–स० १७७७ । पूर्ण । वेष्टन न० ३०३ ।

विशेष—तत्त्वार्थ सूत्र की यह टीका मुनि श्री धर्मचन्द्र के शिष्य प्रभाचन्द्र द्वारा विरचित है । मक्सूदाबाद में भट्टारक श्री दीपकीर्ति के प्रशिष्य एवं लालसागर के शिष्य रामजी ने प्रतिलिपि की थी । १०६ पत्र के आगे नेमिराजुल गृहमासा तथा राजुल पच्चीसी, शारदा स्तोत्र (भ० शुभचन्द्र) सरस्वती स्तोत्र मत्र सहित स्तोत्र और दिया हुआ है ।

६७. तत्त्वार्थराजवार्तिक—भट्टाकलंकदेव । पत्र संख्या–३ से ११७ । साइज–११×७½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६६१ ।

६८. प्रति न० २—पत्र संख्या–१ से ५३ । साइज–१५×६¾ इञ्च । लेखन काल–× । अपूर्ण वेष्टन नं० ६४७ ।

६९. तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकालंकार—आचार्य विद्यानन्दि । पत्र संख्या–५३२ । साइज–१२×६ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १७६५ श्रावण सुदी १ । पूर्ण । वेष्टन नं० १६४ ।

विशेष—ग्रन्थ श्लोक सख्या २०००० प्रमाण है।

१००. तत्त्वार्थसार—पत्र संख्या–४। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल। पूर्ण। वेष्टन नं० ५१३।

१०१. त्रिभंगी सग्रह—पत्र सख्या–८५। साइज–१०×५½ इच। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–स० १७२२ श्रावण सुदी ११। पूर्ण। वेष्टन न० १३।

विशेष—साह नरहर दास के पुत्र साह गंगाराम ने यह प्रति लिखवायी थी।

ग्रन्थ में निम्न त्रिभगियों का सग्रह है—

बध त्रिभगी, उदयउदीरणा त्रिभगी (नेमिचन्द्र), सत्ता त्रिभगी, भावत्रिभगी तथा विशेष सत्ता त्रिभगी।

१०२ त्रिभंगीसार—श्रुतमुनि। पत्र सख्या–३६। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–×। पूर्ण। वेष्टन नं० ३०३।

१०३ द्रव्यसग्रह—आ०नेमिचन्द्र। पत्र सख्या–११। साइज–१०½×७ इच। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–स० १८३१ श्रावण सुदी १५। पूर्ण। वेष्टन न० ७५।

विशेष—हिन्दी अर्थ सहित है।

१०४. प्रति नं० २—पत्र सख्या–१३। साइज–१२×५½ इञ्च। लेखन काल–स० १७३६ कार्तिक सुदी ८। पूर्ण। वेष्टन न० ७६।

विशेष—सस्कृत तथा हिन्दी अर्थ सहित है।

१०५. प्रति न० ३—पत्र सख्या–३६। साइज–१२×५इञ्च। लेखन काल–स०१७८६ सावन सुदी ११। पूर्ण। वेष्टन नं० ७७।

विशेष—पर्वतधर्मार्थीकृत बालबोधिनी टीका सहित है। लालसोट में भट्ट रतनजी ने प्रतिलिपि की थी।

१०६. प्रति नं० ४—पत्र सख्या–२। साइज–८½×६¾ इञ्च। लेखन काल–×। पूर्ण। वेष्टन न० ७८।

१०७. प्रति न० ५—पत्र सख्या–३। साइज–११×५½इञ्च। लेखन काल–×। पूर्ण। वेष्टन नं० ७६।

विशेष—पद्मनन्दि के शिष्य ब्रह्मरूप ने प्रतिलिपि की।

१०८ प्रति न० ६—पत्र सख्या–६। साइज–१०×४½ इच। लेखन काल–×। पूर्ण। वेष्टन न० ८०।

विशेष—इसी प्रकार की ७ प्रतिया और हैं। वेष्टन नं० ८१ से ८७ तक है।

१०९. प्रति नं० १४—पत्र सख्या–६ । साइज–१२×५½ इंच । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८८ ।

विशेष—गाथाओं पर हिन्दी अर्थ दिया हुआ है ।

११०. प्रति नं० १५—पत्र सख्या–११ । साइज–१०½×४¾ इंच । लेखन काल–सं० १८२५ ज्येष्ठ सुदी १२ । पूर्ण । वेष्टन नं० ८९ ।

विशेष—माधोपुर में पं० नगराज ने प्रतिलिपि की ।

१११. प्रति नं० १६—पत्र सख्या–९ । साइज–११×५ इन्च । लेखन काल–× । पूर्ण वेष्टन नं० ९० ।

विशेष—लेखक प्रशस्ति—शरदि पशुपतीलयाए गवस्वब्जांकिते पुण्य समय मासे अर्जुनेतरपक्षे तिथौ त्रयोदश्यां भौम वासरे सवाईजयनगरे कामपालगजे वृषभचैत्यालय पंडितोत्तम विद्वद्वरजिच्छ्री रामकृष्णजितक्तच्छिष्य विद्वद्वरेण सकलगुण निधान जिच्छ्री नगराजे जित्तच्छिष्य बाल कृष्णेन स्वपठनार्थं लिखित ।

प्रति संस्कृत टीका सहित है ।

११२. प्रति नं० १७—पत्र सख्या–९२ । साइज–१०½×५ इंच । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ९१

विशेष—संस्कृत में पर्यायवाची शब्द दिये हुऐ हैं।

११३ प्रति नं० १८—पत्र सख्या–७ । साइज–८½×४½ इंच । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ५६ ।

११४ प्रति नं० १९—पत्र सख्या–७ । साइज–१२×५½ इंच । लेखन काल–सं० १८२० । पूर्ण । वेष्टन ५७ ।

विशेष—जीवराज छाबडा ने अपने पढने को प्रतिलिपि कराई ।

११५. प्रति नं० २०—पत्र सख्या–७ । साइज–१२×५½ इंच । लेखन काल–सं० १९०९ । पूर्ण वेष्टन नं० ५८ ।

११६. द्रव्यसंग्रह वृत्ति—ब्रह्मदेव । पत्र सख्या–१७० । साइज–१०×६ इंच । भाषा-संस्कृत विषय-सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७४६ ।

११७. द्रव्यसंग्रह भाषा—पर्वतधर्मार्थी । पत्र सख्या–२६ से ५६ । साइज–१०×४½ इंच । भाषा-गुजराती । विषय-सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १७५८ कार्तिक सुदी ९ । पूर्ण । वेष्टन नं० ७४२ ।

विशेष—मथुरा में प्रति लिखी गई थी । धमरपाल ने लिखवायी थी ।

११८. प्रति नं० २—पत्र संख्या-३५। साइज-११½×५ इंच। लेखन काल-स० १७५३ पौष सुदी १०। पूर्ण। वेष्टन न० ७४३।

विशेष—सग्रामपुर नगर में प्रतिलिपि हुई।

११६ प्रति न० ३—पत्र संख्या-३१। साइज-१२×६ इंच। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ७४४।

विशेष—प्रतियाँ वर्षा में भीगी हुई हैं।

१२०. प्रति न० ४—पत्र सख्या-४८। साइज-१२×५½ इंच। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० ७४५।

१२१ द्रव्यसंग्रह भाषा—जयचन्द्जी। पत्र सख्या-३७। साइज-१०½×७ इंच। भाषा-हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। रचना काल-× लेखन काल-स० १८६५। पूर्ण। वेष्टन न० ७२६।

१२२. प्रति न २—पत्र सख्या-४६। साइज-१०½×७ इञ्च। लेखन काल-स० १८६४। पूर्ण। वेष्टन न० ७३०।

१२३. प्रति न० ३—पत्र संख्या-४८। साइज-१०½×६ इंच। लेखन काल-स० १८६८ भादवा सुदी १४। पूर्ण। वेष्टन न० ७४१।

विशेष—महात्मा देवकर्ण ने सवाय में प्रतिलिपि की। हंसराज ने प्रतिलिपि कराकर बधीचन्द के मन्दिर में स्थापित की। पहले तथा अन्तिम पत्र के चारों ओर लाइनें स्वर्ण की रगीन श्याही में है, अन्य पत्रों के चारों ओर बेलें तथा बूँटे अच्छे हैं। प्रति दर्शनीय है।

१२४ द्रव्यसंग्रह भाषा—वंशीधर। पत्र सख्या-३०। साइज-१०×६½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ८५७।

विशेष—प्रारम-जीवमजीवं दव्व इत्यादि गाथा की निम्न हिन्दी टीका दी हुई है।

टीका—ग्रह कहिये मैं छ हो सिद्धातचक्रवर्ति श्री नेमिचद्र नामा आचार्य सो तं कहिये आदिनाथ महाराज है ताहि सिरसा कहिये मस्तक करि सव्वदा कहिये सर्वकाल विषै वंदे कहिये नमस्कार करू हूँ।

अतिम—

टीका—भो मुणिणाहा कहिये है मुन्यों के नाथ हो जूय कहिये तुम जु हो ते इण दव्वं सगहे कहिये इहु द्रव्यसंग्रह ग्रन्थ है ताहि सोधयतु कहिये सौध्यो है मुनिनाथ हो तुम कैसाक हो...।

१२५. **द्रव्यसंग्रह भाषा**—पत्र संख्या-८६ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८४१ ।

विशेष—पहिले द्रव्य संग्रह की गाथायें दी हुई हैं और उसके पश्चात् गाथा के प्रत्येक पद का अर्थ दिया हुआ है।

१२६. **द्रव्य का व्योरा**—पत्र संख्या-१८ । साइज-४×६½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धांत । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन न० १००० ।

१२७ **पंचास्तिकाय—आ० कुन्दकुन्द** । पत्र सख्या-३३ । साइज-१०½×५ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८०५ । पूर्ण । वेष्टन न० ११६ ।

विशेष—मूल मात्र है।

१२८. **पचास्तिकाय टीका—अमृतचन्द्राचार्य** । पत्र सख्या-४३ । साइज-१२×५½ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८७२ फाल्गुण बुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन न० ११४ ।

१२६ **प्रति न० २**—पत्र सख्या-८० । साइज-१२×५½ इञ्च । लेखन काल-स० १८२५ आषाढ बुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन नं० ११५ ।

विशेष—सवलसिंह की पुत्री बाई रूपा ने जयपुर में प्रतिलिपि कराई थी।

१३०. **पचास्तिकाय प्रदीप—प्रभाचन्द्र** । पत्र सख्या- २२ । साइज-१३×६ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन न० ३८६ ।

विशेष—आ० कुन्दकुन्द कृत पञ्चास्तिकाय की टीका है। अन्तिम पाठ इस प्रकार है—

इति प्रभाचन्द्र विरचिते पचास्तिक प्रदीपे मूलपदार्थ प्ररूपणाधिकार समाप्तः ॥

१३१. **पचास्तिकाय भाषा—पं० हेमराज** । पत्र सख्या-१०४ । साइज-११×५½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-× । लेखन काल-स० १७२१ आषाढ बुदी ८ । अपूर्ण । वेष्टन न० ३२१ ।

विशेष—आमेर में शाह रिषभदास ने प्रतिलिपि कराई थी। प्रति प्राचीन है। हेमराज ने पञ्चास्तिकाय का हिन्दी गद्य में अर्थ लिखकर जैन सिद्धान्त के अपूर्व ग्रन्थ का पठन पाठन का अत्यधिक प्रचार किया था। हेमराज ने रूपचन्द्र के प्रसाद से ग्रथ रचना की थी।

१३२. **पंचास्तिकाय भाषा—बुधजन** । पत्र सख्या-६१ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी (पद्य) । विषय-सिद्धान्त । रचना काल-स० १८६२ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ३७५ ।

विशेष—सघी अमरचन्द दीवान की प्रेरणा से ग्रथ रचना की गयी थी। ग्रन्थ में ५८२ पद्य हैं। रचना का आदि अन्त निम्न प्रकार है—

मगलाचरण—

वदू जिन जित कर्म प्रति इष्ट, वाक्य विशद त्रिभुवन हित मिष्ट।
अतर हित धारक गुन वृन्द, ताके पद वदत सत इद ॥

अन्तिम पाठ—

पराकरत कुन्दकुन्द बखानी, ताका रहिस अमृतचन्द्र जानि।
टीका रची सहस कृत वानी, हेमराज वचनिका आनी ॥ ५७७ ॥
वरैं सम्यक्त्व मिथ्यात्व हरै,' भव सागर लील तै तरै।
महिमा मुख तै कही न जाय, बुधजन वदै मन वच काय ॥५७८ ॥
सागही अमर चन्द दीवान, मोकू कही दयावर आन।
मुन्नालाल फुनि नेमिचन्द सहमकिरत ग्यायक गुन वृन्द ॥
शब्द अर्थ धन यौ में लख्यो, भाशा करन तबें उमगख्यो ॥५८०॥
भक्ति प्रेरित रचना आनी, लिखो पढो बाचो भवि ज्ञानी।
जौ कहु यामै अशुध निहारो, मूलम थ लखि ताहि सुधारो ॥
रामसिंह नृप जयपुर बसै सुदि आसोज गुरु दिन दशै।
उगणी सै में घटि है आठ ता दिवस मैं रचयो पाठ ॥५८२॥

१३३. **भाव संग्रह—देवसेन**। पत्र सख्या–१ से ३४। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–प्राकृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–सं० १६२१ फाल्गुण बुदी ४। पूर्ण। वेष्टन नं० १११।

लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है—

विशेष – अथ श्री सवत् १६२१ वर्षे फाल्गुण बुदी ७ भौमवासरे। अथ श्री काष्ठा संघे माथुरा वये पुष्करग जिनाये, अग्रोत्कान्वये गोइल गोत्रे पचमीव्रत उद्धरण वीर साह जगरु तस्य भार्या देल्हाही तस्य पुत्र सा० बुजोखा तस्य भार्या वाल्हाही फतेहाबाद वास्तव्य। तयो पुत्रा षट् प्रथम पुत्र ·· ·· ।

१३४ **प्रति न० २**—पत्र सख्या–६१। साइज–११×५ इञ्च। लेखन काल–स० १६०१ मांगसिर सुदी १०। पूर्ण। वेष्टन न० ११२।

विशेष—शेरपुर निवासी पाटनी गोत्र वाले साह मलु ने यह शास्त्र लिखा था।

प्रशस्ति निम्न प्रकार है—

संवत् १६०१ मार्गसरी १० शुक्ले रेवती नक्षत्रे श्री मूलसघे नद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्री कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्री पद्मनन्दि देवा: तत्पट्टे भ० श्री शुभचन्द्र देवा तत्पट्टे भ० श्री जिणचन्द्र देवा तत्पट्टे भ०

श्री प्रभाचन्द्रदेवा तत्शिष्य वसुन्धराचार्य श्री धर्मचन्द्रदेवा तदाम्नाये खडेलवालान्वये शेरपुर वास्तव्ये पाटणी गोत्रे साह श्रवणा तद्भार्या तेजी तयोः पुत्रौ द्वौ प्र० सघी चापा द्वितीय सघी दूल्हा । सघी माया तद्भार्या श्रृ गारदे तयो पुत्राश्च चत्वार ।

प्रथम साह ऊधा द्वितीय साह दीपा तृतीय साह नेमा चतुर्थ साह मलू ।।साह ऊधा भार्या उर्धासिरि तत् पुत्र साह पर्वत तद्भार्या पोसिरी । साह दीपा भार्या देवलदे । साह नेमा भार्या लाडमदे तयो' पुत्र चि० लाला । साह मल्लू भार्या महमादे । साह'दूलह भार्या बुधी तयो पुत्रास्त्रय प्रथम सघी नानू द्वितीय सघी ठक्कुरसी तृतीय सघी।गुणदत्त । सघी नानू भार्या नायकदे तयो पुत्र चि० कौजू । सघी ठक्कुरदे भार्या पाटमदे तयो' पुत्रौ द्वौ प्रथम साह ईसर तद भार्या अहकारदे, द्वि० चि० सेवा । साह गुणदत्त भार्या गारवदे । तयो पुत्रास्त्रय प्रथम चि० गेगराज द्वि० चि० सुमतिदास तृ० चि० धर्मदास एतेषा मध्ये साह मलू इद शास्त्र लिखाप्य पचमीव्रतोद्योतनार्थं आचार्य श्री ललितकीर्ति आचार्य धनक राय दत्त' ।

१३५ भावसग्रह—श्रुतमुनि । पत्र सख्या–१ से १४ । साइज–११$\frac{1}{2}$×५ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–स० १५१० । पूर्ण । वेष्टन न० ११० ।

विशेष—कहीं २ सस्कृत में टीका भी है । लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है—

संवत् १५१० वर्षे आषाढ सुदि ६ शुक्ले गुरुजरदेशे कल्पवल्ली शुभस्थाने श्री आदिनाथचैत्यालये श्रीमत् काष्ठासघे नन्दीतटगच्छे विद्यागणे भट्टारक श्रीरामसेनान्वये भट्टारक श्री यशःकीर्ति' तत्पट्टे भट्टारक श्री उदयसेन, आचार्य श्री जिनसेन पठनार्थं ।

१३६. लब्धिसार—आ० नेमिचन्द्र । पत्र सख्या–६६ । साइज–१२$\frac{1}{2}$×४$\frac{3}{4}$ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचना काल–× । लेखन काल–स० १५५१ आषाढ सुदी १४ । पूर्ण । वेष्टन न० १०४ ।

विशेष—सस्कृत टीका सहित है । लेखक—प्रशस्ति निम्न प्रकार है ।

सवत् १५५१ वर्षे आषाढ सुदी १४ मगलवासरे ज्येष्ठानक्षत्रे श्री मेदपाटे श्रीपुरनगरे श्री ब्रह्मचालुकवंशे श्रीराजाधिराज रायश्री सूर्यसेनराज्यप्रवर्तमाने श्री मूलसघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे, श्री नंदिसघे श्री कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्री पद्मनदिदेवा तत्पट्टे श्री शुभचन्द देवा तत्पट्टे श्री जिनचन्द्र देवा तत् शिष्य मुनि रत्नकीर्ति तत् शिष्य मुनि लक्ष्मीचन्द्र खडेलवालन्वये श्री साह गोत्रे साह काल्हा भार्या रानादे तत् पुत्र साह वीभा, साह माधव, साह लाला, साह हू गा । वीभा भार्या विजयश्री द्वितीय भार्या पूना । विजय श्री भार्या पुत्र जिणदास भार्या जौणादे, तत् पुत्र साह गगा, साह सागा साह सहसा, साह चौडा । सहसा पुत्र पासा साम्रमिद लब्धिसारमिधान निजज्ञानावरणी कर्म क्षयार्थं मुनि लक्ष्मीचन्द्राय पठनार्थं लिखापित । लिखित गोगा ब्राह्मण गौड ज्ञातीय ।

जयत्यन्वहमर्हत सिद्धा. सूर्य्युपदेशका ।
साधवो भव्यलोकस्य शरणोत्तम मंगल ॥
श्री नागार्यतनूजातशातिनाथोपरोधत ।
वृत्तिर्भव्यप्रबोधाय लब्धिसारस्य कथ्यते ॥

१३७. **लब्धिसार टीका—माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव।** पत्र सख्या–६७। साइज–१४×६½ इच। भाषा–सस्कृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल·×। पूर्ण। वेष्टन न० ८७७।

विशेष—इस प्रति की स० १५८३ वाली प्रति से प्रतिलिपी की गई थी।

१३८. **प्रति न० २**—पत्र सरया–२४। साइज–१४×६½ इञ्च। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन न० ८७८

१३९. **लब्धिसार भाषा—प० टोडरमल।** पत्र सख्या–१ से ४५। साइज–१२½×७½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन न० ६९०।

१४०. **षट् द्रव्य वर्णन**—पत्र सख्या–११। साइज–१२×६½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन न० ६२५।

१४१. **सर्वार्थसिद्धि—पूज्यपाद।** पत्र संख्या–१२२'। साइज–११½×५½ इच। भाषा–सस्कृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–सं० १५२१ चैत सुदी ३। पूर्ण वेष्टन न० ८०।

विशेष—लेखक प्रशस्ति पूर्ण नहीं है। केवल सवत् मात्र है। प्रति शुद्ध है।

१४२. **सिद्धान्तसारदीपक—भ० सकलकीर्ति।** पत्र संख्या–५ से २१। साइज १२×५½ इच। भाषा–सस्कृत। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–×। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन न० १०७।

विशेष—तृतीय अधिकार तक है।

१४३ **प्रति न० २**—पत्र संख्या–१२ से ५०। साइज–१०½×६½ इञ्च। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन न० १०८।

१४४. **प्रति नं० ३**—पत्र सख्या–३८ से २७५। साइज–१०×४½ इच।। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन नं० २००।

१४५. **सिद्धान्तसारदीपक भाषा—नथमल बिलाला।** पत्र सख्या–२४५। साइज–१०½×७½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–सिद्धान्त। रचना काल–स० १८२४। लेखन काल–सं० १९३५। पूर्ण। वेष्टन न० ३९५।

धर्म एवं आचार-शास्त्र

१४६. अनुभवप्रकाश—दीपचन्द । पत्र संख्या-२२ । साइज-१२½×८ इंच । भाषा-हिन्दी गद्य । विषय-धर्म । रचना काल-सं० १७८१ पौष बुदी ५ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८४५ ।

१४७ अरहन्त स्वरूप वर्णन—पत्र संख्या-३ । साइज-८×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी (गद्य) । विषय-धर्म । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ११४४ ।

१४८ आचारसार—वीरनन्दि । पत्र संख्या-८७ । साइज-११×५½ इंच । भाषा-संस्कृत । विषय-आचार शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८१६ वैशाख बुदी १२ । पूर्ण । वेष्टन नं० १७७ ।

विशेष—प्रति उत्तम है, क्लिष्ट शब्दों के संस्कृत में अर्थ भी दिये हुये हैं ।

१४९. आचारसारवृत्ति—वसुनन्दि । पत्र संख्या-३१० । साइज-१२×५½ इंच । भाषा-संस्कृत । विषय-आचार शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८२५ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३७ ।

विशेष—मूलकर्ता आ० वट्टकेर स्वामी हैं । मूल ग्रंथ प्राकृत भाषा में है ।

१५०. उपदेशरत्नमाला—सकलभूषण । पत्र संख्या-६० । साइज-१३×६ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-आचार शास्त्र । रचना काल-सं० १६२७ श्रावण सुदी ५ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १५६ ।

विशेष—रचना का दूसरा नाम षटकर्मोपदेशरत्नमाला भी है । इस ग्रंथ की ४ प्रतियां और हैं वे सभी पूर्ण हैं ।

१५१. उपदेशसिद्धान्तरत्नमाला—भंडारी नेमिचन्द्र । पत्र संख्या-११ । साइज-१०½×४½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-धर्म । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८११ श्रावण सुदी ६ । पूर्ण । वेष्टन नं० १५७ ।

विशेष—महात्मा सीताराम ने नोनदराम के पठनार्थ लिपि कराई थी ।

१५२. उपदेशसिद्धान्तरत्नमाला भाषा । पत्र संख्या-१० । साइज-११½×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी (पद्य) । विषय-धर्म । रचना काल-सं० १७७२ चैत्र सुदी १४ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ३७६ ।

विशेष—भाषाकार के मतानुसार उपदेशसिद्धान्तरत्नमाला की रचना सर्व प्रथम प्राकृत भाषा में धर्मदास गणि ने की थी । उसी ग्रंथ का संक्षिप्त सार लेकर भंडारी नेमिचन्द ने ग्रंथ रचना की थी । भाषाकार ने भंडारी नेमिचन्द की रचना की ही हिन्दी की है ।

प्रारम्भ—शुद्ध देव अरहंत गुरु, धर्म्म पंच नवकार ।
 बसै निरंतर जास हिय, धपरती नर सार ॥१॥

पढइन गुणइन दानन देहि, तप आचार नहु नहि करेहि ।
जो हिय एक देव अरिहत, ताप त्रय न आताप करत ॥२॥

अन्तिम पाठ—

इम भडारी नेमिचद, रची कितीयक गाह ।
सुमगरक्त जे भवि पठत, जीनतु सिव सुख लाह ॥६१॥
यह उपदेश रतन माला सुभ, ग्रथ रच्यौ भ्रमदासगणी,
ता महिं केतक गाह अनोपम नेमिचन्द भडार भणी ।
जिनवर धरम प्रभावन काजह भाप रच्यौ अनुबुद्धि तणी ।
जाके पढत सुनत सबा धारत आतम हुइ वर सिव रमणी ॥६२॥
सवत् सतरह सै सतरि अधिक दोय पख सेत ।
चैत मास चातुरदसी, पूरन भयौ सु एत ॥१६३॥

१५३ उपदेशसिद्धान्तरत्नमाला—भागचन्द्र । पत्र सख्या-६२ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचना काल-स० १९१२ आषाढ बुदी २ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ४०७ ।

१५४. उपासकदशा सूत्र विवरण—अभयदेव सूरि । पत्र सख्या-१८ । साइज-१०½×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-आचार शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० १७९ ।

विशेष—उपासक दशा सूत्र श्वे० सम्प्रदाय का सातवां अग है जो दश अध्यायों में विभक्त है । सस्कृत में यह विवरण अति सक्षिप्त है । विवरण का प्रथम पद्य निम्न प्रकार है—

श्रीवर्द्धमानमानम्य व्याख्या काचिद् विधीयते
उपासकदशादीना प्रायो ग्रथातरेक्षिता ॥१॥

१५५ उपासकाचार दोहा—लक्ष्मीचन्द्र । पत्र सख्या-२७ । साइज-१०½×४½ इञ्च । भाषा-अपभ्र श (प्राचीन हिन्दी) । विषय-आचार शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८२१ वैशाख बुदी १२ । पूर्ण । वेष्टन न० १७८ ।

विशेष—दोहों की सख्या २२४ है ।

१५६ कर्मचरित्र बाईसी—रामचन्द्र । पत्र सख्या-५ । साइज-८×६½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ५५७ ।

विशेष—३ पत्र से आगे दौलतरामजी के पद हैं ।

१५७ क्रियाकोश भाषा—किशनसिह । पत्र सख्या-११४ । साइज-१०½×५½ इञ्च । भाषा-हिन्दी

रथ । विषय–आचार शास्त्र । रचना काल–स० १७८४ भादवा सुदी १५ । लेखन काल–स० १८४६ कार्तिक बुदी १३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ७७० ।

विशेष—भण्डार में ग्रन्थ की ११ प्रतियां और हैं जो सभी पूर्ण हैं ।

१५८ **गुणतीसो भावना**—पत्र सख्या–२ । साइज–११½×६ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–धर्म । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०७६ ।

विशेष—हिन्दी गद्य में गाथाओं के ऊपर अर्थ दिया हुआ है । गाथाओं की सख्या २९ है ।

१५९. **गुरोपदेश श्रावकाचार—डालूराम** । पत्र संख्या–१३३ । साइज–१२½×६½ इञ्च । भाषा–हिन्दी (पद्य) । विषय–आचार शास्त्र । रचना काल–× । लेखन काल–स० १८६४ । पूर्ण । वेष्टन न० ८८० ।

विशेष—पचेवर मे ग्रन्थ की प्रतिलिपि हुई थी ।

१६०. **चारित्रसार (भावनासार संग्रह) चामुण्डराय** । पत्र सख्या–११० । साइज–९½×४½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–आचार शास्त्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०५ ।

विशेष—प्रथम खड तक है तथा अतिम प्रशस्ति अपूर्ण है ।

१६१. **चारित्रसार पजिका**—पत्र सख्या–८ । साइज–११×४½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–आचार शास्त्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० १०६ ।

विशेष—प्रति प्राचीन है । चरित्रसार टिप्पण भी नाम दिया हुआ है । टिप्पण अति सक्षिप्त है ।

प्रारम्भिक मगलाचरण निम्न प्रकार है—

नमोनतसुखज्ञानदृग्वीर्याय जिनेशिने ।
ससारवारापारास्मिन्निमज्जज्जीवतापिने ॥१॥
चारित्रसारे श्रुतसारं संग्रहे यन्मंदबुद्धे स्तमस्तावृत्त पद ।
तद्व्यक्तये व्यक्तपदप्रयोगत प्रारभ्यते विद्वदभीष्टपंजिका ॥२॥

१६२. **चारित्रसार भाषा—मन्नालाल** । पत्र सख्या–२३५ । साइज–१०½×५ इंच । भाषा–हिन्दी । विषय–आचार शास्त्र । रचना काल–स० १८७१ । लेखन काल–स० १८७६ । पूर्ण । वेष्टन न० ३५४ ।

आदि भाग (पद्य)– श्री जिनेन्द्र चन्द्रा । परम मंगलमादिशतु तराम् ।

दोहा —परम धरम रथ नेमि सम, नेमिचन्द्र जिनराय ।
मगल कर अघ हर विमल, नमो सुमन–वच-काय ॥१॥

भव अथाह सायर परे, जगत जंतु दुख पात ।
करि गहि काढत तिनहि यह, जैन धर्म विख्यात ॥२॥
करत परम पद त्रिदश सुख, बाढत गुण विस्तार।
नमों ताहि चित हरष धरि, करुणामृत रस धार ॥३॥

मध्यभाग (गद्य).—(पत्र स० ६४) मदिरा को पीवै तथा औः हू मादिक वस्तु भक्षण करें तब प्रमाद के बधने ते विवेक का नाश होय । ताके नाश होतै हित अहित का विचार होता नाहीं । ऐसै धर्म कार्य तथा कर्म इन दोउन हुतैं भ्रष्ट होहि तातैं इस मद्यवत तथा मादिक वस्तु का सर्वथा प्रकार त्याग ही करना जोग्य है । ऐसा जानना ।

ग्रंथोत्पत्ति वर्णन-प्रशस्ति —

सर्वाकाश अनन्त प्रमान । ताके बीच ठीक पहचान ॥
लोकाकाश असंख्य प्रदेश, ऊरध मध्य अधो भूमेश ॥१॥
मध्यलोक मे जबू दीप । सो है सब द्वीपनि अवनीप ॥
ता मधि मेरु सुदर्शन जान । मानूं भूमि दड है मान ॥२॥
ता दक्षिण दिश भरत सु नाम । क्षेत्र प्रकट सो है सुरधाम ॥
ताके मध्य ढू ढाहड देश । बहु शोभा जुत लसैं अशेष ॥३॥
तहां सवाई जयपुर नाम । नगर लसत रचना अभिराम ॥
बहु जिन मदिर सहित मनोग्य । मा नू सुर गण बसने जोग्य ॥४॥
जगत सिंह राजा तसु जान । कपत अरिगन करै प्रनाम ॥
तेजवत जसवत विशाल । रीझत गुन गन करत निहाल ॥५॥
जहां बसे बहु जैनी लोग । सेवत धर्म वमै दुख रोग ॥
तिन मधि सांगा वंस विशाल । जोगिदास सुत मन्नालाल ॥६॥
बालपने ते सगति पाय । विद्याभ्यास कियो मन लाय ॥
जैन ग्र थ देखे कुछ सार । जयचंद नंदलाल उपकार ॥७॥
हस्तिनागपुर तीर्थ महान । तहि बदन आयो सुख धाम ॥
इन्द्रप्रस्थ पुर शोभा होइ । देखैं भयो अधिक मन मोइ ॥८॥
तहां राज अँगरेज करत । हुकम कपनी छत्र फिरंत ॥
बादस्याह अकबर सिर सेत । सेवक जननि द्रव्य बहु देत ॥९॥
हरसुख राय खजाना वंत । तिनके सोहे धरम धरत ॥
अगरवाल गोत्री गुण नाम । सुगनचन्द तसु पुत्र सुजान ॥१०॥
मंदिर तिनि नैं रच्यो महंत । जिनवर तनो धूजा लहकंत ॥

बहु विधि रचना रची तसु मांहि । शोभा बरनत पार न पांहिं ॥११॥
ताके दर्शन कर सुख राशि । प्रापत भई रंक निधि भासि ॥
कारन एक भयो तिहि ठाम । रहने को भाषू तसु नाम ॥१२॥
मन्त्री जगतसिंह को नाम । अमरचन्द्र नामा गुणधाम ॥
रहै बहुत सज्जन सुखदाय । धर्म राग शोभित अधिकाय ॥१३॥
मोतैं अधिक प्रीति मन धरैं । तिनि अटकायी मैं हित खरैं ॥
ता कारण विरता तिहि पाय । सुगनचंद्र के कहै सुभाय ॥१४॥
चारित्रसार ग्रंथ की भाष । वचन रूप यह करी सुसाख ॥
ठाकुरदास और इन्दराज । इनि माइन के बुद्धि समाज ॥१५॥
मदबुद्धितें अर्थ विशेष । तहि प्रतिमास्यो होय अशेष ॥
सुधी ताहि नीकै ठानियो । पक्षिपात मत ना मानियो ॥१६॥
अनेकांत यह जैन सिधंत । नय समुद्र वर कहि विलसंत ॥
गुरुवच पोत पाय भवि जीव । लहो पार सुख करत सदीव ॥१७॥
जयवंती यह होउ दिनेश । चन्द नखत उडु बजावत शेष ॥
पढो पढावो भव्य संसार । बढो धर्म जिनवर सुखकार ॥१८॥
सवत एक सात अठ एक । माघ मास सित पंचमि नेक ॥
मंगल दिन यह पूरण करी । नांदो विरधो गुण गण भरी ॥१६॥

दोहा:—सुभ चिंतक जु लेखका दयाचंद यह जानि ।
लिख्यो ग्रंथ तिनि नै एहै बाचो पढो सुहसानि ॥

विशेष—ग्रंथ की एक प्रति और है लेकिन अपूर्ण है ।

१६३. **चिद्विलास-दीपचन्द**—पत्र सख्या-५० । साइज-१२½×५½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचना काल- सं० १७७६ फाल्गुण बुदी ५ । लेखन काल-सं० १७८४ वैशाख बुदी १० । पूर्ण । वेष्टन न० ७३६ ।

१६४. **चौरासी बोल—हेमराज** । पत्र सख्या-१४ । साइज-११½×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ८७१ ।

१६५. **चौवीस दंडक**—पत्र सख्या-२८ । साइज-७×४¾ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचना काल स० १८५४ श्रावण सुदी ६ । लेखन काल-× । पूर्ण वेष्टन नं० ५४७ ।

विशेष—१४ वें पत्र के आगे बारह भावना तथा बाईस परीषह का वर्णन है । दडक में ११८ पद्य हैं ।

विशेष—छागपत्तन में श्री आदिनाथ चैत्यालय में प्रतिलिपि हुई थी । एक प्रति और है ।

१३७. समाधिमरण भाषा—पत्र सख्या–१३ । साइज–१२½×८ इञ्च । भाषा–हिदी गद्य विषय–अध्यात्म । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ८१ ।

१३८. सूत्रपाहुड—जयचद छावडा । पत्र सख्या–१५ । साइज–१२×८ इञ्च । भाषा–हिदी गद्य विषय–अध्यात्म । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ९२ ।

विषय-न्याय एवं दर्शन शास्त्र

१३९. **आप्तपरीक्षा—विद्यानंदि** । पत्र संख्या-६ । साइज-१०३/४×४३/४ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-दर्शन शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २६० ।

विशेष—पंडित धरमू के पठनार्थ गयाससाहि के राज्य में प्रतिलिपि की गई थी ।

१४०. **आलापपद्धति—देवसेन** । पत्र संख्या-११ । साइज-१०×४३/४ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-दर्शन शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २०६ ।

विशेष—एक प्रति और है ।

१४१ **तर्कसंग्रह-अन्नभट्ट** । पत्र संख्या-६ । साइज-१०×४३/४ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-न्याय शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ३०३ ।

विशेष—मोतीलाल पाटनी ने प्रतिलिपि की थी । एक प्रति और है ।

१४२ **दर्शनसार—देवसेन** । पत्र संख्या-३ । साइज-१११/२×५ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-दर्शन शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८७२ मगसिर बुदी अमावस । पूर्ण । वेष्टन नं० २१७ ।

विशेष—२ प्रतियां और हैं ।

१४३. **नयचक्र—देवसेन** । पत्र संख्या-३३ । साइज-१११/२×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-न्याय शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८७६ फागुन बुदी १२ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३८६ ।

श्लोक संख्या-४५३ है ।

१४४ **न्यायदीपिका—धर्मभूषण** । पत्र संख्या-४८ । साइज-८३/४×४ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-न्याय शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८०६ द्वि० भादवा सुदी ११ । पूर्ण । वेष्टन नं० २६८ ।

विशेष—देवीदास ने स्वपठनाथ लिखी थी ।

१४५ **परिभाषा परिच्छेद (नयमूल सूत्र)—पचानन भट्टाचार्य** । पत्र संख्या-११ । साइज-१०३/४×४ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-दर्शन शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४३७ ।

अन्तिम—इति श्री महामहोपाध्यायसिद्धान्त पंचानन भट्टाचार्य कृत परिभाषा परिच्छेद समाप्त ।

१६६ श्लोक हैं प्रति प्राचीन मालूम देती है ।

१४६ **षट्दर्शन समुच्चय—हरिभद्रसूरि** । पत्र संख्या-७ । साइज-१०×४ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-दर्शन शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २८४ ।

विशेष—६६ श्लोक हैं।

१४७. **सन्मतितर्क—सिद्धसेन दिवाकर** । पत्र संख्या–८ । साइज–८×४$\frac{3}{4}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–न्याय शास्त्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०२ ।

पूजा एवं प्रतिष्ठादि अन्य विधान

१४८. **अक्षयनिधिपूजा**—पत्र संख्या–३ । साइज–११×४$\frac{1}{2}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ११४ ।

विशेष—लब्धि विधान पूजा भी दी हुई है।

१४९ **अंकुरारोपण विधि**—पत्र संख्या–७ । साइज–१०×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–विधि विधान । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ३८० ।

विशेष—छठा पत्र नहीं है।

१५०. **अनंतव्रतपूजा—श्री भूषण** । पत्र संख्या–६ । साइज–१०×४$\frac{1}{2}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× ।लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०२ ।

१५१. **अनंतव्रतोद्यापन**—पत्र संख्या–२२ । साइज–११$\frac{1}{2}$×५$\frac{1}{2}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ३६ ।

१५२. **अभिषेकविधि**–पत्र संख्या–३ । साइज–७$\frac{3}{4}$×४$\frac{1}{2}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–विधि विधान । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १२५ ।

विशेष—एक प्रति और है।

१५३. **अर्हत्पूजा—पद्मनंदि** । पत्र संख्या–५ । साइज–६×६$\frac{1}{2}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४८ ।

१५४. अष्टक—पत्र सख्या–१ । साइज–१०×४½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४३ ।

१५५. अष्टाह्निकापूजा । पत्र सख्या–१० । साइज–७¾×४½ इच । भाषा–संस्कृत प्राकृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १२५ ।

१५६. अष्टाह्निकापूजा—पत्र सख्या–७ । साइज–६×६½ इच । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ४८ ।

विशेष—जाप्य से आगे पाठ नहीं है।

१५७ अष्टाह्निकापूजा—शुभचद्र । पत्र संख्या–३ । साइज–१०½×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ३७ ।

विशेष—प्रति प्राचीन है । ब्र० श्री मेघराज के शिष्य ब्र० सवजी के पठनार्थ लिपि की गई थी ।

१५८. इन्द्रध्वजपूजा—विश्वभूषण । पत्र सख्या–६६ । साइज–११×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १८२० चैत सुदी १२ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३३ ।

१५९ कलिकुंडपार्श्वनाथपूजा—पत्र सख्या–६ । साइज–९×६½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४८ ।

विशेष—पत्र ४ से चिन्तामणिपार्श्वनाथ पूजा भी है ।

१६०. कर्मदहनपूजा—टेकचंद । पत्र सख्या–१६ । साइज–१½×७¾ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १३ ।

१६१. कौलकुतूहल—पत्र सख्या–१८४ । साइज–८×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–विधि विधान । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १६०१ पौष सुदी २ । पूर्ण । वेष्टन नं० १०७ ।

विशेष—यज्ञादि की सामग्री एवं विधि विधान का वर्णन है । कुल ६१ अध्याय हैं ।

१६२. गणधरवलयपूजा—शुभचद्र । पत्र संख्या–१० । साइज–१०¾×४¾ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ११७ ।

विशेष—प्रति प्राचीन है ।

१६३. गिरनारसिद्धक्षेत्रपूजा—हजारीमल्ल । पत्र सख्या–३६ । साइज–१०½×८ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–पूजा । रचना काल–सं० १६२० आसोज सुदी १२ । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ।

विशेष—हजारीमल्ल के पिता का नाम हरीकिसन था। ये अग्रवाल गोयल ज्ञातीय थे तथा लश्कर के रहने वाले थे कवि ने साहपुर मे आकर दौलतराम की सहायता से रचना की थी।

१६४. **चन्द्रायणव्रतपूजा—भ० देवेन्द्रकीर्त्ति** । पत्र सख्या-४ । साइज-१२½×७½ इन्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १७ ।

विशेष—२ प्रतिया और हैं।

१६५ **चारित्रशुद्धिविधान (बारहसोचौतीसविधान)—श्री भूषण** । पत्र सख्या-७६ । साइज-१०×५½ इन्च । भाषा-सस्कृत । विषय-विधि विधान । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८१३ । पूर्ण । वेष्टन न० ३२ ।

विशेष—दक्षिण में देवगिरि दुर्ग में पार्श्वनाथ चैत्यालय में ग्रंथ रचना की गयी थी। तथा जयपुर में प्रतिलिपि हुई थी।

१६६. **चौवीसतीर्थंकरपूजा**—पत्र सख्या-५१ । साइज-११×५ इन्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ६१ ।

१६७. **चौवीसतीर्थंकरपूजा—सेवाराम** । पत्र सख्या-४३ । साइज-१२×६ इन्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-सं० १८५४ माह सुदी ६ । लेखन काल-स० १८६६ । पूर्ण । वेष्टन न० २८ ।

१६८ **चौवीसतीर्थंकरपूजा—रामचद्र** । पत्र सख्या-५० । साइज-१०½×७½ इन्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८८६ चैत सुदी ४ । पूर्ण । वेष्टन नं० १० ।

विशेष—प्रति सुन्दर व दर्शनीय है। पत्रों के चारों ओर भिन्न २ प्रकार के सुन्दर बेल बूटे हैं। स्योजीराम भांवसा ने सवाई जयपुर में प्रतिलिपि की थी।

१० प्रतियां और हैं।

१६९ **चौवीसतीर्थंकरपूजा—मनरंगलाल** । पत्र सख्या-५१ । साइज-१२½×८ इन्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ४ ।

१७० **चौवीस तीर्थंकर पूजा—वृन्दावन** । पत्र सख्या-१५१ । साइज-११×७½ इन्च । भाषा-हिन्दी विषय-पूजन । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २० ।

विशेष—३ प्रतियां और हैं।

१७१. **चौवीसतीर्थंकर समुच्चय पूजा**—पत्र संख्या-४ । साइज-११×५ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७१ ।

१७२ **चौसठ ऋद्धिपूजा (गुरावली)—स्वरूपचद** । पत्र संख्या–७१ । साइज–११×७½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–पूजा । रचना काल–स० १९०० श्रावण सुदी ७ । लेखन काल–सं० १९५८ । पूर्ण । वेष्टन न० २ ।

विशेष—इस प्रति को बहादरजी ठोलिया ने ठोलियों के मन्दिर मे चढाई थी ।

१७३. **जम्बूद्वीप पूजा—जिणदास** । पत्र संख्या–३१ । साइज–११½×५½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ३५ ।

१७४ **जलहर तेला को पूजा**—पत्र सख्या–४ । साइज–११×७½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ७२ ।

१७५. **जिनयज्ञ कल्प (प्रतिष्ठापाठ)—आशाधर** । पत्र सख्या–१२० । साइज–१०×६ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–विधि विधान । रचना काल–सं० १२८५ । लेखन काल–स० १८७५ । पूर्ण । वेष्टन न० ३६६ ।

ग्रन्थाग्र थ सख्या–२१०० श्लोक प्रमाण है ।

विशेष—संवद्वाणधरास्मृतिप्रमिते मार्गशीर्षभूतिष्टा सिते लिखितमिद पुस्तकं विदुषा श्वेतांबर सुन्दरदासेन श्रीमज्जयपुरे जयपत्तने ।

१७६ **जैनविवाहविधि—जिनसेनाचार्य** । पत्र सख्या–४४ । साइज–१२×८ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–विधान । रचना काल–× । लेखन काल–स० १९३३ । पूर्ण । वेष्टन न० १०५ ।

विशेष—प्रति हिन्दी अर्थ सहित है । भाषाकार पन्नालालजी दूनी वाले हैं । स० १९३३ में इसकी भाषा पूर्ण हुई थी ।

१७७. **ज्ञानपूजा**—पत्र सख्या–४ । साइज–११×४½ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण वेष्टन न० ११५ ।

विशेष—श्री मूलसघ के आचार्य नेमिचन्द्र के पठनार्थ प्रतिलिपि की गयी थी ।

१७८ **तीनचौबीसी पूजा**—पत्र सख्या–२१ से ६८ । साइज–११×४½ इञ्च भाषा–सस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ६७ ।

१७९. **त्रिंशत्चतुर्विंशतिपूजा–शुभचद्र** । पत्र सख्या–१२० । साइज–६½×८½ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ६१ क ।

गुटका के आकार में है ।

१८०. **तेलाव्रत की पूजा**—पत्र सख्या–४ । साइज१०×४½ इच । भाषा–सस्कृत । विषय–पूजा । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० १०५ ।

१८१. दक्षिणयोगीन्द्र पूजा—आ० सोमसेन। पत्र संख्या-५ । साइज-११½×५½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १७६४ माघ सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन नं० ८५ ।

विशेष—पंडित मनोहर ने प्रतिलिपि की थी ।

१८२. दशलक्षणव्रतोद्यापनपूजा—पत्र संख्या-५० । साइज-६½×५½ इन्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ११८ ।

विशेष—अन्तिम दोहा—

डारि मत दश धर्म को लुब्ध हो गुह सेव ।
रावत सुर नर सर्म इत मरि परमव शिव लेव ॥

१८३ दशलक्षणपूजा—पत्र संख्या-३ । साइज-११½×५½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ११२ ।

विशेष—नदीश्वर पूजा (प्राकृत) भी दी है ।

१८४. दशलक्षणपूजा—पत्र संख्या-१७ से २४ । साइज-८½×४ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १२२ ।

१८५. दशलक्षणपूजा—अभयनंदि । पत्र संख्या-१४ । साइज-११½×५½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७१ ।

१८६ दशलक्षणजयमाल—भावशर्मा । पत्र संख्या-११ । साइज-१०½×४½ इन्च । भाषा-प्राकृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १७३३द्वि० सावन सुदी ३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ७१ ।

विशेष—रामकीर्ति के शिष्य प० श्रीहर्ष तथा कल्याण तथा उनके शिष्य प० चिन्तामणि ने खेम रतनसिंह के पठनार्थ प्रतिलिपि की थी ।

१८७ दशलक्षणपूजा जयमाल—रइधू । पत्र संख्या-१६ । साइज-११×४½ इञ्च । भाषा-अपभ्रंश । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०८ ।

संस्कृत टिप्पण सहित है । ४ प्रतियां और हैं ।

१८८. द्वादशव्रतपूजा—देवेन्द्रकीर्त्ति । पत्र संख्या-१५ । साइज-१२×५½ इंच । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १७७२ माघ सुदी ११ । पूर्ण । वेष्टन नं० ८० ।

१८९. देवपूजा-पत्र संख्या-६ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४६ ।

विशेष—२ प्रतियां और हैं। एक-प्रति हिन्दी भाषा की है।

१६० नन्दीश्वरविधान—रत्ननंदि। पत्र संख्या-१७। साइज-११×५ इन्च। भाषा-सस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-स० १८२७ फागुन बुदी ७। पूर्ण। वेष्टन नं० ४२।

विशेष—महाराजाधिराज श्री सवाई पृथ्वीसिंहजी के राज्यकाल में बसवा नगर में श्री चद्रप्रभ चैत्यालय में पडित आनन्दराम के शिष्य ने प्रतिलिपि की थी। एक प्रति और है।

१६१ नंदूसप्तमीव्रतपूजा—पत्र संख्या-५। साइज-१०३/४×७१/२ इञ्च। भाषा-सस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० १६।

१६२. नवग्रहअरिष्टनिवारकपूजा—पत्र सख्या-१८। साइज-१२३/४×८ इन्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० ६।

१६३. नित्यनियमपूजा—पत्र सख्या-४०। साइज-८×४१/२ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० १२५।

विशेष—प्रथम पत्र नहीं है। ३ प्रतियां और है।

१६४. निर्वाणक्षेत्रपूजा-स्वरूपचद। पत्र संख्या-२६। साइज-११×८ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-स० १६१६ कार्तिक बुदी १३। लेखन काल-स० १६३८ चैत्र सुदी ७। पूर्ण। वेष्टन न० ८२।

विशेष—गणेशलाल पांड्या चाकसू वाले ने प्रतिलिपि की थी।

१६५. निर्वाणकाण्डपूजा—द्यानतराय। पत्र सख्या-३। साइज-११×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० ३४।

विशेष—निर्वाणकाण्ड गाथा भी दी हुई हैं।

१६६. पद्मावती पूजा—पत्र संख्या-१३। साइज-११३/४×५ इच। भाषा-सस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० ३७।

विशेष—निम्न पाठों का और सग्रह है—

पद्मावती स्तोत्र, श्लोक सख्या २३, पद्मावती सहस्रनाम, पद्मावती कवच, पद्मावती पटल, और घंटाकरण मंत्र।

१६७. पंचकल्याणपूजा—लक्ष्मीचद। पत्र संख्या-२ से २४ तक। साइज-११×५ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-सं० १६०६। पूर्ण। वेष्टन न० ८६।

१६८ पचकल्याणकपूजा—टेकचद। पत्र संख्या-२४। साइज-८३/४×६ इन्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-स० १६५४ असाढ सुदी ६। पूर्ण। वेष्टन न० ४७।

१९९. पचकल्याणकपूजा पाठ—पत्र संख्या-२० । साइज-१०३/४×७ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-स० १९०० वैशाख सुदी ८ । पूर्ण । वेष्टन न० २३ ।

विशेष—चिम्मनलाल भांवसा ने जयपुर में बख्शीराम से प्रतिलिपि कराई थी ।

२०० पंचपरमेष्टीपूजा—पत्र संख्या-४ । साइज-११×४१/२ इन्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-स० १७३१ । पूर्ण । वेष्टन न० १११ ।

विशेष—श्लोक सख्या १०० है ।

२०१. पचपरमेष्टीपूजा—पत्र सख्या-४८ । साइज-९×५१/२ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ६२ ।

२०२ पंचमेरुपूजा—पत्र सख्या-७ । साइज-७३/४×४१/२ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० १७५ ।

२०३. पूजा एव अभिषेक विधि । पत्र संख्या-१४ । साइज-८१/२×६३/४ इञ्च । भाषा-सस्कृत हिन्दी गद्य । विषय-विधि विधान । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० १०६ ।

विशेष—गुटका साइज है ।

२०४. पूजापाठसग्रह—पत्र संख्या-६८ । साइज-११×८ इन्च । भाषा-संस्कृत हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७३ ।

विशेष—नित्य नैमित्तक पूजा पाठ आदि सग्रह है । पूजा पाठ संग्रह की ८ प्रतियां और हैं ।

२०५. बीसतीर्थंकरपूजा—पन्नालाल सघी । पत्र सख्या-६० । साइज-१२३/४×८ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-स० १९३४ । लेखन काल-स० १९५४ सावन सुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन नं० ५ ।

विशेष—टोंक में मोजसिंह के पुत्र पन्नालाल ने रचना की तथा अजमेर में प्रतिलिपि हुई थी । ३ प्रतियां और है ।

२०६ भक्तामर स्तोत्र पूजा—सोमसेन । पत्र संख्या-१० । साइज-१०१/२×५ इच । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १७८४ कार्तिक सुदी । पूर्ण । वेष्टन नं० १०३ ।

विशेष—पण्डित नानकदास ने प्रतिलिपि की थी

—:o:—

२०७. मंडल विधान एवं पूजा पाठ संग्रह—पत्र संख्या-३४४। साइज-११×६ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। लेखन काल-स० १८६५। पूर्ण। वेष्टन न० १२६।

विशेष—निम्न पाठों का संग्रह है—

नाम पाठ	कर्त्ता	पत्र संख्या	ले० काल	विशेष
(१) जिन सहस्रनाम	आशाधर	१ से १६	—	—
(२) ,, ,,	जिनसेनाचार्य			
(३) तीन चौबीसी पूजा	—	१६ से ३३	—	—
(४) पचकल्याणकपूजा	—	३४ से ५५	—	मडल चित्र सहित
(५) पचपरमेष्ठीपूजा,	शुभचद्र	५६ से ७७	ले० काल १८६५	—
(६) कर्मदहनपूजा	शुभचद्र	७८ से ६७	—	चित्र सहित
(७) बीसतीर्थंकरपूजा	नरेन्द्रकीर्ति	६८ से १०१	—	—
(८) भक्तामरस्तोत्रपूजा	श्रीभूषण	१०२ से ११२	—	मडल चित्र सहित
(९) धर्मचक्र	रणमल्ल	११३ से १२६	—	—
(१०) शास्त्रमडल पूजा	ज्ञानभूषण	१३० से १३४	—	चित्र सहित
(११) ऋषिमंडलपूजा	आ० गणिनंदि	१३५ से १५५	—	”
(१२) शान्तिचक्रपूजा	—	१५६ से १६१	—	चित्र सहित
(१३) पद्मावतीस्तोत्र पूजा	—	१६२ से १६६	—	—
(१४) पद्मावतीसहस्रनाम	—	१६७ से १७३	—	—
(१५) षोडशकारणपूजा उद्यापन	केशव सेन	१७४ से १६८	—	—
(१६) मेघमाला उद्यापन	—	१६६ से २१३	—	चित्र सहित
(१७) चौबीसीनामव्रतमडलविधान		२१४ से २३०	—	—
(१८) दशलक्षणव्रतपूजा	—	२३१ से २६०	—	चित्र सहित
(१९) पंचमीव्रतोद्यापन	—	२६१ से २६७	—	”
(२०) पुष्पांजलिव्रतोद्यापन	—	२६८ से २८३	—	”
(२१) कर्मचूरव्रतोद्यापन	—	२८३ से २६१	—	—
(२२) अक्षयनिधिव्रतोद्यापन	ज्ञानभूषण	२६२ से ३०५	—	—
(२३) पंचमासचतुर्दशी व्रतोद्यापन	भ० सुरेन्द्रकीर्ति	३०६ से ३११	—	—
(२४) अनंत व्रत पूजा	—	३१२ से ३४१	—	चित्र सहित

नाम	कर्ता	पत्र सं०	काल	विशेष
(२५) अनंतव्रतपूजा	गुणचंद्र	३४२ से ३७४	र० का० १६३०	सचित्र
(२६) रत्नत्रय पूजा	केशवसेन	३७५ से ३९६	—	—
(२७) रत्नत्रयव्रतोद्यापन	—	३९७ से ४१२	—	—
(२८) पल्यव्रतोद्यापन पूजा	शुभचंद्र	४१३ से ४२६	—	चित्र सहित
(२९) मासांत चतुर्दशी पूजा	अक्षयराम	४२७ से ४४४	—	चित्र सहित
(३०) णमोकार पैंतीसी पूजा	अक्षयराम	४४५ से ४५०	—	चित्र सहित
(३१) जिनगुणसंपत्तिव्रतोद्यापन	—	४५१ से ४५८	—	सचित्र
(३२) त्रेपनक्रियाव्रतोद्यापन	देवेन्द्रकीर्ति	४५९ से ४६६	—	सचित्र
(३३) सौख्यव्रतोद्यापन	अक्षयराम	४६७ से ४८१	—	सचित्र
(३४) सप्तपरमस्थान पूजा	—	४८१ से ४८८	—	—
(३५) अष्टाह्निका पूजा	—	४८९ से ५११	—	सचित्र
(३६) रोहिणीव्रतोद्यापन	—	५१२ से ५२४	ले० का० १८८९	—

विशेष—जयपुर में लिपि हुई थी ।

नाम	कर्ता	पत्र सं०	काल	विशेष
(३७) रत्नावलीव्रतोद्यापन	—	५२५ से ५३६	—	सचित्र
(३८) ज्ञानपच्चीसीव्रतोद्यापन	सुरेन्द्रकीर्ति	५३७ से ५४५	ले० का० सं० १८४०	—

विशेष—जयपुर में चन्द्रप्रभु चैत्यालय में लिपि हुई थी ।

नाम	कर्ता	पत्र सं०	काल	विशेष
(३९) पंचमेरुपूजा	भ० रत्नचंद्र	५४६ से ५५२	—	—
(४०) आदित्यवारव्रतोद्यापन	—	५५२ से ५६१	—	सचित्र
(४१) अक्षयदशमीव्रतपूजा	—	५६२ से ५६५	—	—
(४२) द्वादशव्रतोद्यापन	देवेन्द्रकीर्ति	५६६ से ५७९	—	—
(४३) चंदनषष्ठीव्रतपूजा	—	५८० से ५८६	—	सचित्र पर अपूर्ण

विशेष—५८७ से ६०५ तक पृष्ठ नही हैं ।

नाम	कर्ता	पत्र सं०	काल	विशेष
(४४) मौनिव्रतोद्यापन	—	६०६ से ६२१	—	—
(४५) श्रुतज्ञानव्रतोद्यापन	—	६२२ से ६३६	—	—
(४६) कांजीव्रतोद्यापन	—	६३६ से ६५४	—	—
(४७) पूजाटीका संस्कृत	—	६४५ से ६५४	—	—

इसके अतिरिक्त २ फुटकर पत्र हैं । और २ पत्रों में व्रत पूजाओं की सूची दी है महत्वपूर्ण पाठ संग्रह है ।

२०८ मुक्तावलीव्रतोद्यापनपूजा—पत्र संख्या-१८ । साइज-१४×६¾ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १६०२ सावन सुदी २ । पूर्ण । वेष्टन नं० १०७ ।

विशेष—चाकसू के मंदिर चंद्रप्रभ-चैत्यालय में पंडित रतीराम के शिष्य रामबख्श ने प्रतिलिपि की थी ।

२०९. रत्नत्रयजयमाल—पत्र संख्या-५ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ११० ।

विशेष—संस्कृत में टिप्पण दिया हुआ है । ३ प्रतियां और हैं ।

२१०. रत्नत्रयपूजा—पत्र संख्या-६ । साइज-११×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १८६६ पौष सुदी २ । पूर्ण । वेष्टन नं० १०१ ।

विशेष—पं० श्रीचंद्र ने सवाई जयपुर में प्रतिलिपि की थी । एक प्रति और है ।

२११. रत्नत्रयपूजा—आशाधर । पत्र संख्या-४ । साइज-१२×५½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ९० ।

२१२. रत्नत्रयपूजा—पत्र संख्या-३४ । साइज-१२½×७½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २६ ।

२१३. रविव्रतपूजा—पत्र संख्या-१५ । साइज-८¾×५ इंच । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ६३ ।

२१४. रोहिणीव्रत पूजा—केशवसेन । पत्र संख्या-९ । साइज-११×६½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० १०० ।

२१५. लब्धि विधान पूजा—पत्र संख्या-२१ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४१ ।

२१६. लब्धि विधान व्रतोद्यापन—पत्र संख्या-८ । साइज-१३×८ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८१ ।

२१७. विमलनाथ पूजा—रामचंद्र । पत्र संख्या-३ । साइज-११½×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४६ ।

२१८. षोडशकारण पूजा—पत्र संख्या-८ । साइज-९×६½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४८ ।

विशेष—दशलक्षण पूजा भी है वह भी संस्कृत में है ।

२१९. षोडश कारण व्रतोद्यापन पूजा—आचार्य केशव सेन। पत्र संख्या-२१। साइज-१०½×४½ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ४४।

२२०. शान्तिनाथ पूजा—सुरेश्वर कीर्त्ति। पत्र संख्या-५। साइज-११×५ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ४६।

विशेष—अंत में आरते भी हैं।

सुज्ञानी जन आरती नित्य करो। गुरु वृषचंद सुरेश्वर कीर्ति भव दुख हरो। प्रभु के पद आरती नित्य करो।

२२१. श्रुतज्ञान पूजा—पत्र संख्या-१३। साइज-११½×५ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ९२।

विशेष—पत्र ९ से आगे पाठों की सूची दी हुई है। हेमचद्र कृत श्रुत स्कंध के आधार से लिखा गया है। मडल तथा विधि दी हुई है।

२२२. सप्त ऋषि पूजा—पत्र संख्या-८। साइज-१०½×४¾ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ३८।

२२३ समवशरण पूजा—ललितकीर्त्ति। पत्र संख्या-४। साइज-११½×५½ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-सं० १७६४ आसोज सुदी १५। पूर्ण। वेष्टन नं० ९१।

विशेष—वंसवा नगर में प्रतिलिपि हुई थी।

२२४. समवशरण पूजा—पन्नालाल। पत्र संख्या-६७। साइज-१२½×८ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-सं० १९२१ आसोज सुदी ३। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ३।

विशेष—जवाहरलालजी की सहायता से रचना की गयी थी। पन्नालालजी जीवतसिंह जैपुर के कामदार थे।

२२५. सम्मेदशिखरपूजा—पत्र संख्या-१०। साइज-६×४½ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ६६।

२२६. सम्मेदशिखरपूजा—नंदराम। पत्र संख्या-१२। साइज-१३×७½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-सं० १९११ माघ सुदी ५। लेखन काल-सं० १९१२ पौष सुदी ७। पूर्ण। वेष्टन नं० ११।

विशेष—रतनलाल ने प्रतिलिपि की थी।

२२७. सम्मेदशिखर पूजा—जवाहरलाल। पत्र संख्या-११। साइज-१२½×८½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ८३।

विशेष—एक प्रति और है।

२२८. **सहस्रगुणितपूजाश्रीशुभचद्र** । पत्र सख्या-१८ । साइज-१०½×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १६६८ । पूर्ण । वेष्टन न० ६० ।

विशेष—संवत् १६६८ वर्षे शाके १५३३ प्रवर्तमाने पौष सुदी ७ महाराजाधिराज महाराज श्री मानसिंह प्रवर्त्तमाने अबावत्ति मध्ये ।

२२६ **सहस्रनाम पूजा—धर्मभूषण** । पत्र सख्या-८७ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८७४ । पूर्ण । वेष्टन न० ७७ ।

विशेष—शान्तिनाथ मदिर के पास जयपुर में पं० जगन्नाथ ने प्रतिलिपि की थी ।

२३० **सहस्रनाम पूजा—चैनसुख** । पत्र सख्या-१८ । साइज-१२½×८ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ८ ।

विशेष—पद्य सख्या २२० है ।

२३१ **सार्द्धद्वय द्वीप पूजा—विश्वभूषण** । पत्र सख्या-२०८ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-स० १८५७ मंगसिर सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन न० ७८ ।

प्रति नं० २—पत्र सख्या-६६ । साइज-११×५½ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७६ ।

विशेष—अढाई द्वीप के तीन नक्शे भी हैं उनमें एक कपडे पर है जिसका नाप २' ५'×२' ७" फीट है । नक्शे के पीछे द्वीपों का परिचय दिया हुआ है । इसके अतिरिक्त तीन लोक का नक्शा भी है ।

२३२ **सिद्धक्षेत्र पूजा—** । पत्र सख्या-४५ से ५० तक । साइज-१०½×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन न० ४६ ।

विषय—निर्वाणकाण्ड गाथा भी हैं । ५ प्रतियां और हैं ।

२३३ **सिद्धचक्र पूजा (अष्टाह्निका)—नथमल बिलाला** । पत्र संख्या-१० । साइज-१२½×८ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० १६ ।

२३४. **सिद्धचक्र पूजा—सन्तलाल** । पत्र सख्या-११० । साइज-१२½×७½ इच । भाषा-हिन्दी । विषय-पूजन । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६८६ आसोज सुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन नं० १ ।

विशेष—ईश्वरलाल चांदवाड ने अजमेर वालों के चौबारे में प्रतिलिपि की थी ।

सवत् १६८७ में अष्टाह्निका व्रतोद्यापन में केसरलालजी साह की पत्नी नंदलाल पीले वालों की पुत्री ने ठोलियों के मन्दिर में भेट की थी ।

२३५ **सिद्धपूजा—पद्मनंदि** । पत्र सख्या-४ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल- आसोज सुदी १० । पूर्ण । वेष्टन न० ४६ ।

विशेष—एक प्रति और है।

२३६. सुगंधदशमीव्रतोद्यापन पूजा—पत्र संख्या-२२। साइज-८३/४×६३/४ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन नं० ४६।

विशेष—कंजिकाव्रतोद्यापन भी है वह भी संस्कृत में है।

२३७. सोलहकारणजयमाल—पत्र सख्या-१४। साइज-११३/४×५ इन्च। भाषा-अपभ्रंश। विषय-पूजा। रचना काल-×। लेखन काल-सं० १८३५ सावन सुदी ५। पूर्ण। वेष्टन नं० ७०।

विशेष—श्रीचंद ने जयपुर में श्री शान्तिनाथ चैत्यालय में प्रतिलिपि की थी।

२३८. सौख्यकाख्यव्रतोद्यापन विधि—अक्षयराम। पत्र संख्या ८। साइज-६३/४×४३/४ इन्च। भाषा-सस्कृत। विषय-पूजा। रचना काल-सं० १८२० भादवा बुदी ४। लेखन काल-सं० १८२८ कार्तिक सुदी ६। पूर्ण। वेष्टन न० ११३।

विषय-चरित्र एवं काव्य

२३६. ऋषभनाथचरित्र—सकलकीर्ति। पत्र सख्या-२३१। साइज-११×४३/४ इन्च। भाषा-सस्कृत। विषय-चरित्र। रचना काल-×। लेखन काल-सं० १६६६ माह बुदी १०। पूर्ण। वेष्टन नं० २२०।

विशेष—मल्लहारपुर में चादवाड गोत्र वाली बाई लाडा तत्सिष्या भागा ने प्रतिलिपि कराई थी। एक प्रति और है।

२४० किरातार्जुनीय—महाकवि भारवि। पत्र संख्या-१६८। साइज-११×५ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-काव्य। रचना काल-×। लेखन काल-×। पूर्ण। वेष्टन न० ४८१।

विशेष—प्रारम्भ के ३१ पत्र दूसरी प्रति के हैं। पत्र ५२ से १६८ तक दूसरी प्रति के है जिसमें श्लोकों पर हिन्दी में अर्थ भी दिया हुआ है।

२४१. **कुमारसंभव—कालिदास** । पत्र संख्या–१३ । साइज–१०½×४½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १४८६ आषाढ । पूर्ण । वेष्टन नं० ४८५ ।

विशेष—प्रति संस्कृत टीका सहित है ।

प्रशस्ति—संवत् १४८६ वर्षे आषाढमासे वटपद्रवास्तव्य दीसावालजातीय नरवद सुत व्यास पद्मनामेन कुमारसमवकाव्यमलेखि । शुभंभवतु । भट्टारक प्रभु ससारवारणविदारणसिंह श्री सोमसुन्दर सूरिश्चिरंनदतु । प्रति सुन्दर है ।

२४२. **चंदनाचरित्र—शुभचंद्र** । पत्र संख्या–२७ । साइज–११½×४½ इन्च । भाषा–संस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १८६१ भादवा बुदी ८ । पूर्ण । वेष्टन नं० १५७ ।

विशेष—शिवलाल साह ने प्रतिलिपि कराई थी ।

२४३. **चन्द्रप्रभचरित्र—वीरनन्दि** । पत्र संख्या–१४३ । साइज–१३×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १५५७ भादवा सुदी १० । पूर्ण । वेष्टन नं० ६७ ।

विशेष—इसमें कुल १८ सर्ग हैं मंथा मंथ सख्या २५०० श्लोक प्रमाण हैं । प्रारम्भ के १४ पृष्ठों पर संस्कृत टीका भी दी हुई है ।

२४४. **चन्द्रप्रभचरित्र—कवि दामोदर** । पत्र संख्या–२०२ । साइज–१२½×५ इन्च । भाषा–संस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–सं० १७२३ । लेखन काल–१८५० माघ सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन नं० २३३ ।

विशेष—जयपुर में प्रतिलिपि हुई थी ।

२४५. **चारुदत्तचरित्र—भारामल्ल** । पत्र संख्या–५१ । साइज–१२×८ इच । भाषा–हिन्दी (पद्य) । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ७६ ।

विशेष—पद्य संख्या ११०६ है ।

२४६. **जम्बूस्वामीचरित्र—ब्रह्म जिनदास** । पत्रसंख्या–७२ । साइज–१२×४ इन्च । भाषा–संस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० २४२ ।

२४७ **जम्बूस्वामीचरित्र—नाथूराम** । पत्र संख्या–३२ । साइज–१२½×८ इन्च । भाषा–हिन्दी गद्य । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८० ।

प्रारम्भ—प्रथम प्रणमी परमेष्टिगण, प्रणमो सारद माय ।
गुरु निर्ग्रन्थ नमो सदा, भव भव मैं सुखदाय ॥१॥
धर्म दया हरदै धरूं, सब विधि मंगलकार।
जम्बू स्वामी चरित, की करूं वचनिका सार ॥२॥

अथ वचनिका प्रारम्भ । मध्यलोक के असंख्यात द्वीप और समुद्रों के मध्य एक लाख योजन के व्यास वाला थाली के आकार सदृस गोल जम्बू नाम की द्वीप है । जिसके मध्य में नाभि के सदृस सोभा देने वाला एक सुदर्शन नाम का पर्वत पृथ्वी से दस हजार योजन ऊंचा है और जिसकी जड पृथ्वी में १०००० दश हजार योजन की है ।

अन्तिम - जंबूस्वामी चरित जो, पढे सुने मनलाय ।
मनवांछित सुख भोग के, अनुक्रम शिवपुर जाय ॥
सस्कृत से भाषा करी, धर्म बुद्धि जिनदास ।
लमेचू नाथूराम पुनि, छंद बद्ध की तास ॥
किसनदास सुत मूलचद, करी प्रेरणा सार ।
जबूस्वामी चरित की, करो वचनिका सार ॥
तब तिनके आदेश से भाषा सरल विचार ।
लघु मति नाथूराम सुत दीपचद परवार ॥
जगत राग अर द्वेष वश, चहुँगति भमैं सदीव ।
पावै सम्यक रत्न जो, काटे कर्म अदीव ॥
गत संवत निर्वाण को महावीर जिनराय ।
एकम श्रावण शुक्ल को करी पूर्ण हरषाय ॥
अतिम है इक प्रार्थना सुनो सुधी नरनार ।
जो हित चाहो तो करो स्वाध्याय परचार ॥
इति श्री जबूस्वामी चरित्र भाषा मय वचनिका संपूर्ण ।

२४८. **जीवंधरचरित्र—आचार्य शुभचद्र** । पत्र सख्या–८० । साइज–११$\frac{3}{4}$×५ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–स० १६२७ । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० २१३ ।

२४६. **दुर्घटकाव्य—कालिदास** । पत्र संख्या–२० । साइज–११×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४८४ ।

प्रति सस्कृत टीका सहित है ।

२५०. **धन्यकुमारचरित्र—गुणभद्राचार्य** । पत्र सख्या–१६ । साइज–१२×४$\frac{1}{2}$ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १७२

विशेष—लंबकंचुकगोत्रेभूच्छुभचन्द्रो महामना ।
साधुः सुशीलवान् शांत श्रावको धर्मवत्सल ॥
तस्य पुत्रो बभूवात्र कल्हणो दानवान् वशी ।

परोपकारचित्तस्य न्यायेनार्जितसद्धनः ॥
धर्मानुरागिणा तेन धर्मकर्मनिबंधन ।
चरितं कारितं पुण्य शिवापेचि शिवार्च्चिनः ॥
इति धन्यकुमार चरित्र समाप्तं ।

संस्कृत में कठिन शब्दों का अर्थ भी दिया हुआ है । ७ परिच्छेद हैं ।

२५१. **धन्यकुमार चरित्र—सकलकीर्त्ति** । पत्र संख्या–४० । साइज–१२×५इन्च । भाषा–संस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १५६४ मगसिर सुदी १३ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३६४ ।

प्रशस्ति—संवत् १५६४ वर्षे आषाढादि ६५ वर्षे शाके १४३१ प्रथम मार्गसिर सुदि ए्य श्री गिरिपुरे श्री आदिनाथचैत्यालये श्री मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे भट्टारक श्री सकलकीर्त्तिः तत्पट्टे भट्टारक श्री भुवनकीर्त्ति स्तत्पट्टे भट्टारक श्री ज्ञानभूषणस्तत्पट्टे भट्टारक श्री विजयकीर्त्तिस्तत् शिष्य ब्रह्म मल्लिदासपठनार्थं हुबड ज्ञातीय वृद्ध शाखायां चोकडी आवाछा तद्भार्या वभ्मलदे तयो द्वौ पुत्रौ । चोकडी सारुपा तद्भार्या राजलदे। एते ज्ञानावर्णी कर्म क्षयार्थं श्री धन्यकुमार-लिखाप्यदत्त शुभं भवत् पश्चात् ब्रह्म श्री मल्दिासात् शिष्य उल्ही आकेन पठित । प० हीरा की पोथी है। सात अधिकार हैं ।

२५२ **धन्यकुमारचरित्र—ब्रह्म नेमिदत्त** । पत्र सख्या–२५ । साइज-६×४ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन नं० ४८६ ।

विशेष—चतुर्थ अधिकार तक है इसके आगे अपूर्ण है ।

२५३. **धन्यकुमारचरित्र—खुशालचंद** । पत्र संख्या–३८ । साइज–१४×८½ इञ्च । भाषा-हिन्दी पद्य । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १६५६ मगसिर सुदी ७ । पूर्ण । वेष्टन नं० ६५ ।

विशेष—एक प्रति और है ।

२५४. **धर्मशर्माभ्युदय—हरिचंद्र** । पत्र संख्या–१०१ । साइज–१२×४½ इन्च । भाषा–संस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४३२ ।

विशेष—प्रति प्राचीन है बीच के कुछ पत्र जीर्ण है । धर्मनाथ तीर्थंकर का जीवन चरित्र वर्णित है ।

२५५. **नागकुमारचरित्र**—पत्र संख्या–३६ । साइज–१३×८ इन्च । भाषा–हिन्दी । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं०७६ ।

२५६ **नेमिदूतकाव्य—विक्रम** । पत्र संख्या–१३ । साइज–१०×४½ इच । भाषा–संस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १७८७ । पूर्ण । वेष्टन नं० ४०३ ।

२५७ **नेमिदूतकाव्य सटीक—मूलकर्त्ता विक्रम कवि।** टीकाकार पं० गुण विनय। पत्र संख्या–२३। साइज–१०½×४ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–काव्य। टीका काल–सं० १६४४। लेखन काल–सं० १६४४। पूर्ण। वेष्टन नं० २६२।

२५८ **प्रद्युम्नकाव्य पंजिका**—पत्र संख्या–८। साइज–१०×६ इञ्च। भाषा–प्राकृत। विषय–काव्य। रचना काल–×। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन नं० ३४२।

विशेष—१४ सर्ग तक है।

२५९. **प्रद्युम्नचरित्र—महासेनाचार्य।** पत्र संख्या–८८। साइज–११½×५½ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–चरित्र। रचना काल–×। लेखन काल–सं० १७११ ज्येष्ठ सुदी ६। पूर्ण। वेष्टन नं० २६४।

विशेष—कुल २४ परिच्छेद हैं, कठिन शब्दों के अर्थ दिये हुए हैं।

२६०. **प्रद्युम्नचरित्र—आ० सोमकीर्ति।** पत्र संख्या–२३६। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–चरित्र। रचना काल–×। लेखन काल–×।। पूर्ण। वेष्टन नं० २६३।

विशेष—प्रति प्राचीन है। ग्रंथ सं० ४८५० श्लोक प्रमाण है। एक प्रति संवत् १६४७ की लिखी हुई और है।

२६१ **प्रद्युम्नचरित्र—कवि सिंह।** पत्र संख्या–१४३। साइज–११×४½ इञ्च। भाषा–अपभ्रंश। विषय–चरित्र। रचना काल–×। लेखन काल–सं० १५९८ चैत सुदी ३। पूर्ण। वेष्टन नं० १८१।

विशेष—तक्षकगढ़ (टोडारायसिंह) में सोलंकी वंशोत्पन्न सूर्यसेन के राज्य दावणइया स्थाने खंडेलवालजातीय सोगाणी गोत्रोत्पन्न संघी सोढा के वंशज डू गा पत्ता सांगा आदि ने प्रतिलिपि कराकर मुनि पद्मकीर्ति को भेंट किया।

२६२. **पार्श्वपुराण—भूधरदास।** पत्र संख्या–८२। साइज–११×६ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–काव्य। रचना काल–सं० १७८९। लेखन काल–सं० १९१९ श्रावण सुदी ७। पूर्ण। वेष्टन नं० १७।

विशेष—२ प्रतियां और हैं।

२६३. **पार्श्वनाथचरित्र—भ० सकलकीर्ति।** पत्र संख्या–१०३। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–चरित्र। रचना काल–×। लेखन काल–सं० १६०५ कार्तिक बुदी १२। पूर्ण। वेष्टन नं० ५३।

विशेष—श्री बादशाह सलीमशाह (जहांगीर के) शासन काल में प्रयाग में श्री आदिनाथ चैत्यालय में प्रतिलिपि की थी। ब्रह्म आसे ने इसे सुमतिदास के पठनार्थ प्रतिलिपि की थी। आचार्य श्री हेमकीर्ति के शिष्य सा० मेघराज की पुस्तक है ऐसा लिखा है।

इस ग्रंथ की भण्डार में एक प्रति और है।

२६४. **प्रीतिंकरचरित्र—ब्रह्मनेमिदत्त।** पत्र संख्या–२७। साइज–१२×४½ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–चरित्र। रचना काल–×। लेखन काल–सं० १८०५ द्वि० वैशाख सुदी २। पूर्ण। वेष्टन नं० २७६।

विशेष—वसुपुर नगर में श्री चंद्रप्रभचैत्यालय में पं० परसराम जी के शिष्य आनन्दराम के पठनार्थ प्रतिलिपि की गई थी।

२६५. **भद्रबाहुचरित्र—रत्ननंदि** । पत्र सख्या-३० । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचनाकाल-× । लेखन काल-सं० १६५२ कार्तिक सुदी १५ । पूर्ण । वेष्टन नं० २६७ ।

विशेष—प्रशस्ति अपूर्ण है ग्रंथ ६८८ श्लोक संख्या प्रमाण है।

२६६. **भद्रबाहुचरित्र भाषा—चपाराम** । पत्र सख्या-३८ । साइज-१०½×७½ इञ्च । भाषा-हिन्दी गद्य । विषय-चरित्र । रचना काल-सं० १८०० सावन सुदी १५ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ३४ ।

विशेष—ग्रंथ १३२५ श्लोक प्रमाण है।

प्रारम्भ—जैवतो वरतौ सदा, चौवीसू जिनराज ।
तिन वदत नंदक लहै, निश्चय थल सुखदाय ॥

चौपई—रिषव अजित संभव अभिनंदन ।
सुमति पद्म सुपारिस चद ॥
पुष्पदत शीतल जिन राय ।
जिन श्रीहांस नमू सिर नाय ॥१॥

पत्र सख्या-२३ पर—अथानतर जे जीव तिस ही भव विषै स्त्री कू मोक्ष गमन कहै है, ते जीव आग्रह रूप ग्रह करि ग्रस्थ है अथवा तिनकू वाय लगी है ॥८३॥ कदाचि स्त्री परयाय धारि अर दुद्ध‍र घोर वीर तप करै । तथापि स्त्रीकू तद्भव मोक्ष नाहीं ॥८४॥

अन्त—इह चरित्र गुर गम्य लखि रत्ननदि मुनिराय ।
रच्यौ पंसत श्लोक मय मूल महा सुख दाय ॥१॥
लेय तिस अनुसार कछु रच्यौ वचनका रूप ।
जात नाम कुल तास अब कहूं सुनौ गुन भूप ॥२॥
देश ढुंढाहड मध्यपुर माधव सूवस्थान ।
जगतसंघ ता नगरपति पातल राज महान ॥३॥
तहां वसे इक वैश्य शुभ हीरालाल सु जान ।
जाति श्रावग न्याति मैं खंडेलवाल शुभ जानि ॥४॥
गोत भांवसा फुनि धरै परम गुनी गुन धाम ।
तिनकै अति मति दीन सुत उपनौ चपाराम ॥५॥

ताकै फुनि अ ता सुगम लसै सुजन सुख दाय ।
तानै कछू अक्षर समझि सीखी पाय सहाय ॥६॥
तिस पुर मध्य जिन भवन इक राजत अधिक उदार ।
मध्य लसै जिन वृषभ सुर नर वंदित पद सार ॥७॥
तहा जात दिन रैन मुझि भयौ कछू अभ्यास ।
तब लखि कै सुचरित्र इह रची वचनका तास ॥ ८ ॥
होय दोस यामैं जहां अमिलत अक्षर होय ।
सोधौ ताकूं सुघड नर निज लक्षण अब लोय ॥ ९ ॥
संत सदा गुन दुर्जन ग्रहै औगण लेय ।
सुख तैं तिष्टौ भूमि पार मो पर कृपा करेय ॥ १० ॥
बुद्धहीन तै मूलवत अर्थ भयो नही होय ।
ता परि सजन पुरुष मो क्षमा करो गुन जोय ॥ ११ ॥
अर सोधी वर बोर तैं लखि अक्षर विनास ।
यह मेरी अरजी शुभग धरौ चित्त गुण रासि ॥ १२ ॥
अधिक कहे किम होत है जे है संत पुमान ।
ते थोरे ही कहन तैं समझि लेत उर आन ॥ १३ ॥
नर सुर पति वदत चरण करन हरन गुन पूर ।
पर दरसत भजन करै धर्म रूप विधि चूर ॥ १४ ॥
जो जिनेश इन गुण सहित सो वंदू सिर नाय ।
सोहु इहा मंगल करन हरन विघ्न अधिकाय ॥ १५ ॥
श्रावण सुदि पूनिम सु रविवार अर्थ रस जानि ।
मद ससि संवत्सर विषै भयौ ग्र थ सुख खानि ॥ १६ ॥
चर थिर चवगति जीवत निति होहु सुखी जगथान ।
टरो विघन दुख रोष सब वधौ धर्म भगवान ॥ १८ ॥

— छंद अनुष्टया—

भद्रबाहुमुनेरेतत् चरित्र प्रति दरशता ।
भाषा मय कृतं चपारामेण मदबुद्धिना ॥ १९ ॥

—सोरठा—

तस्य दोष परित्यज्य मद्र तु गुन सज्जना ।
यथा घृष्टौपि सौरभ्यं ददाति चदनोल्वणं ॥ २१ ॥

तेरह सौ पचीस श्लोक रूप संख्या गिनौ ।
भद्रबाहु मुनि ईस चरित तनी भाषा भई ॥ २२ ॥

इति श्री आचार्य रत्ननंदि विरचित भद्रबाहु चरित्र सस्कृत ग्रथ ताकी बालबोध वचनका विषै श्वेताम्बर मत उत्पति वा पर्यसंध की उत्पति तथा लुकामत की उत्पति नाम वर्ननों नाम चतुर्थ अधिकार पूर्ण भया ॥ इति ॥

२६७ **भद्रबाहु चरित्र भाषा—किशनसिंह** । पत्र सख्या-३५ । साइज-११×५ इन्च । भाषा-हिंदी गद्य । विषय-चरित्र । रचना काल-स० १७८३ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ७८ ।

विशेष—एक प्रति और है ।

२६८ **भविष्यदत्त चरित्र—श्रीधर** । पत्र सख्या-६६ । साइज-१२×४ इन्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-स० १५८६ मंगसिर सुदी १० । पूर्ण । वेष्टन न० ७३५ ।

विशेष—खडेलवाल जातीय साह गोत्रोत्पन्न साह लाला के वंशज नाथा खीमा छीतर आदि ने प्रतिलिपि कराई थी ।

२६९. **भविष्यदत्तचरित्र—ब्र० रायमल** । पत्र सख्या-३६ । साइज-१२×८ इञ्च । भाषा-हिन्दी पद्य । विषय-चरित्र । रचना काल-स० १६१६ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ११५ ।

२७० **भविष्यदत्त चरित्र—धनपाल** । पत्र सख्या-११२ । साइज-११×५½ इञ्च । भाषा-अपभ्र श । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६६२ माघ सुदी १२ । पूर्ण । वेष्टन न० १६५ ।

विशेष—सं० १६६२ वर्षे माघ सुदी ११ गुरुवासरे रोहिणीनक्षत्रे श्री मूलसंघे लिखित खेमकरण कायस्थ हाजीपुरनगरे ।

एक प्रति और है लेकिन वह अपूर्ण है ।

२७१. **भोजप्रबंध—पंडित अल्लारी** । पत्र सख्या-२६ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० २८८ ।

विशेष—श्लोक संख्या ११०० प्रमाण है ।

२७२ **महीपालचरित्र—नथमल** । पत्र सख्या-७० । साइज-१०½×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी गद्य । विषय-चरित्र । रचना काल-स० १६१८ आषाढ सुदी ४ । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन न० ३६ ।

विशेष—प्रारम्भ के २ तथा अन्तिम पत्र नहीं है ।

श्री नथमल दोसी दुलीचद के पौत्र तथा शिवचंदजी के पुत्र थे । इनने प० सदासुखजी के पास रहकर अध्ययन व रचनाएँ की थी ।

२७३. **मेघदूत—कालिदास** । पत्र संख्या-९७ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-काव्य । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४१३ ।

विशेष—प्रति संस्कृत टीका सहित है । टीकाकार सरस्वतीतीर्थ हैं । काशी मे टीका लिखी गई थी । पत्र १३ तक मूल सहित (श्लोक ५५) टीका है शेष पत्रों में मूल श्लोकों के लिए स्थान खाली है ।

२७४. **यशोधरचरित्र—वादिराजसूरि** । पत्र संख्या-१७ । साइज-१२×६ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १७०० ज्येष्ठ बुदी ४ । पूर्ण । वेष्टन नं० २७७ ।

२७५. **यशोधरचरित्र—सकलकीर्त्ति** । पत्र संख्या-५१ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २७१ ।

विशेष—आठ सर्ग हैं । प्रति प्राचीन है । पत्र पानी में भीगे हुए हैं । एक प्रति और है ।

२७६. **यशोधरचरित्र—ज्ञानकीर्ति** । पत्र संख्या-७६ । साइज-१०½×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-सं० १६५६ माघ सुदी ५ । लेखन काल-सं० १६६१ जेष्ठ सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन नं० २७५ ।

विशेष—९ सर्ग हैं । राजमहल नगर के श्री पार्श्वनाथ चैत्यालय में महाराजाधिराज श्री मानसिंह के राज्य काल में उनके प्रधान अमात्य श्री नानू गोधा ने प्रतिलिपि कराई थी ।

२७७ **यशोधरचरित्र—वासवसेन** । पत्र संख्या-६३ । साइज-१०½×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-सं० १६१४ चैत्र सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन नं० २७४ ।

प्रशस्ति—संवत् १६१४ वर्षे चैत्र सुदि ५ शुक्रवारे तक्षकमहादुर्गे महाराजाधिराजरावश्रीकल्याणराज्यप्रवर्तमाने श्रीमूलसंघे नद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्री पद्मनन्दिदेवा तत्पट्टे भ० श्रीशुभचन्द्रदेवा तत्पट्टे भ० श्रीजिनचन्द्रदेवा तत्पट्टे श्रीप्रभाचन्द्रदेवा तत् शिष्यमंडलाचार्यश्रीधर्मचन्द्रदेवा तत् शिष्यमंडलाचार्यश्री ललितकीर्तिदेवा-स्तदाम्नाये खंडेलवालान्वये अजमेरा गोत्रे सा दामा तद्भार्या चादो तत्पुत्रौ द्वौ । प्र० सायो जिनपूजापुरंदर चतुर्दानवितरणकल्पवृक्ष गोजगगेव सा बोहिथ, द्वि० सा वाना । सा० बोहिथ तद्भार्या बालहदे । तत्पुत्रौ द्वौ । प्र० सा. सुरताण द्वि० सा. साधु । सा, सुरताण भार्या द्व · · ।

२७८ **यशोधरचरित्र—पद्मनाभ कायस्थ** । पत्र संख्या-८६ । साइज-११½×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । अपूर्ण । वेष्टन नं० २७२ ।

विशेष—९ सर्ग तक है, प्रति प्राचीन है ।

२७९ **यशोधरचरित्र—सोमकीर्ति** । पत्र संख्या-५१ । साइज-१०½×५ इंच । भाषा-संस्कृत । विषय-चरित्र । रचना काल-सं० १५३६ पौष बुदी ५ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २७० ।

विशेष — आठ सर्ग हैं। श्री शीतलनाथ चैत्यालय गोदिल्यामेध पाट में ग्रन्थ रचना की गई थी। ग्रन्थ श्लोक संख्या—१०१८ प्रमाण है। २० से ४१ तक पत्र दूसरी प्रति के हैं। प्रति प्राचीन है। एक प्रति और है।

२८०. **यशोधरचरित्र—लिखमीदास** । पत्र संख्या—३६ । साइज—१३×७½ इञ्च । भाषा—हिन्दी पद्य । विषय—चरित्र । रचना काल-स० १७८१ कातिक सुदी ६ । लेखन काल—स० १९५२ । पूर्ण । वेष्टन न० १२२ ।

२८१. **यशोधरचरित्र भाषा—खुशालचन्द** । पत्र संख्या—३३ । साइज—१३×८ इञ्च । भाषा—हिन्दी पद्य । विषय—चरित्र । रचना काल—सं० १७८१ कार्तिक सुदी ८ । लेखन काल—सं० १९०० असाढ सुदी ३ । पूर्ण । वेष्टन न० ९४ ।

विशेष—पं० कालीचरन ने प्रतिलिपि की थी। एक प्रति और है।

२८२ **रघुवंश—कालिदास** । पत्र संख्या—११७ । साइज—१०×८ इन्च । भाषा—संस्कृत । विषय—काव्य । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४२० ।

विशेष—प्रति प्राचीन है। संस्कृत टीका सहित है। पत्रों के मध्य में मूल सूत्र है तथा ऊपर नीचे टीका दी है। ग्रन्थ टीका श्लोक संख्या—५२८० है। मूल श्लोक संख्या—२००० है।

एक प्रति और है लेकिन वह अपूर्ण है।

२८३. **रामकृष्ण काव्य-प० सूर्य कवि** । पत्र संख्या—२२ । साइज—११×४½ इञ्च । भाषा—संस्कृत । विषय—काव्य । रचना काल—× । लेखन काल—सं० १८१७ चैत्र सुदी ११ । अपूर्ण । वेष्टन न० ४०२ ।

विशेष—अन्वयदीपिका नाम की टीका है। पडि आनन्दराम ने प्रतिलिपि की थी।

प्रारम्भ—श्रीमज्जानकीनाथाय नम. ।

श्रीमन्मगलमूर्तिमातिशमन नत्वा विदित्वा तत ।
गन्दमहमनोरम सुगुणश्लाघिर जात्मन. ॥

अतिम—सुलब्धवठास्तु विलोमवर्ण काव्येऽत्र मव्येरतिमादधातु ।
चातुर्यमायाति यत' कविर्त्वे, नाशां तथा पाक जातमेति ॥

इति श्री सूर्यकवि कृता रामकृष्णकाव्यस्यान्वयदीपिका नाम्नी टीका संपूर्णा ।

२८४ **वरांगचरित्र—भट्टारक वर्द्धमान देव** । पत्र संख्या—६७ । साइज ११½×५ इञ्च । भाषा—संस्कृत । विषय—चरित्र । रचना काल—× । लेखन काल—१८६३ आषाढ सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन न० ३७० ।

विशेष—जयपुर के शान्तिनाथ चैत्यालय में विबुध अमृतचन्द्र ने प्रतिलिपि की थी।

२८५ **वासवदत्ता—महाकवि सुबंधु** । पत्र संख्या—२६ । साइज- १०½×४½ इन्च । भाषा—संस्कृत । विषय—काव्य । रचना काल—× । लेखन काल—× । पूर्ण । वेष्टन न० ४७६

२८६. **विदग्धमुखमंडन—धर्मदास** । पत्र संख्या–३१ । साइज–११×५ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १८६१ । पूर्ण । वेष्टन नं० ३४० ।

विशेष—यति अमरदत्त ने जयपुर मे सं. १८६१ मे पंडित श्रीचद्र के शिष्य चि० मनोरथराम के पठनार्थ प्रतिलिपि कराई थी । प्रति संस्कृत टीका सहित है ।

२८७ **शिशुपालवध—महाकवि माघ** । पत्र संख्या–११ । साइज–११×५½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–काव्य । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४२६ ।

विशेष—केवल १४ वें सर्ग की टीका है, टीकाकार मल्लिनाथ सूरि है ।

२८८. **श्रीपालचरित्र—ब्रह्मनेमिदत्त** । पत्र संख्या–६६ । साइज–११×५ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–स० १५८५ आषाढ सुदी १५ । लेखन काल–सं० १८४४ आसोज सुदी १० । पूर्ण । वेष्टन नं० २२६ ।

विशेष—पूर्णनासा नगर के आदिनाथ चैत्यालय में ग्रन्थ रचना की गई थी ।

२८६. **श्रीपालचरित्र—परिमल** । पत्र सख्या–१३५ । साइज–१२×४½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० २७ ।

विशेष—४ प्रतियां और हैं ।

२६० **श्रेणिकचरित्र—शुभचंद्र** । पत्र सख्या–११३ । साइज–११½×४½ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १७८५ श्रावण सुदी १५ । पूर्ण । वेष्टन नं० २४१ ।

विशेष–फोडी ग्राम में प्रतिलिपि हुई थी ।

२६१ **सप्तव्यसन चरित्र भाषा** । पत्र संख्या–१३ । साइज–१२×८ इञ्च । भाषा–हिन्दी गद्य । विषय–चरित्र । रचना काल–स० १६२१ । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ८७ ।

विशेष—रचना के मूलकर्त्ता सोमकीर्ति हैं ।

२६२ **सुकुमालचरित्र—सकलकीर्त्ति** । पत्र सख्या–४३ । साइज–१०½×४½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० ४११ ।

विशेष—६ सर्ग हैं । श्लोक संख्या १२०१ है पत्र पानी में भीगे हुए हैं ।

२६३. **सुकुमालचरित्र भाषा—नाथूलाल दोसी** । पत्र संख्या–६५ । साइज–१३×८½ इंच । भाषा–हिन्दी गद्य । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन नं० १४० ।

विशेष –प्रारम्भ में चरित्र पद्य में दिया हुआ है फिर उसकी वचनिका लिखी गई है ।

प्रारम्भ (पद्य)—श्रीमत वीर जिनेश पद, कमल नमू शिरनाय।
जिनवाणी उर में धरू जजू सुगुरु के पाय ॥ १ ॥
पंच परम गुरु जगत में परम इष्ट पहिचान।
मन वच तन करि ध्यावते होत कर्म की हानि ॥ २ ॥

अंतिम—सर्वारथ सिध लौं गये, शेष जती तज प्रान।
जानौ भवि संक्षेप तैं ईह विध चरित बखान ॥ १२५ ॥
अब सुकुमाल चरित्र का सकल ज्ञान के हेत।
देश वचनिका मय लिखू पढौ सुनौ धरि चित ॥ १२६ ॥
वशि प्रमाद कछू भूलि कैं अरथ लिख न जो होय।
पंडित जन सब सोधियो, मूल ग्रंथ अवलोय ॥ १२७ ॥

वचनिका पद्य नं० ८८ की—

अर झूठ बचनका बोलना तै बुद्धि को नाश हो है। अपजस फैलै है। अर सर्व जीवन कै अविश्वास की पात्र हो है। बहुरि राजादिकनि तै हाथ पांव कान नाक जीभ आदि का छेद रुप दंड पावै है।

अंतिम—आदि अंत मंगल करौ श्री वृषभादि जिनेश।
जैन धर्म जिन भारती, हर संसार क्लेश ॥

सवैया—ढुंढाहड देश मध्य जैपुर नगर सो है,
च्यार वर्ण राह चाले अपने सुधर्म की।
रामसिंह भूपत के राज माहि कमी नाहि,
कमी कछु दृष्टि परै जानौ निज कर्म की ॥
वैश्यकुल जैनी को पूरब कृत्य पुण्य थकी,
पायो यह खोलो अब मुदी दृष्टि धर्म की।
जैन बैन कान सुनौ आत्मस्वरुप मूनौ,
चारु अनुयोग मनौ यही सीख मर्म की ॥ २ ॥

चौपाई—दोसी गोत दुलीचंद नाम। ताको सुत शिवचंद अभिराम ॥
नाथुलाल तासु सुत भयौ। जैन धर्म को सरणो लयौ ॥ ३ ॥
श्रीदीवाण संगही अमरेश। पाय सहाय पढ्यो श्रुत लेश ॥
कासलीवाल सदासुख पास। फिर कीनो श्रुत कौ अभ्यास ॥ ४ ॥
श्री सुकुमाल चरित्र रसाल। देख कही हरचंद गंगवाल ॥
होत वचनिका मय जो ऐह। सब जन बाचै हित गेह ॥ ५ ॥

बिन व्याकरण पढे नही ज्ञान । मूलग्रंथ को होइ निदान ॥
ऐसी प्रार्थना तनै बसाय । मूल ग्रथ को पाय सहाय ॥ ६ ॥
भावारथ सो लिखयो एह । देश वर्चनिका मय धरि नेह ॥
बाचौ पढौ पढावौ सुनौ । श्रात्म हित कू नीकू मुनौ ॥ ७ ॥
जो प्रमाद बस तै कुछ इहा । भोलपने तैं मैने कहा ॥
सो सब मूल ग्रथ अनुसार । सुध करयो बुध जन सुविचार ॥ ८ ॥
उनवीससतठारहसार । सावण सुदी दशमी गुरुवार ॥
पूरण भई वचनिका एह । बाचौ पढौ सुनौ धरि नेह ॥ ९ ॥

दोहा—मगलमय मगल करन वीतराग चिद्रूप ।
मन वच कर ध्यावतै, हो है त्रिभुवन भूप ॥ १० ॥

इति श्री सकलकीर्ति आचार्य विरचित सुकुमाल चरित्र सस्कृत ग्रंथ ताकी देशभाषा वर्चनिका समाप्ता ॥

२९४. **सीताचरित्र—कवि बालक** । पत्र सख्या–११३ । साइज–१३×६३/४ इन्च । भाषा–हिन्दी पद्य । विषय–चरित्र । रचना काल–सं० १७०३ मगसिर सुदी ५ । लेखन काल–स० १७९८ सावन सुदी १३ । पूर्ण । वेष्टन न० ६२

विशेष—प० सुखलाल ने केथूण नगर मे प्रतिलिपि की थी । प० सुखराम का गोत ठोलिया, वासी शेखावाटी, वास हिंगूणया था ।

२९५. **हनुमतचौपई—ब्रह्मरायमल्ल** । पत्र सख्या–४० । साइज–१०×६१/२ इञ्च । भाषा–हिन्दी पद्य । विषय–चरित्र । रचना काल–सं० १६१६ । लेखन काल–स० १८६५ । पूर्ण । वेष्टन नं० १८० ।

विशेष—छोटेलालजी ठोल्या ने मन्दिर दाणावलि (दीवानजी) के पडित सवाई रामजी से ०) देकर पुस्तक सवत १९०२ मे ली थी ।

२९६. **हनुमच्चरित्र—ब्रह्म अजित** । पत्र सख्या–८६ । साइज–१०३/४×५ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० २३६ ।

विशेष—ग्रथ २००० श्लोक प्रमाण है प्रति प्राचीन है ।

२९७. **होलिकाचरित्र—जिनदास** । पत्र सख्या–१०६ । साइज–११३/४×५ इन्च । भाषा–सस्कृत । विषय–चरित्र । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० २३८ ।

विशेष—ग्रथ श्लोक संख्या ६४३ प्रमाण है ।

विषय–पुराण साहित्य

२९८ **आदिपुराण—जिनसेनाचार्य** । पत्र सख्या-३४५ । साइज-१२½×६½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–पुराण । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १७३६ ज्येष्ठ सुदी ५ । पूर्ण । वेष्टन न० १५८ ।

विशेष—पालुम्ब नगर निवासी विहारीदास के पुत्र निहालचद जैसवाल ने प्रतिलिपि की थी । एक प्रति और है लेकिन वह अपूर्ण है ।

२९९ **आदिपुराण—पुष्पदत** । पत्र सख्या-४ से २७६ । साइज-१२×५½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । भाषा–अपभ्र श । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १५४३ आसोज सुदी ९ । पूर्ण । वेष्टन नं० १६४ ।

विषशे—एक प्रति और है । लेकिन वह अपूर्ण है ।

लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है—

प्रशस्ति—अथ श्रीविक्रमादित्यराज्यात् सवत् १५४३ वर्षे आसोज सुदी ९ गुरुवारे श्री हिसारपेरोजाकोटे सुलतान श्रीवहलोलसाहराज्यप्रवर्तमाने श्री मूलसघे नद्याम्नाये सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे भट्टारकश्रीपद्मनदिदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्री शुभचद्रदेवा तत् शिष्य श्री मुनि जयनदिदेवा तत् शिष्यणी बाई गूजरी निमित्त श्री खडेलवालान्वये क्षेत्रपालीय गोत्रे सुनामपुरवास्तव्ये जिनशासनप्रभावकपरमश्रावकसघपतिकल्हू नामा तत्पत्नी शीलशालिनी साध्वी राणी नाम्नी तयो चत्वार पुत्रा अनेकतीर्थयात्रादिमहामहोत्सवकारायिका अर्हतादिपचपरमेष्ठिचरणारविंदसेवनैकचचरीका संघपति हवा स० धीरा स० कामा, स० सुरपति नामधेया तन्मध्ये सघपति कामा भार्या विहितानेकव्रतनियमतपोविधानादिधर्मकार्या साध्वी कमलश्री तत्पुत्रौ देवपूजादिषट्कर्मपद्मिनीखडमार्त्तण्डौ हस्तिनागपुरतीर्थयात्राप्रभावनाकारणोपपन्न पुन्यवलप्रचडौ स० भीवा स वच्छकौ सघपति भीमाख्यजाया देवगुरुशास्त्रभक्तिविधानप्रलब्धछाया साध्वी भीवश्री इति प्रसिद्धि तद्नन्दने प्रथनामा गुरुदास तत् क्लत्र शीलाद्यनेकगुणपात्रे गुणश्री नामिक तत्सुतौ चिरजीव जैरणमल सघपति वछू गेहनी विनयादिगुणांबुतद्वाहिनी वडलसिरि इति रुधि । तत् तनुजो जिनचरणकमल सेवनैकचचरीका स० रावणदासाख्य तज्जननी गालविनयादिगुणशायचन सरस्वती सज्ञिका । एतेषामध्ये साध्वीया कमलश्री तया निज पुत्र स० भीवा बच्छूकयो न्यायोपार्जित वित्तेन इदश्री आदिपुराणपुस्तक लिखापित ॥ लिखित महेश्वर शोभा सुत ऊधाकेन इद पुस्तक ।

३०० **आदिपुराण भाषा—प० दौलतराम** । पत्र सख्या-६४८ । साइज-१०½×६½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–पुराण । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ६६ ।

ग्रन्थ २३७०० श्लोक प्रमाण हैं । एक प्रति और है ।

३०१. **उत्तरपुराण – गुणभद्राचार्य** । पत्र सख्या-३८१ । साइज-१२½×६½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–पुराण । रचना काल–× । लेखन काल–सं० १८९७ चैत्र सुदी १३ । अपूर्ण । वेष्टन न० १५९ ।

विशेष—प्रशस्ति अपूर्ण है। अजमेर पट्ट के भ० देवेन्द्रकीर्ति के पट्ट में आचार्य रामकीर्ति के समय में लश्कर (ग्वालियर) में आदिनाथ चैत्यालय में प्रतिलिपि की गयी थी। इसमें ६६ से ६८ तक पत्र नहीं हैं।

एक प्रति और है। यह प्रति प्राचीन है।

३०२. **नेमिजिनपुराण—ब्रह्मनेमिदत्त**। पत्र संख्या–१८३। साइज–११×५ इन्च। भाषा–संस्कृत। विषय–पुराण। रचना काल–×। लेखन काल–स० १६१२ आषाढ सुदी १३। पूर्ण। वेष्टन नं० २३०।

विशेष—तक्षकगढ में राजा रामचद्र के शासन काल में आदिनाथ चैत्यालय में प्रतिलिपि की गई थी। २ प्रतिया और हैं।

३०३. **पद्मपुराण—रविषेणाचार्य**। पत्र सख्या–१ से १४०। साइज–१३×६½ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय–पुराण। रचना काल–×। लेखन काल–×। अपूर्ण। वेष्टन नं० १६१।

३०४. **पद्मपुराण—प० दौलतराम**। पत्र संख्या–६२१। साइज–१२×६½ इञ्च। भाषा–हिन्दी गद्य। विषय–पुराण। रचना काल–स० १८२३ माघ सुदी ६। लेखन काल–स० १६०० आषाढ सुदी ४। पूर्ण। वेष्टन न० ४८

विशेष—दयाचद चादवाड ने लिपि की थी।

३०५. **पाण्डवपुराण—शुभचद्र**। पत्र सख्या–२०२। साइज१२½×६½ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–पुराण। रचना काल–स० १६०६ भादवा बुदी २। लेखन काल–स० १७६२ आसोज सुदी १४। पूर्ण। वेष्टन न० ४१।

विशेष—श्वेताम्बर यति गोरखदास ने बसवा में प्रतिलिपि की थी।

३०६ **बलभद्रपुराण—रइधू**। पत्र सख्या–१५५। साइज–१२×४½ इञ्च। भाषा–अपभ्रंश। विषय–पुराण। रचना काल–×। लेखन काल–स० १७३२ फागुन बुदी १४। पूर्ण। वेष्टन न० १६६।

विशेष—औरगजेब के शासनकाल में बैराठ नगर में अग्रवाल वशोत्पन्न मुगिल गोत्रीय सघी साधु के वशज सघी श्री कुशलसिंह ने पेमराज से प्रतिलिपि कराई थी।

३०७ **रामपुराण (पद्मपुराण)—भ० सोमसेन**। पत्र सख्या–२०४। साइज–११½×५½ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–पुराण। रचना काल–स० १६५६। लेखन काल–स० १८०८ माह सुदी ७। पूर्ण। वेष्टन न० २५६

विशेष—श्वेताम्बर जयदास ने प्रतिलिपि की थी। कुल ३३ अधिकार हैं। ग्रथाग्रंथ सख्या–५०० श्लोक प्रमाण है।

३०८. **वर्द्धमानपुराण—सकलकीर्ति**। पत्र सख्या–१६४। साइज–१०½×६ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–पुराण। रचना काल–×। लेखन काल–स० १८५८। पूर्ण। वेष्टन न० २५७।

विशेष—इसमें कुल १६ अधिकार हैं। महात्मा सालगराम ने प्रतिलिपि की थी।

३०६ **शान्तिनाथपुराण—सकलकीर्ति** । पत्र सख्या-४६ से १८४ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-सस्कृत ।विषय-पुराण । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६१८ माह सुदी १० । पूर्ण । वेष्टन नं० २५८ ।

विशेष—कुल १६ अधिकार हैं । श्लोक सख्या ४३८० है । एक प्रति और है ।

३१० **हरिवशपुराण—यश कीर्त्ति** । पत्र सख्या-१५१ । साइज-११½×५¾ इञ्च । भाषा-अप भ्रश । विषय-पुराण । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६१५ सावनसुदी १३ । पूर्ण । वेष्टन न० १६६ ।

विशेष—४००० प्रमाणश्लोक ग्रन्थ है । बादशाह अकबर के शासन काल में अग्रवाल वशोत्पन्न मित्तल गोत्रीय रेवाडी निवासी साह असराज के वशज सा. भीमसेन ने प्रतिलिपि कराई थी । लेखक प्रशस्ति काफी विस्तृत हैं ।

३११ **हरिवशपुराण—ब्र० जिनदास** । पत्र सख्या-३६६ । साइज-१०¾×५½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पुराण । रचना काल-× । लेखन काल-स० १७१० अगहन सुदी ८ । पूर्ण । वेष्टन न० १६८ ।

लेखक प्रशस्ति अपूर्ण है । एक प्रति और है ।

३१२ **हरिवशपुराण—प० दौलतराम** । पत्र सख्या-६८४ । साइज-१३×८ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-पुराण । रचना काल-स० १८२६ चैत्र सुदी १ । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० १४५ ।

विशेष—वलदेव कृत जयपुर वदना भी है ।

विषय-कथा एवं रासा साहित्य

३१३. **अष्टाह्निकाकथा**—पत्र सख्या-३४ । साइज-१०×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी गद्य । विषय-कथा । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६१० मगसिर बुदी ११ । पूर्ण । वेष्टन न० ७२ ।

विशेष—गुजराती हिन्दी मिश्रित है । प्राकृत गाथाएं है उस पर टीका है । पन्नीलाल के पठनार्थ प्रतिलिपि की थी।

प्रारम्भ—शाति देव प्रणाम करि निश्चय मन में ध्याय ।
अन्तिम पुष्पिका—इति श्रीमज्जैनमार्तंडमहापुराणे श्रीमद्भट्टारक जिनेन्द्रभूषण पट्टाभरण श्री भट्टारक महेन्द्रभूषण द्वितिय नाम कर्मविपाक चरित्र कृते चित्रांगदायि मोक्षप्राप्तवर्णनो नवमोऽधिकार समाप्तोयंग्रंथ ।।

४८५. **नंदवत्तीसी—हेमविमल सूरि** । पत्र संख्या–४ । साइज–१०×४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । रचना काल–स० १५६० । लेखन काल–स० १६ ‥ । पूर्ण । वेष्टन न० ३०४ ।

प्रारम्भ—गाथा—
आगमवेदपुराणमग्गे जजकवति कवीयण तं शारद तुह पसायउ ।

दूहा—पहिलउ प्रणमउ सरसती, जगवति लील विलास ।
श्री जिणवर शकर नमु मांगु बुद्धि पयास ।।१।।
आपीय अविरल बुद्धि धण जन मन रंजन जेह ।
नंद वत्तीसी जे सुणउ चरीयर चपुरि तेह ।।२।।
नयरागर अहि ठाण जे तेह तणां वोलेस ।
नंद वत्तीसी चुपई एहज नामठ व्योस ।।

चौपई—पुर पाडलीय नगर अभिराम । पुहवि प्रगटउ जेह तु नाम ।।
वरण वरण वसि तहां लोक । जाणस जाण तणा तिहां थोक ।।
सजल सरोवरनि वन खड । राजा लोक न लेवि दड ।।
गढ मढ मदिर मैडी पोलि । चुरासी चहु टा नीरा डलि ।।

अन्तिम—हीयडि अति ऊमाहु करी । नदरायनु वोल्यु चरी ॥
सुण विनोद कथा चुपई । नद वत्रीसी चुपई ॥५१॥
तप गछ नायक एह मुणिद । जय श्री हेम विमल सूरद ॥
ज्ञान सील पंडित सुविचार । तास सिस्य कहि येह विचार ॥
सवत १५ साठा मझार । चैत सुदि तेरसि वार ॥
जे नर विदुर विसेष सुणि । मुनिवर कुल सघ भणि ॥
भणतां गुणतां लहीर वुद्धि वुद्धि सयल काज ती सिद्धि ॥
वधुधि फलीइ वद्धित सदा नितु नवर सपदा ॥११४॥
॥ इति विनोदे नद वत्रीसी चुपई समाप्त ॥

सवत् १६ श्रीमत् काष्ठासघे नदीतट्टगच्छे विद्यागणे भ० रामसेनान्वये तदाम्नाये भ० उदयसेन तत्पट्टे भ० श्री त्रिभुवनकीर्ति तत्पट्टाभरण वादिगजकेसरी उभयभाषाचक्रवर्ति भ० श्री रत्नभूषण नरसिंह पुरा ज्ञातीय सांपडीया गोत्रे सा० योगा भार्य्या विनादे सूत ब्रह्म श्री वच्छराज तत्सिष्य ब्र० श्री मगलदास ।

४८६. **दशस्थानचौवीसी—द्यानतराय** । पत्र सख्या–७ । साइज–८×४½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । रचना काल–× । लेखन काल–स० १८४४ । पूर्ण । वेष्टन नं० १२५ ।

विशेष—चौवीस तीर्थंकरों के नाम, माता पिता के नाम, ऊचाई, आयु आदि १०, वातों का वर्णन है ।
मीठालाल शाह पावटा वाले ने जयपुर में प्रतिलिपि की थी ।

४८७. **समयसार कलशा—अमृतचद्र** । पत्र सख्या–१४ । साइज–११½×५½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–अध्यात्म । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० २८८ ।

४८८ **पद्मनन्दिपचविंशतिका—पद्मनदि** । पत्र सख्या–५६ । साइज–११½×४½ इञ्च । भाषा–सस्कृत विषय–धर्म । रचना काल–× । लेखन काल–× । अपूर्ण । वेष्टन न० १ ।

विशेष—१०५ से आगे के पत्र नहीं हैं । २ प्रतियां और हैं ।

४८९ **पचदशशरीरवर्णन** – पत्र सख्या–१ । साइज–११½×४½ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–स्फुट । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ७५ ।

४९० **प्रतिक्रमण सूत्र** । पत्र सख्या–४ । साइज–१०×४½ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–धर्म । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ४१० ।

४९१ **प्रशस्तिका**—पत्र सख्या–१६ । साइज–६×४ इञ्च । भाषा–सस्कृत । विषय–विविध । रचना काल–× । लेखन काल–× । पूर्ण । वेष्टन न० ४२३ ।

४६२ **फुटकर गाथा**—पत्र सख्या-२ । साइज-११×४½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-धर्म । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण वेष्टन न० ४०५ ।

४६३. **बारहव्रतोद्यापन (द्वादस व्रत विधान)**—पत्र सख्या-५ । साइज-१०½×५ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ८७ ।

४६४ **बारहखडी—सूरत** । पत्र सख्या-१६ । साइज-७½×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सुभाषित रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० १०५ ।

४६५ **भावनाबत्तीसी—अमितिगति** । पत्र संख्या-३ । साइज-१०½×४ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-चितन । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ३६१ ।

विशेष—पद्य सख्या ३३ है ।

४६६. **मानवर्णन**—पत्र सख्या-५ । साइज-१०½×५ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-स्फुट । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन नं० २०२ ।

४६७. **मालपच्चीसी—विनोदीलाल** । पत्र संख्या-४ । साइज-६½×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचना काल-× । लेखन काल-स० १६०४ पौष सुदी ११ । अपूर्ण वेष्टन न० १८४ ।

४६८. **सास बहु का झगडा—देवाब्रह्म** । पत्र सख्या-१ । साइज-११×५½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-समाज शास्त्र । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ४३८ ।

विशेष—देवाब्रह्म यो देखि समासो ढाल वरणई सार । मात पिता की सेवा कीज्यो कुलवता नर नारी ।।१७।। मांची बात कहू छू जी ।।

५०० **लीलावती**—पत्र सख्या-८ । साइज-१०½×५ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-गणित । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ४६२ ।

विशेष—सक्रमण सूत्र तक दिया हुआ है ।

५०१ **स्नानविधि**—पत्र सख्या-४५ । साइज-८½×३½ इञ्च । भाषा-प्राकृत सस्कृत । विषय-पूजा । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ६४ ।

प्रति प्राचीन हैं ।

५०२. **समस्तकर्मसन्यास भावना**—पत्र सख्या-७ । साइज-१०½×४½ इञ्च । भाषा-सस्कृत । विषय-अध्यात्म । रचना काल-× । लेखन काल-× । पूर्ण । वेष्टन न० ३४६ ।

श्लोक सख्या-१३३ हैं ।

गुटके एवं संग्रह ग्रन्थ

वहुरी जल लेन सख्या नहीं, ईसु चढाई जे जिन पद जाप ||
तो वरत करौ भवि जैन का || १४१ ||

अन्तिम पाठ—अहो बू दी जी नग्र हाडा तनौ थान, राज करें बुधसिंह कुल भानु ।
पोन छत्तीस लीला करै, गढ अरु कोट वन उपवन वाय ।
महल तलाव देवल छत्रां, श्रावग धर्म चलै वहु भाय ।' तो वरत० ||
अहो जगत कीरति भट्टारक परमान, मूल सघी सरस्वती गच्छ जान ।
तो कु दकु दा मुनि पाटई, ब्रह्मचार आचारिज पडित भाय ||
और आरयिका जी सग मैं, मानत श्रावग यह अमनाय || तो० ||
अहो पार्श्वनाथ चैत्यालौ जी गाय, तहां पडित तुलसी जी दास रहाय ।
तो सास्त्र समूह विधा धणी करइ, निरतर धर्म दिढाव सुख स्यों काल पूरण करै ।
तास चरचा रचि गंथ पसाव || तो० ||
अहो साह मामां सुतधर धनपाल, ताकौ चतुरभुज रूप दसाय ।
तो सुत दौलतिराम हुव कछुयक, जिन गुण कहि अभिराम ||
वरत विधान रासौ रच्यौ, ताकै पुत्र हरदेराम सढाराम || तो० ||
अहो पाटणी गोत परसिद्ध मही माही, खडेलवाल जिन म तिय कहांहि ।
तो श्रावग धर्म्म मारग भालै, करहि चरचा जिन वचन विलास ।
ओन धर्म नही ऊचरै, सहु परिवार बू दी गढ वास || तो० ||

× × ×

अहो सवत् सतरासै सत सदि लीन, आसोज सुकल दशौं दिन परवीन ||
तो लगन मुहुरत सुभ घरी वार, गुरु वार नक्षत्र जो ता माहि ||
ग्र थ पूरण भयो भविय सवोधन यह उपयोग ||
अहो दोय सें इकस्या जी छद निवास, सातसै पचास सख्या ताम ||
तो एक सौ इकसठि तामै तप कह्या, दौलतराम विविध वुरणाय ||
भवि करि मन वच काय सौं, अनुक्रम सुर सुख शिव पद पाय || २८१ ||

|| इति श्री व्रत विधान रासो सगही दौलतराम कृत सपूर्ण ||

(२) १५८ व्रतों के नाम – पत्र सख्या २३–२४ ।

(३) पूजा स्तोत्र सग्रह—पत्र सख्या-१ से २५१ तक ।

विशेष— ६३ प्रकार के पाठ व पूजा स्तोत्र आदि का सग्रह है। गुटका में कुल पत्रों की सख्या २७५ है।

५०५. गुटका न० ७— पत्र सख्या-२४ । साइज–८¾×६ इच । भाषा-हिन्दी । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—आयुर्वेदिक नुसखे दिये हुये हैं। एव मत्रों का सकलन है। सभी मत्र आयुर्वेद से सम्बधित हैं। स्तोत्र आदि भी हैं।

५०६ गुटका न० ३—पत्र सख्या–२८। साइज–७×५ इञ्च। भाषा–प्राकृत–सस्कृत। लेखन काल–×। पूर्ण।

विशेष—नित्य नियम पूजा पाठ हैं।

५०७ गुटका न० ४—पत्र सख्या–६० | साइज–६×६ इञ्च। भाषा–हिन्दी। लेखन काल–×। पूर्ण।

निम्न पाठों का सग्रह हैं —

(१) ज्ञानसार—रघुनाथ। पत्र स० १ से ३४। भाषा–हिन्दी। पद्य सख्या–२७०।

प्रारम्भ – छप्पय छंद—

गनपति मनपति प्रथम सकल शुभ फल मगलकर।
स्वरमति अति मति गूढ देत आरूढ हस पर ॥
निगम धरन जग भरन करन लगि चरन गगधर।
अमर कोटि तेतीस कहत रघुनाथ जोरकर ॥
भवि तिरन हरन जामन मरन मरनि जानि इह देह वर।
श्री हरि पद कौ पांऊ गुननि गाऊ मन वच काय कर ॥१॥

दोहा—हरि दरसावन सव सुखद अघ हर ज्ञान उदोत।
गगनीर गुरु के चरन छुवत सुधि गति होत ॥२॥
तुम सर्वज्ञ दयाल प्रभु कहो कृपा करि वात।
अनत रूप हरि गति अलख लखे कौन विधि जात ॥३॥
तव अपनौ जन जांनि मन मांनि करी प्रतिपाल।
स्वै दयाल तिह काल कर वोले वचन रसाल ॥४॥

सत दशा वर्णन - सवैया—

जग सौं उदास मन वास किये नास मन, धारत न आस रघुनाथ यौं कहैत है।
कोधी से न क्रोध, न विरोधी से विरोध, नहिं लोभी सौ प्रमोध नित प्रेमे निवहत हैं ॥
जीव सकल समानि समझै न कछु अनुराग दोग, अभिमान भ्रम तो देहत है।
ज्ञान जल मजन मलीन कर्म भजन कै, राचै है निरजन सौ, अजन रहत है ॥१०६॥

× × ×

अमल रूप माया मिल्यो मलनि भयो सव ठांव।
सोनौं सोनी सग तें भूषन नाना नांव ॥१४३॥

बिन जाने बहु दुख है जाने तें उडि जात ।
तीन काल में एक रस सो निज रूप रहात ॥१८७॥
गृह त्यागी रागी नहीं, मागी भ्रम जग प्रीति ।
हरि पागी जागी सुबुधि इह बैरागी रीति ॥२१७॥

अन्तिम पाठ—ऐसो हरि को निज धर्म सुनि मन भयो हुलास ।
ताते इह भाषा करी लघु मति राघो दास ॥२६४॥
गुनी मुनी पंडित कवि चतुर विवेकी सोध ।
कियो ग्रन्थ उनमान विधि छिमा सकल अपराध ॥
वक्ति जुक्ति तुक छंद गति भाव बरन गन हीन ।
इक गुन हरि को गुन बरन ताते गुन्यौ प्रवीन ॥२६६॥
सतरसै चालीसत्रिय संवत् माघ अनूप ।
प्रगट भयो सुदि पंचमी ज्ञान सार सुख रूप ॥२६७॥
सुनत गुनत जे ज्ञान सत नसत अस्त भ्रम रूप ।
मत्र नावत गावत निगम पावत ब्रह्म सरुप ॥२६८॥
सुख अपार अधार सब सोखन सकल विकार ।
पार करत संसार सर महासर को सार ॥२६९॥
राघव लाघव केरि करि कहत सब संतन सौ जुक्ति ।
अभै दान धो जानि जन संत संग हरि भक्ति ॥२७०॥
॥ इति ज्ञानसार रघुनाथ सा० कृत संपूर्ण ॥

(२) गण भेद—रघुनाथ साह । पत्र संख्या ३ । भाषा–हिन्दी पद्य विषय–छंद शास्त्र (पत्र ३४ से ३७ तक) । पद्य संख्या–१५ । पूर्ण ।

प्रारम्भ—गवरिनंद आनन्द कर विघन घाय बहु माय ।
आदि कवि के राज कवि मंगल दाय मनाय ॥१॥
प्रथम चरित्र ब्रजराज के गाय सु मन वचकाइ ।
जन्म सुधारिउ धारि कुल कल मल सकल नसाइ ॥२॥
हरि गुन भेद बिना अमल फल दुह लोक अपार ।
रहन भक्त नर कवित्त बिनि तिन मधि त्रिविधि विचार ॥३॥

मध्य भाग दोहा—अष्ट गणागण अमरफल अशुभ च्यारि शुभ च्यारि ।
राघव भनि रवि राज सुनि धरहु विचारि विचारि ॥१०॥

अन्त भाग —सुणत गुणत गण भेद कौ रघा प्रकासत ग्यान ।

हर जस कवि रस रीति कौं पावत मफ्ल सुजान ।१५॥

॥ इति श्री रघुनाथ साह कृत गण भेद सपूर्ण ॥

विशेष—छंद शास्त्र की संक्षिप्त रचना है किन्तु वर्णन करने की शैली अच्छी है ।

(३) नित्य विहार (राधा माधो) रघुनाथ—पत्र संख्या-५ । भाषा-हिन्दी पद्य । पद्य सं० १६ । पूर्ण ।

आरम्भ—छंद चरचरी राजत ब्रज रूप अंग अंग छवि अनूप ।

निरखि लजत काम भूप बहु विलास भीनै ॥

रत्न जटित मुकुट झलक मनि अमित बरन ।

कुंडल दुति उदित करन तिमर वरत छीनें ॥१॥

भाल तरल तिलक लस्त भौंहैं जुग अंग रिसत ।

नैन चपल मीन चिसत नाशा शुक भौंहे ॥

कुंद कली दसन रसन बीरी जुत मंद हसन ।

कल कपोल अधर लोल मधुर बोल सोंहैं ॥२॥

अन्तिम—जे जन अघ नाम रटत मंगल सब सुपनि जटत ।

अघ कटित जम जार फटित जगत गीत गावैं ॥

श्री बाल निचि विहार आनंद तउर जे उदार ।

राघो भय होत पार प्रेम भक्ति पावैं ॥१६॥

॥ इति राधो माधो नित्य विहार संपूर्ण ॥

विशेष रचना शृंगार रस की है ।

(४) प्रसंग सार—रघुनाथ । पत्र संख्या-४३ से ५६ तक । भाषा-हिन्दी पद्य । पद्य संख्या-१६० । रचना काल-सं० १७४६ माघ सुदी ६ । पूर्ण ।

प्रारम्भ—एक रदन राजत वदन गन मंगल सुख कंद ।

राघव रिधि सिधि वुधि दे नव निस गवरी नंद ॥१॥

वानि गति वांनीनतै कास वखानी जात ।

हरि मांनी रांनी सकल वर दानी जग मात ॥२॥

गुरु सत गुरु तीरथ निगम गंगादिक सुख धाम ।

देव त्रिदेव रखी सुमनि पूरत सबके काम ॥३॥

सीस नाय सब गाय हो राधो मनि इह रीति ।
सकल देव की सेवकौं फल हरि पद सौं प्रीति ॥४॥

अतिम पाठ—निस दिन रचि पचि भरत सठ सवको इह उनमान ।
सक्ल जानि मन जानि मन राधा भजो भगवान ॥१५६॥
भजनि भजै तिन तैं भजै पाप ताप दुख दानि ।
भागवत भगवत जन ग्यान वत सो जानि ॥१५७॥
सव सुख जुत सुंदर सुमत सतरासैं गुनचास ।
कीयो माघ सुदि पचमी सार प्रसग प्रकास ॥१५८॥
रग रग वहु अग के वरने विवधि प्रसग ।
सुनै गुनै सुख में सनै अति रति ह्वै सतसग ॥ १५६ ॥
अग उधारत गग ज्यों मलिन कर्म करि सग ।
उक्ति जुक्ति हरि भक्ति ह्वै सभझै सार प्रसग ॥ १६० ॥

॥ इति श्री रघुनाथ साह कृत प्रसगसार सपूर्ण ॥

विशेष —रचना सुभाषित, उपदेशात्मक एव भक्ति रसात्मक है ।

५०७. गुटका न० ५—पत्र सख्या–८० । साइज–८½×५ इञ्च । भाषा- सस्कृत हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण ।

विशेष—केवल नित्य नियम पूजा पाठ हैं ।

५०८ गुटका न० ६—पत्र सख्या–२५ । साइज–८×६ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल-स० १६६३ भादवा बुदी १० । पूर्ण ।

विशेप—वारह भावना, इष्ट छत्तीसी भाषा, भक्तामर भाषा, निर्वाणकांडभाषा एव समाधिमरण आदि पाठों का सग्रह है ।

५०६ गुटका न० ७—पत्र सख्या–१४ । साइज–८½×६ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–स० १८३६ मगसिर सुदी ६ ।पूर्ण ।

विशेष— रामचन्द कृत चौवीस तीर्थ करों की पूजा है ।

५१०. गुटका न० ८—पत्र सख्या–२३ । साइज–६×६ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण ।

(१) वैराट पुराण—प्रभु कवि । प्रारम्भ के पत्र नहीं है ।

विशेष— प्रभु कवि चरणदासी सम्प्रदाय के है ।

अन्तिम पाठ—कांछ मिले ते पड कहाये, रुधिर श्र उटी पीछे मरकाये।
पवन पवन तें वाक उचारा, पवन पवन के रहैय अधारा।
याको भेद बतावो मोय, प्रभु कहे गुरु पुछ तोय ॥ १ ॥

(२) आयुर्वेद के नुसखे—भाषा–हिन्दी। पूर्ण।

५११. गुटका न० ६ – पत्र सख्या–२७। साइज–६×६ इञ्च। भाषा–हिन्दी। लेखन काल–×। पूर्ण।

विशेष—यत्र चिन्तामणि के कुछ पाठ हैं।

५१२ गुटका न० १०—पत्र सख्या–३४। साइज–६×६ इञ्च। भाषा–सस्कृत–हिन्दी लेखन काल–×। पूर्ण।

विशेष—भक्तामर आदि पाठ एव पूजा सग्रह है।

५१३ गुटका न० ११ – पत्र सख्या–७१। साइज–८½×५½ इञ्च। भाषा–सस्कृत–हिन्दी। लेखन काल–×। पूर्ण।

विशेष—प्रथम तत्वार्थ सूत्र है पश्चात् पूजाओं का सग्रह है।

५१४ गुटका न० १०—पत्र सख्या-। साइज–१०½×५ इञ्च। भाषा-सस्कृत हिन्दी। लेखन काल-×। पूर्ण।

विषय–सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
(१) पद	कबीरदास	हिन्दी	
(२) शब्द व धातु पाठ सग्रह	—	सस्कृत	पत्र ५५ तक
(३) लघु चौबीसी पद	विद्याभूषण	हिन्दी	
(४) षोडशकारणव्रतकथा	ब्र० ज्ञानसागर	हिन्दी	पद्य स० ३७

प्रारम्भ—श्री जिनवर चोवीस नमु, सारद प्रणमी श्रघ निगमु।
निज गुरु केरा प्रणमु पाय, सकल सत वदत सुख पाय ॥ १ ॥
षोडश कारण व्रतनी कथा, भांखु जिन आगम छे यथा।
श्रावक सुण जो निज मन शुद्ध, जे थी तीर्थंकर पद वृद्ध ॥२॥

अन्तिम भाग—जे नर नारी ए व्रत करे, तें तीर्थंकर पद अनुसरे।
इह भवि पावे रिद्धि अपार, पर भव मोक्ष तणो अधिकार ॥
पामे सकल भोग सयोग, टले आपदा रौरव रोग।
श्री भूषण गुरु पद आधार, ब्रह्म ज्ञान सागर कहे सार ॥३७॥

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
(५) दशलक्षण व्रत कथा	ब्रह्म ज्ञानसागर	हिन्दी	पद्य स० ५५

प्रारम्भ —प्रथम नमन जिनवर नें करू , सारद गणधर अनुसरू ।
दश लक्षण व्रत कथा विचार, भाखु जिन आगम अनुसार ॥१॥

अन्तिम पाठ—ए व्रत जे नर नारी करे, विगेंते भव सागर तरे ।
सकल सौख्य पावे नव निद्ध, सर्वारथ मन वांछित सिद्ध ॥५४॥
भट्टारक श्री भूषण धीर, सकल शास्त्र पूरण गमीर ।
तस पद प्रणमी बोले सार ब्रह्म ज्ञान सागर सुविचार ॥५५॥

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
(६) रत्नत्रय व्रत कथा	ब्र० ज्ञानसार	हिन्दी	—
(७) अनन्त व्रत कथा	”	”	—
(८) त्रैलोक्य तीज कथा	”	”	—
(९) श्रावण द्वादशी कथा	”	”	—
(१०) रोहिणी व्रत कथा	”	”	—
(११) अष्टाह्निका व्रत कथा	”	”	—
(१२) लब्धि विधान कथा	”	”	—
(१३) पुष्पांजलि व्रत कथा	”	”	—
(१४) आकाश पचमी कथा	”	”	—
(१५ रक्षा बधन कथा	”	”	—
(१६) मौन एकादशी व्रत कथा	”	”	—
(१७) मुकुट सप्तमी कथा	”	”	—
(१८) श्रुतस्कध कथा	”	”	—
(१९) कोकिला पचमी कथा	”	”	स० १७३६ चैत्र सुदी ६ रविवार को सूरत में ब्रह्म कनकसागर ने प्रतिलिपि की थी ।
(२०) चदन षष्टी व्रत कथा	”	”	—
(२१) निशल्याष्टमी कथा	”	”	—
(२२) सुगध दशमी व्रत कथा	”	”	—
(२३) जिन रात्रि व्रत कथा	”	”	—
(२४) पल्य विधान कथा	”	”	—

(२५) जिनगुनसपति व्रत कथा	"	"	—
(२६) आदित्यवार कथा	"	"	—
(२७) मेघमाला व्रत कथा	"	"	—
(२८) पच कल्याण बडा	—	"	—
(२९) " " "	—	"	—
(३०) परमानद स्तोत्र	पूज्यपाद स्वामी	सस्कृत	

प्रारम्भ—परमानद सयुक्त निर्विकार निरामय ।
ध्यानहीना न पश्यन्ति निजदेहे व्यवस्थित ॥१॥

(३१) वर्द्धमान स्तोत्र	—	सस्कृत	—
(३२) पार्श्वनाथ स्तोत्र	राजसेन	"	—
(३३) आदिनाथ स्तवन	ब्रह्म जिनदास	हिन्दी	

स्वामी आदि जिणद, करू वीनती आपणीय । तु जग साचो देव त्रिभुवन स्वामी तू धणी ए ॥१॥
लाख चोरासी योनि थावर जगम हू भम्यो ए । तुहु न लाधो अेह ससार सागर तेह तणो ए ॥२॥
चिहु गति ससार मांहि पाम्या दु खमि अति घणा ए । जामन मरण वियोग, रोग दारिद्र जरा तेह तणांए ॥३॥
क्रोध मान माया लोभ इन्द्रि चोरेंहु भोलव्योए । राग द्वेष मद मोह-मयण पापी घणु रोलकोए ॥४॥
कुदेव कुगुरु कुशास्त्र मिथ्या मारग रजियुए । साचो देव सुशास्त्र सह गुरु वयण नमे दीयुए ॥५॥
सजन कुटुंब नें काज कीधां पापमि अति घणाए । ते पातिकनीवार जिनवर स्वामी अह्म तणां ए ॥६॥
तु माता तु बाप, तु ठाकुर तु देव गुरु । तु बांधव जिन राज, वांछित फल हवे दान कर ॥७॥
हवें जो तुम्हें जुग देव करम निवारो अह्म तणांए । भवि भवि तुह्म पाय सेव गुण आयो स्वामी अह्म घणां ए ८॥
सकलकीरति गुरु वदि, जिनवर विनति जे भणेए । ब्रह्म जिणदास भणेसार, मुगति वरांगना ते वरे ए ॥९॥

(३४) चउवीस तीर्थंकर विनती	ब्रह्म तेजपाल	"	—
(३५ जिनमगलाष्टक	—	सस्कृत	—

५१५ **गुटका न० १३** – पत्र सख्या–२८ । साइज–६×६½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण ।

विशेष –नित्य नियम की पूजाऐं हैं । ये पूजाऐं बाल सहेली जयपुर में प्रत्येक शुक्रवार को होती थी ।

५१६. **गुटका न० १४**—पत्र सख्या–११ । साइज–६×६½ इञ्च । भाषा–सस्कृत लेखन काल-स० १९८३ भादवा सुदी १० । पूर्ण ।

विशेष—सुगन्ध दशमी व्रतोद्यापन का पाठ एव कथा है ।

५१७. **गुटका न० १५**– पत्र सख्या–१६२ । साइज–६×६½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण

विष-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	ले॰ का॰	विशेष
ज्ञान तिलक के पद	कबीरदास	हिन्दी	स० १८०६ कार्तिक सुदी ७	—
कबीर की परचई	"	"	"	—
रेखता	"	"	"	—
काया पाजी	"	"	"	—
हंसमुक्तावली	"	"	"	—
कबीर धर्मदास की दया	"	"	"	—
अन्य पाठ	"	"	"	—
साखी	"	"	कितने ही प्रकार की है	—
सोसट वध	"	"	"	—

विशेष—कबीर दास कृत रचनाओं का अपूर्व संग्रह है।

कासी वसे कबीर गुसाईं एव। हरि भक्तन की पकडी टेक ॥
बहोत दिना संकिट में गये। अब हरि को गुन लीन भये ॥ (कवि की परचई)

५१६ **गुटका न० १६**—पत्र सख्या–१३ से ५०। साइज–६×६½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। लेखन काल–×। अपूर्ण।

विशेष—महाभारत के पाचवे अध्याय से ३० वें तक है प्रारम्भ के ४ अध्याय नहीं है। जिसके कर्ता लालदास हैं।

५ वें अध्याय से प्रारम्भ—दरसन भीषम को प्रीय जदा, सकल रषीस्वर आये तिहां।
सरसज्या भीषम विश्राम, अब सुनि प्रगट रिषिन के नाम ॥ १ ॥
भृगु वसिष्ठ पारास्वर व्यास, चिवन अत्रिय अंगिरा प्रवगाम।
अगरत नारद परवत नास, जमदग्नि दुरवासा राम ॥ २ ॥

२८ वें अध्याय का अन्तिम भाग– धर्म रूपज राजा सिव भयौ, जिहि परकाज अपनपौ दयौ।
विस्नही आराधै इहि रीति धरम कथा सुनें करि सीति ॥ १६ ॥
जो याह कथा सुनै अरु गावै, धरम सहित धरम गति पावै।
यौं सौं कथा पुरानन कही, लालादास भाख्यौ यो सही ॥ २० ॥

५१६ **गुटका न० १७**—पत्र सख्या–१०६। साइज–६×६। भाषा–हिन्दी। रचना काल–×। लेखन काल–स० १८७५ पौष सुदी ७। पूर्ण।

विशेष—महाभारत में से 'उषा कथा' है जिसके रचयिता 'रामदास' है।

प्रारम्भ—श्री गणेसाहनम.। श्री सारदा माताजी नम । वो नमो भगवत वासदेवाय। श्री ऊषा चरण लिखते।

नासुदेव पुराण चित लाउ, करी हो कृपा रिकछु ह गुण गाउ।
सुमरो गुण गोविंद मुरारी, सदा होत सतन हितकारी ॥
सुमरो आदि सुरसति माता, सुमरो श्री गणपती सुखदाता।
बुधकर जोड चरण चीत लाउ, करी हो कृपा कछु हरि गुणगाउ ॥
सुमरो मात पिता मडभाई, सुमरो श्री रघुपति के पाई।

दोहा —अडसठी तीरथ कथे, सुमरो देव कोटी तेतीस।
रामदास कृपा कर वुधी देहो जगदीस ॥ १ ॥
ज्यांहां चत्रमुज रॉय वीराज, प्रममह तीतहि पुरको राजा।
जाके धरम कथा अधीकाई, दानव जुध वी वोहोत बढाई ॥
अकलोकाय सु दरसण पुज सुखमान, गऊ विप्र की सेवा जान ॥ २ ॥
नारद उकती व्यास कही नाहा, दसम सकद भागवत कीहा।
व्यास पुराण कह सव साखी, श्री सुखदेव नृप सुभाषी ॥

दोहा— चित दे सुनी नृपति धनी परीछत राय।
व्यास पुत्र उपदेश तै रस हीयो अथाय ॥
अमर कोऊ पग गुल नहीं देखो, पच सग सलव सेवा।
रामदास तवी सगति पाई, माशा करी हरी कीरति गाई ॥ ६
प्रेम सयाना पुछत वाता, तुम कसन कहा भये विधाता।
आदि देस तुमाहारो कहा होइ, हम सुवचन कहो न जसोई ॥
महमा कह राम को दासु, देस मालवो अती सुखवासु।
सहर, सरु जु निकट ताहां ठाहु, पावो जनम मालनी गाउ ॥
पिता मनोहर दास विधाता, वीरम ने जनम दोयो माता।
रामदास सुत तीन को भाई, क्रसन नाव को भगतो ताही ॥

दोहा—लालदास लालच कथा, सोध्यो भगवत सार।
रामदास की बुधी लघु पथ कुदे न भार ॥ १० ॥
नृप पुछ सुख है वसु सुनौ, सुनाय करौ हो मोहि।
अनरथ ऊषा हरन की कथा, कह सुनावो मोही ॥ ११ ॥
कैसे चत्रा हरी ले गई, कैसे कवट भेंट भई।
कृष्ण पुनी वाणासुर लीया, घर वसी हरी दरसण दीया ॥
सो ब्र मा मुनी ध्यान लगायो, आदि पुरुष को अत न पायो।
कहै प्रताप हरी पूजा पाइ, सो हम सु कहीये समझाई ॥

अन्तिम पाठ—धनी सो सुरता चीत दे सुन, अरथ वीचार प्रेम गुनमन ।

धनी सोही देस धनी सोही गांव, नीस दिन कथा कृष्ण को नांव ।

उषा श्री भागोत पुराना, सहजही द्रुज दीजे दाना ।।

छुछ मसक पवन भर सोही, कृष्ण भगति बिना अवरथा देही ।

रामदास कथा कियो पुराना, पढत गुणत गगा असनाना ।।

दोहा—चंद बदन यो होय फल, तो पातु दल पान ।

ई विध हर पूजही, कथे हो पुत्र की लाण ।।

इति श्री हरिचरित्रपद समो असकदे श्री भागोतपुराणे ऊषा कथा वरणनो नाम सपत दसो अध्याय ।। १७ ।।

।। इति श्री उषाकथा सपूर्ण समाप्ता ।।

५२०. **गुटका न० १८**—पत्र सख्या-१३२ । साइज-८×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-स० १७६७ फागुन बुदी ७ । पूर्ण ।

विशेष—कवि वालक कृत सीता चरित्र है ।

५२१. **गुटका नं० १६**—पत्र संख्या-१३१ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—नददास कृत भागवत महा पुराण भाषा है । केवल ६१ पत्र है ।

५२२ **गुटका नं० २०**—पत्र सख्या-३ से ३२ । साइज-८½×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—हितोपदेश कथा भाषा गद्य में है । रचना नवीन प्रतीत होती है भाषा अच्छी है आदि अत भाग नहीं है ।

५२३. **गुटका न० २१**—पत्र सख्या-१३६ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—हिन्दी गद्य में राम कथा दी हुई है । प्रति अशुद्ध है ।

५२४. **गुटका नं० २२**—पत्र सख्या-२८ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-सस्कृत हिन्दी । लेखन काल-स० १८१५ । पूर्ण ।

विशेष—पं० नकुल विरचित शालि होत्र है । सस्कृत से हिन्दी पद्य में भी अर्थ दिया हुआ है ।

५२५. **गुटका न० २३**—पत्र सख्या-१० । साइज-८½×५½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—कृष्ण का बाल चरित वर्णन है। १२० पद्य है।

आदि—गुरु गनेस बदन करि के संतननि कौं सिर नाऊं।
बाल विनोद यथा मति हरि के सुंदर सरस सुनाऊं ॥१॥
भक्तन के वत्सल करुना मय अद्भुत तिन की क्रीडा।
सुनो संत हो सावधान हो श्री दामोदर लीला ॥२॥

५२६. गुटका नं० २६—पत्र संख्या-३०। साइज-६×६ इन्च। भाषा-हिन्दी। रचना काल-×। लेखन काल-सं० १८२३ आसोज सुदी ३। पूर्ण।

विशेष—लच्छीराम कृत करूना भरन नाटक है। कृष्ण जीवन की बाल लीला का वर्णन है।

प्रारम्भ—रसिक भगत पंडित कवितु कही महाफल लेहु।
नाटक करूणा भरन तुम लछीराम करि देहु ॥१॥
प्रेम बढे मन निपट ही अरु आवै अति रोइ।
करुणा अति सिंगार रस जहां बहुत करि होइ ॥
लछीराम नाटक करयो दीनौं गुनिन पढाइ।
भेद रेष निच न निपट लाये नर निसि लाइ ॥२॥

अन्तिम पाठ—श्रीकृष्ण कथा अमृत सर वरनी, जन्म जन्म के क मल हरनी।
अति अगाध रस वरन्यौ न जाई, वुधि प्रमान कछु वरनि सुनाइ ॥३४॥
सो मति थोरी हरि जस सागर, सिंधु सुमाइ कहा लो गागर।
लछीराम कवि कहा वखानौ, हरिजस को कोई हरिजन जानै ॥३५॥

इति श्री कृष्ण जीवन लछीराम कृत करूणा भरन नाटक संपूर्ण। सं० १८२३ आश्वन बुदी ३ रविवासरे। सप्तमो अध्याय।

५२७ गुटका नं० २५—पत्र संख्या-२८। साइज-६×७ इंच। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। पूर्ण

विशेष—गुटके में भद्रबाहु चरित्र है। यह रचना किशनसिंह द्वारा निर्मित है जिसको उसने सं० १७८३ में समाप्त की थी। प्रति नवीन है।

भद्रबाहु चरित्र—

प्रारम्भ—केवल बोध प्रकास रवि उदै होत सखि साल।
जग जन अंतर तम सकल छेयो दीन दयाल ॥ १ ॥
सनमति नाम जु पाइयौ अैसे सनमति देव।

मोको सनमति दीजिए नमो त्रिविध करि सेव ॥ २ ॥

अन्तिम पाठ—अनत कीरति आचारज जानि, ललित कीर्ति तू सिष प्रमान ।
रत्ननदि ताको सिप होय, अलप मति धरि करना सोय ॥
श्वेतांवर मत को अधिकार, मूढ लोक मन रजन हार ।
तिनही परीक्षा कारन जान, पूर्व श्रुत कृत मानस आनि ॥ १० ॥
किया नहीं कविताइ करी, काव कर्न अभिमान ही अरी ।
मगलीक इस चरितह जानि, रच्यौ सवै सुखदाइ मान ॥
मूल ग्रंथ कर्त्ता भये रतन नदि सु जानि ।
तापरि भाषा प्रहरि कीनी मती परमान ॥ ११ ॥
नगर चाल सुदेस मै वरवाडा को गांव ।
माधुराय वसत कौ दामपुरौ है नांव ॥
तहा वसत सगही कानो गोट पाटणी जोय ।
ता सुत जाणो प्रगट सुख देव नाम तसु होय ॥
ताकौ लघु सुत जानीयौ किसन सिंघ सव बान ।
देस ढूढाहर को भयौ सांगानेर सुथान ॥ १५ ॥
तहां करी भाषा यह भद्रवाह गुणधारी ।
सुमति कुमति को परख कै द्वेष भाव न विचारि ॥
किसनसिंघ विनती करै, लखि कविता की रीति ।
यह चरित्र भाषा कियौ, बाल बोध धरि प्रीति ॥ १७ ॥
जो याकौ वाचै सुनै विपुल मति उरधारी ।
कहुँ ठौर जो भूल है लीज्यौ सुधी मवारी ॥ १८ ॥
सुमति कुमति कौ परख कै, कीज्यौ कुमत निवार ।
ग्रहण सुमति कौ कीजियौ जो सुर सिव पदकार ॥ १६ ॥
सवत् सतरह सै असी उपरि और है तीन ।
माघ कृष्ण कुज अष्टमी ग्रंथ समापत कीन ॥ २० ॥

५२८ **गुटका न० २६**—पत्र सख्या-२०० । साइज-८½×६½ इञ्च । भाषा-सस्कृत-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—गुटका प्राचीन है । निम्न पाठों का सग्रह है ।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
तत्त्वार्थसूत्र	उमास्वाति	संस्कृत	—
श्रीपालरास	ब्रह्म रायमल्ल	हिन्दी	—
नेमीश्वररास	"	"	—
विवेकजखडी	—	"	—
पद्य संग्रह	—	"	—
जखडी	रुपचंद	"	—
मांगीतुंगी की जखडी	रामकीर्त्ति	"	—
जखडी	जिनदास	"	र० का० सं० १६७६
कर्म हिंडोलणो	हर्षकीर्त्ति	"	—
गीत	चद्रकीर्त्ति	"	—
गीत	मुनि धर्मचन्द्र	"	—
चेतनगीत	देविदास	"	—
चेतन गीत	—	"	—
पंचवधावा	—	"	—
आदिनाथस्तुति	चंद्रकीर्त्ति	"	—
शालिभद्रचौपई	—	"	अपूर्ण

५२६. गुटका नं० २७—पत्र संख्या-२५। साइज-६×५½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—स्फुट पूजाओं का संग्रह है।

५३०. गुटका नं० २८—पत्र संख्या-२५। साइज-६×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—नित्य पूजा पाठों का संग्रह है।

५३१. गुटका नं० २६—पत्र संख्या-१५। साइज-८½×५ इञ्च। भाषा-संस्कृत। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—सामान्य पाठ संग्रह है।

५३२. गुटका नं० ३०—पत्र संख्या-१४। साइज-६×६ इञ्च। भाषा-हिन्दी संस्कृत। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—निम्न पाठों का संग्रह है—

विनती संग्रह	—	हिन्दी	—
संबोधपञ्चासिका भाषा	धानतराय	,,	—
अठारह नाता	—	,,	—

५३४. गुटका नं० ३२—पत्र संख्या-२० । साइज-७३/४×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । पूर्ण ।

विशेष—६५ चतुराई की वार्ता दी है जिसका रचना काल वीर सं० १६४२ है ।

५३५. गुटका सं० ३३—पत्र संख्या-२३ से १४२ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । पूर्ण ।

विशेष—मुख्य पाठों का संग्रह निम्न प्रकार है ।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
स्तोत्रविधि	जिनेश्वरसूरि	हिन्दी	—
भक्तामर स्तोत्र	मानतु गाचार्य	संस्कृत	—
कल्याणमंदिरस्तोत्र	कुमुदचन्द्र	,,	—
पद संग्रह सतर प्रकार पूजा प्रकरण)	साधुकीर्ति	हिन्दी	र का १६१८ श्रा. सु. ५
रागमाला	,,		—
श्रागपदगिरिस्तवन	धर्मसुन्दर (वाचनाचार्य)	,,	—
पद ०	जिनदत्तसूरि	हिन्दी	—
स्तमनक पार्श्वनाथ गीत	महिमासागर	,	—
पद	जिनचन्द्र सूरि, जिनकुशल सूरि व कुमुदचन्द्र ।		
कवित्त	—	हिन्दी	र. का. स १४११

इनके अतिरिक्त और भी हिन्दी पद हैं ।

सतर प्रकार पूजा प्रकरण—राग धनाश्री—साधु गुणि धनजि के । गढि दिन तेज नगरि सुख राजइ ।

भविन सानक आठ पुग्गलि सम्मतव । धय दुप रनह मागाजइ ।।स०।।

अणहिल पुर शान्ति सव सुखदाई । सो प्रभु नवनिधि सिधि आज जइ ।।

सतर सुपूज सुविधि श्रावक की । कर्मसइ सगति निज काजइ ।।स०।।

श्रीजिनचन्द्रसूरि गछ खरतरपति । धरमनि दक्ष तासु मत गाजइ ।।

सवत् १६ धतार श्रावण सुदि । पंचमि दिवस समाजइ ।।स०।।

दयाकलशागणि श्रमरमाणिक गुरु । तासु पसाइ सुविधि हुँ गाछइ ।
कहइ साधु कीरति कर भजन सरतव सवि ।
साधुकीरति करत जन सरतव सविलील सव सुख साजइ ॥

॥ इति सत्तर प्रकार पूजा प्रकरण ॥

५३६. गुटका नं० ३४—पत्र सख्या-१४ से ८६ । साइज-६×५ इञ्च । भाषा-प्राकृत हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—द्रव्य सग्रह की गाथायें हिन्दी अर्थ सहित है तथा समयसार के २०६ पद्य हैं ।

५३७ गुटका नं० ३५—पत्र सख्या-२ से ३८ । साइज-६½×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—पूजाओं का सग्रह है ।

५३८ गुटका नं० ३६—पत्र सख्या-६ से ६३ । साइज-८½×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—महाकवि कल्याण विरचित अनग रग नामक काव्य है । काम शास्त्र का वर्णन है आगे इसी कवि द्वारा निरूपित सभोग का वर्णन है । आयुर्वेद के नुसखे दिये हुए हैं ।

५३९ गुटका नं० ३७—पत्र सख्या-६६ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-सस्कृत हिन्दी । लेखन काल-× । पूर्ण ।

विशेष—विष्णु सहस्रनाम के अतिरिक्त अन्य भी पाठ हैं ।

५४०. गुटका नं० ३८—पत्र सख्या-१५० । साइज-७×५½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-स० १७१६ पौष सुदी ५ । पूर्ण ।

विशेष—विभिन्न साधारण पाठों का संग्रह है ।

५४१. गुटका नं० ४०—पत्र सख्या-७ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-सस्कृत । लेखन काल-स० १८८३ चत्र बुदी १४ । पूर्ण ।

विशष—चाणक्य राजनीति शास्त्र का सग्रह है ।

५४२ गुटका नं० ४१—पत्र सख्या-३८ । साइज-५×६ इञ्च । भाषा-सस्कृत । लेखन काल-× । अपूर्ण एव जीर्ण ।

५४३ गुटका नं० ४२—पत्र सख्या-२६ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-प्राकृत । लेखन काल-स० १८१२ । पूर्ण ।

विशेष—आचार्य कुन्दकुन्द कृत (दर्शन, चारित्र, सूत्र, बोध, भाव और मोक्ष) षट पाहुड का वर्णन है।

५४४. **गुटका न० ४३**—पत्र सख्या-४८। साइज-६×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण एव जीर्ण।

विशेष—देहली के बादशाहों की वशावलि दी हुई है अन्य निम्न पाठ भी हैं—

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
कृष्ण का बारह मासा	धर्मदास	हिन्दी	—
विरहनी के गीत	—	"	—
आयुर्वेद के नुस्खे	—	"	—
दोहे	दादूदयाल	"	—

५४५. **गुटका न० ४४**—पत्र सख्या-६८। साइज-८½×६ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—मत्र शास्त्र से सम्बन्धित पाठ है।

५४६. **गुटका न० ४५**—पत्र सख्या-६०। साइज-'×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी सस्कृत। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—पार्श्वनाथ स्तोत्र-सस्कृत, क्षेत्रपाल पूजा शनिश्चर स्तोत्र-हिन्दी आदि पाठ हैं।

५४७ **गुटका न० ४६**—पत्र संख्या-१२। साइज-५½×४½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—चरनदास के पद है। कुल १५ पद हैं।

५४८. **गुटका न० ४७**—पत्र सख्या-१६। साइज-८½×८½ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—भुवनेश्वर स्तोत्र सोमकीर्ति कृत हैं।

५४९. **गुटका न० ४८**—पत्र सख्या-३४। साइज-६×४ इञ्च। भाषा-सस्कृत हिन्दी। लेखन काल-स० १८६० अषाढ बुदी ६। पूर्ण।

विशेष—ऋषि मडल स्तोत्र तथा अन्य पाठ हैं।

५५०. **गुटका नं० ४९**—पत्र सख्या-२० से ६०, १७२ से २१२। साइज-५×३½ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—पचस्तोत्र, पद्मावतीस्तोत्र, तत्त्वार्थसूत्र, पचपरमेष्ठीस्तोत्र एवं वज्रपंजरस्तोत्र (अपूर्ण) आदि हैं।

५५१. गुटका नं० ५०—पत्र संख्या–४ से २१० । साइज–६×४ इञ्च । भाषा–हिन्दी संस्कृत । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—स्तोत्र आदि का संग्रह है ।

५५२. गुटका नं० ५१—पत्र संख्या २६ । साइज–५×३½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–संग्रह । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—स्तोत्र आदि के संग्रह हैं गुटके के अधिकांश पत्र खाली हैं ।

५५३. गुटका नं० ५२—पत्र संख्या–४० । साइज–७×५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण ।

विशेष—गुटका जल्दी में लिखा गया है । कोई उल्लेखनीय पाठ्य नहीं है ।

५५४ गुटका नं० ५३—पत्र संख्या–६ । साइज–७×४½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—स्तोत्र आदि का संग्रह हैं ।

५५५ गुटका नं० ५४—पत्र संख्या–६–१८४ । साइज–६½×४½ इञ्च । भाषा–संस्कृत–हिन्दी । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—प्रारम्भ में स्वर्ग लोक का वर्णन है और पीछे तत्त्वार्थ सूत्र के सूत्रों की हिन्दी टीका है । कोई उल्लेखनीय सामग्री नहीं है ।

५५६ गुटका नं० ५५ – पत्र संख्या–२० । साइज–५×३½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—भक्तामर, पार्श्वनाथ, लक्ष्मीस्तोत्र आदि हैं ।

५५७ गुटका नं० ५६—पत्र संख्या–८६ । साइज–७×५ । भाषा–संस्कृत । लेखन काल–सं० १६०३ । पूर्ण ।

विशेष – सामान्य पाठ संग्रह है ।

५५८. गुटका नं० ५७—पत्र संख्या–३–४६ । साइज–७×४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–संग्रह लेखन काल–सं० १६२३ । अपूर्ण ।

विशेष—उल्लेखनीय पाठ नहीं है ।

५५९. गुटका नं० ५८—पत्र संख्या–८० । साइज–८½×६½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । अपूर्ण एवं जीर्ण ।

विशेष—अक्षर अशुद्ध होने पढ़ने में नहीं आते हैं।

५६०. गुटका नं० ५६—पत्र संख्या-८ से ६५। साइज-६¾×६¾ इञ्च। भाषा-संस्कृत, हिन्दी। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—निम्न पाठ हैं—

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
चौबीस तीर्थंकर पूजा	—	संस्कृत	—
सरस्वती जयमाल	—	"	—
अकृत्रिम जयमाल	—	"	—
परमज्योतिस्तोत्र	बनारसीदास	हिन्दी	—
भक्तामरस्तोत्र	मानतुंगाचार्य	संस्कृत	—

५६१. गुटका नं० ६०—पत्र संख्या-२ से ३८। साइज-७×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-कथा। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—हितोपदेश की कथायें हैं।

५६२. गुटका नं० ६१—पत्र संख्या-१०२। साइज-६×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—पूजाओं तथा स्तोत्रों का संग्रह है।

५६३. गुटका नं० ६२—पत्र संख्या-१७। साइज-६×५ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-सं० १७५४। अपूर्ण।

विशेष—१ से ६८ एवं १०७ से आगे के पत्र नहीं हैं। निम्न विषयों का संग्रह है।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
भट्टारक पट्टावली	—	हिन्दी	र. का. सं. १७३३
कृष्णदास का रासो	—	"	र. का. स. १७४६ ले. का १७५२
पर्वत पाटणी के रासो	—	"	ले. का. सं. १७५४
पींदड रासो	—	हिन्दी	—
नवरत्न कवित्त	—	"	—

५६४. गुटका नं० ६३—पत्र संख्या-६० से १२६। साइज-७×५½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-सं० १७६० माघ सुदी १५। अपूर्ण।

(१) भर्तृहरि को वार्ता—पत्र संख्या-६० से ७८ । भाषा-हिन्दी गद्य । लेखन काल-सं० १७६० माघ सुदी १५ । अपूर्ण

अन्तिम पाठ—भरथरी जी गोरखनाथजी का दरसण नै चालता रह्या । प्रथी को भाव सारो देखी करि व्रक्त चीत हुओ । सारो जगत को सुख । हैद ताको सुध । त्रीणी पराजमन भो देखता ओर सुनां मडल में चित दीजो । इति भरथरी जी का वात सपूरण । पोथी मान स्वध चत्रभुज का बेटा की लिखी जैराम काइम वाचें जैजैराम । मी माह सुदी १५ सं० १७५० ।

(२) आसावरी की वात—पत्र सं०-८० से १२५ । भाषा-हिन्दी गद्य । अपूर्ण ।

श्री गणेसाई नीमो । अबै आसावरी की वात ऊतिपति वरण ववरणी जे छै । ईतरा मांही राणी के पुत्र हुवो । नाम सीधु नीसर‍्यो । उछाव हुवो जाति कर्म हुवो । दान पुनि वाजा छतीसु वाजवा लागा । नग्र माहै वुछाह घरि घरि हुवो । आवतै दीनि कन्या को जनम हुवो । पडिता नाम आसावरी वाख्यो । सिधि को वचन छै । सोई नाम जनम को नीसर‍्यो । आसावरी देव अग अपछरा को औतार हुई तदि आसावरी वरस छहकी हुई । तदि पढिवानै वैठी ।

५६५. गुटका नं० ६४—पत्र संख्या-१३ । साइज-७½×५½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । लेखन काल-× । पूर्ण ।

विशेष—निम्न स्तोत्रों का संग्रह है—

विषाहार, एकीभाव एवं भूपालचतुर्विंशति ।

५६६ गुटका नं० ६५—पत्र संख्या-४४ । साइज-७×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल सं० १७७६ । अपूर्ण ।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
मान मञ्जरी	नंददास	हिन्दी	अपूर्ण
जानकी जन्म लीला	बालवृन्द	,,	पूर्ण ले० का० सं० १७७६
सीता स्वयंवर लीला	तुलसीदास	,,	माघ सुदी ६

आदि पाठ—गुर गणपति गिरजापति गौरी गिरा पति,
सारद सेष सुकवि श्रुति सत सरल मति ।
हाथ जोडि करि विनय सकल सिर नाऊं,
श्री रघुपति विवा, जथामति मगल गाऊं ॥१॥
सुभ दिन रच्यौ सुमगल मगल दाइक ।
सुनत श्रवन हिए वसहु सीय रघुनाइक ।
देस सुहावन पावन वेद बखानियै ।
भोमि तिलक सम तिरहुत त्रिभुवन मानियै ॥२॥

जानकी जन्म लीला—

आदि भाग—श्री रघुवर गुर चरन मनाऊं, जानकी जनम सुमगल गाऊं।

काम रहित सुधर्म जग जोहै, देस विरोहित तनु धरि सोहै ॥

ता महि मिथुला पुरि सुहाई, मनउ ब्रह्म विद्या छवि छाई ॥२॥

अन्तिम पाठ—भये प्रगट भक्ति अनत हित द्रग दया अमृत रस भरे।

सकल सुरनर मुनिन केई है छिनहि सब कारिज सरे ॥३॥

जै देवि धानि सिरोमने करि, दया यह वर दीजिये।

सदा अपने चरनदास के दास हम कहुँ कीजिये ॥४॥

॥ इति श्री जानुकी जनम लीला स्वामी बालचन्दजी कृत सपूरन ॥ माह सुदी ६ सवत् १७७६

४६७. **गुटका न० ६६**—पत्र सख्या–८०। साइज–६½×५½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। लेखन काल–स० १८२४ पौष सुदी ३। पूर्ण।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
भूषाभूषण	महाराज जसवतसिंह	हिन्दी	पद्य स० २१०
छवितरग	महाराजा रामसिंह	,,	पद्य स० ६४

प्रारम्भ—असुर कदन मोहन मदन वदन चंद रघुनद।

सिया सहित वसियो सुचित, जय जय मय आनद ॥१॥

यहां कवि की रीति प्रधानता करिकै राम जू सौ विज्य होत है। तातै भाव धुनि। अरु प्रथम अनेक चरन अनेक वेर फिरत हैं तातै क्रिति अनुप्रास चद रघुनद यह रुपक।

दोहा—आनदित बदत जगत सुख निर्कद सिव नंद।

भाल चंद तुव जपत ही दूरि होत दुख दद ॥२॥

अन्तिम पाठ—परी परोसनि सौ अटक, चटक चहचही चाह।

भरि भादों की चौथि को चंद निहारत नाह ॥६३॥

कछूक गुन दोहान के, बरने और अनूप।

अैसे ही सहृदय सबै औरौ लखौ अनूप ॥६४॥

इति श्री महाराजा रामसिंहजी विरचिते छवितरग सपूर्ण।

अष्टजाम	कवि देव	हिन्दी	पद्य सं० १३१
औषधि वर्णन	—	,,	—

५६८   गुटका नं० ६७—पत्र संख्या-५ से ११३ । साइज-६×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
कृष्णलीला वर्णन	—	हिन्दी	पत्र ५-१७
होली वर्णन	—	,,	—
बारहमासा	—	,,	पत्र सं० ७४ से ७७
स्फुट पद	—	,,	पत्र ७८ से ११३

५६९   गुटका नं० ६८—पत्र संख्या-२३ । साइज-६×४ इञ्च । भाषा-हिंदी । लेखन काल- । पूर्ण ।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
पीपाजी की पत्रावलि	—	हिन्दी	—
ध्रु चरित	सुखदेव	,,	—
विनति	—	,,	—
पद्मावती कथा	—	,,	—

५७०. गुटका नं० ६९—पत्र संख्या-२४ । साइज-५½×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । पूर्ण ।

विशेष—निम्न रचना है—

कल्मष कुठार—रामभद्र हिन्दी ।

मध्यम भाग—करनी ह्वौ सो कीजियो करनी की कछु दोर।

मो करनी जिन देखियो तो करनी की ओर ॥ २१ ॥

मो सो करनी कुटिल जग तो सो तारक ताज ।

यही भरोसो मोहि तो सरन गहे की लाज ॥ २२ ॥

इति श्रीमत् काम्यवनस्थ बाधूल सगोत्रोत्पन्न गणेश भट्टात्मज रामभद्र भट्टेन विरचिते कल्मषकुठार ग्रंथ संपूर्ण ॥

५७१   गुटका नं० ७०—पत्र संख्या-५ । साइज-५×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—रसराज नामक ग्रंथ है ।

५७२   गुटका नं० ७१—पत्र संख्या-५ । साइज-६×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-सं० १८१२ चैत्र बुदी १२ । पूर्ण । पद्य संख्या-२५ ।

विशेष—गुटके में नदराम पचीसी दी है। रचना स० १७४४ अथ नदराम पचीसी लिखते।

दोहा—गनपति को ज मनाय हरि, रिद्धि सिद्धि के हेत।
वाद वादनी मात तु, सुम अछिर बहु देत।।
कछु कह्यो हु चाहत हू, तुम्हार पुनि प्रताप।
ताहि सुएया सुख उपजै, दया करो अब आप ।। २ ।।

अन्तिम पाठ—नद खडेलवाल है अवावति कौ वासी।
सुत बलिराम गोत है रावत मत है कृष्ण उपासी ।। २४ ।।
सवत् सतरासै चवाला कातिक चन्द्र प्रकासा।
नदराम कछु . . . ।।
कली व्योहार पच्चीसी वरनी जथा जोग मति तेरी।
कलजुग की ज बानगी एहै है और रासी बहुतेरी ।।
राखे राम नाम या कलि मैं नद दासा।
नदराम तुम सरनै आयो गायो अजव तमासा ।। २५ ।।

इति श्री नदराम पच्चीसी सपूर्ण। सवत् १८१२ चैत बुदी १२।

५७३ गुटका न० ७२—पत्र सख्या-१६। साइज-६×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—कुछ हिन्दी के कवित्त हैं।

५७४. गुटका न० ७३ पत्र सख्या-११-२६३। साइज-६×४½ इञ्च। भाषा-हिदी। लेखन काल-× अपूर्ण।

विशेष—मुख्य रूप से निम्न पाठ हैं—

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
श्रीपाल रास	ब्रह्मरायमल्ल	हिन्दी	ले. का. स. १८२५
मधु मालती कथा	चतुर्भुजदास	”	—
गोरख वचन	बनारसीदास	”	—
वैद्य लक्षण	”	”	—
शिव पच्चीसी	”	”	—
भवसिन्धु चतुर्दशी	”	”	—
ज्ञानपच्चीसी	”	”	—

तेरह काठिया	बनारसीदास	हिंदी	—
ध्यान बत्तीसी	"	"	—
अध्यात्म बत्तीसी	"	"	—
सूक्ति मुक्तावली	"	"	—

मधु मालती कथा—

प्रथम—बरवीर चित नया वर पाउ, सक्र पूत गणपत मनाऊ।
चातुर हेत सहत रिझाउ, सरस मालती मनोहर गाऊ ॥ १ ॥
लीलावती ललित ऐक देसा, चन्द्रसेन जिहा सुघड नरेसा।
सुभग यामिनी हो गगन प्रवेसा, मानू मडप रचो महेसा ॥ २ ॥
वसहपुर नगर जोजन चार, चौरासी चोहटा चोबार।
अति विचित्र दीसे नरनार मानू तिलक भूम मझार ॥ ३ ॥

मध्य भाग—चपावती निपूत मलियदा, ताको कवर नाम जसु चदा।
वरस बीस बाईस मैं सोई, तास पटतर अवर न कोई ॥
जास मत्र ग्रह कन्या सुन्दर, वरस अठारह माहि पुलंदर।
रूपरेख तसु नाम सोहै, जा देखे सुर नर मन मोहे ॥ ४५ ॥

अन्तिम पाठ—हम है काम अम अवतारी, इहै कहै कहै सोनी की न्यारी।
ऐसे कही मधु नृप सुमझायो, राजा सुनत बहोत सुख पायो ॥
राज पाट मधुक सब दीनों, चन्द्रसेन राजा तप लीनों।
राजरिपत्रिय वोहत होई, उनकी कथा लख न्ही कोई ॥ ८६२ ॥

दोहा—कायथ नैगमा कूल अहे, नाथा सुत भए राम।
तनय चतुर्भुज तास कें, कथा प्रकासी ताम ॥ ८६३ ॥
अलख वधू दीठ दई, काम प्रबध प्रकास।
कवियन सु कर जोर करि, कहत चतुर्भुज दास ॥ ८६४ ॥
काम प्रबध प्रकाम पुनी, मधू मालती विलास।
प्रदु मनी का लाला इहै, कहत चतुर्भुज दास ॥ ८६५ ॥
वनासपति मे अबफल, रस में एक रसत।
कथा मध्य मधू मालती षट् रति मधि बसत ॥ ८६ ॥
लता मध्या पवग लता, सो धन में धनसार।
कथा मे मधु मालती, आभूषण में हार ॥ ८६७ ॥

राजनीत कीया मैं साखी, पचाख्यान बुध ईहां माषी ।
चरना ऐका चातुरी बनायी, थोरी थोरी सबहु आई ॥ ८६८ ॥
पुनि बसत राज रस गायो, यामै ईश्वर का मद भायो ।
ताका ऐह विलावसतारी, रसिकनि रसक श्रवन सुखकारी ॥ ८६६ ॥
रसिक होय सो रस कू गाहे, अध्यात्म आतम अवगाहे ।
चातुर पूरष होई है जोई, ईहे कल रस समझू सोई ॥ ८७० ॥
किसन देव को कु वर कहावै, प्रदुमन काम अस मधु गावै ।
पुत्र कलत्र सब सुख पावै, दुख दालिद्र रोग नहीं आवै ॥ ८७१ ॥

दोहा – राजा पढै ही राज नीत, मित्र पढै ताही वभ्र ।
कामी काम विलास रस, ग्यानी ज्ञान सरूप ॥ ८७३ ॥
सपूरन मधु मालती, कलस भयो सपूरण ।
सुरता वक्ता सवन कू, सुख दायक दुख दूर ॥ ८७४ ॥
कैसर के पति सामजी, तीण उपगार माहाराजै ।
कनक वदनी कामनी, तै पामी मै आजै ॥ ८७५ ॥

॥ इति श्री मधु मालती की कथा सपूर्ण ॥

फागुण बुदी ७ मगलवार सवत् १८२५ का दसकत नन्दराम सेठी का ।

५७५. गुटका न० ७४— पत्र सख्या–३४ । साइज–७×४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–स० १८७३ पूर्ण ।

विशेष—नन्ददास कृत मानमञ्जरी है । पद्य सख्या–२८६ है ।

प्रारम्भ—त नमामि पदम परम गुरु कृष्ण कमल दल नैन ।
जग कारण, करुणार्णव गोकुल जाकौ ऐन ॥
नाम रूप गुण भेद लहि प्रगटत सब ही वोर ।
ता विन तहां जु आन कछु कहे सु अति बड वोर ॥

अन्तिम पाठ—

जुगल नाम–जुगल जुग्म जुग द्व य द्वय उभय मिथुन विविवीप ।
जुगल किशोर सदा वसहु नददास के द्वीप ॥८७॥

रस नाम—सरव्य मधु पुनि पुष्प रस कुसम सार मकरद ।
रस के जाननहार जन सुनियै है आनद ॥८८॥

माला नाम—मालाष्टक ज गुणवती यह ञ नाम की दाम ।
जो नर कठ करैं सुनै ह्वै है छवि को दाम ॥२८६॥

इति श्री मानमजरी नददास कृत सपूर्ण । सवत् १८७३ मगसिर बुदी १३ दीतवार ।

५७६ **गुटका न० ७५**—पत्र सख्या-६० । साइज-६×४½ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । पूर्ण । अशुद्ध ।

विशेष—साधु कवि की रचनाओं का सग्रह है । चरणदास को गुरू के रूप में कितने ही स्थानों पर स्मरण किया है । कोई उल्लेखनीय सामग्री नहीं है । प्रति अशुद्ध है ।

५७७ **गुटका न० ७६**—पत्र सख्या-२४ से १८६ । साइज-८×३ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण ।

विशेष—विविध पाठों का सग्रह है ।

५७८. **गुटका न० ७७**—पत्र संख्या-६२ । साइज-६×६ इञ्च । भाषा-हिन्दी सस्कृत । लेखन काल-× । पूर्ण ।

विशेष—निम्न पाठों का सग्रह है ।

दस अछेरा, मुनि अहार लेता के पांच अरथ, मनुष्य राशि भेद, सुमेरु गिरि प्रमाण, जम्बू दीपका वर्णन, शील प्रमाद के भेद, जीव का भेद, अढाई द्वीप में मनुष्य राशि, अष्ट कर्म प्रकृति, विवाह विधि आदि ।

५७६. **गुटका न० ७८**—पत्र सख्या-१८ से २०४ । साइज-४×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सग्रह । लेखन काल-स० १७६६ फागुण बुदी ६ । अपूर्ण ।

(१) श्री धू चरित—हिन्दी । लेखन काल-स० १७६६ फागुण बुदी ६ ।

अन्तिम पाठ—राजा प्रजा पुत्र समाना, सकट दुखी न दीसै आंना ।
राजनीति राजा ज्ञ वीचारै, स्वामी धरम प्रजापति पाले ॥
चक्र सुदरशन रछया करई, आग्या भग करत सिर हरई ।
तातै सबको आग्या कारी, चक्र सुदर्शन कौ डर भारी ॥४॥
औसी विधि करै धू राज, हरि किया सरै सब काजू ।
घर में वन, वन में घर भाई, अतर नाही राम दुहाई ॥५॥
पानी तेल मिलै पुनि न्यारौ, यो धू वरतौ राम पीयारो ।
परवनि पत्र मिलै नहीं पानी, येहि विधि वरतै दास वी रानी ॥६॥
उलटौ मोल चलै जल मांही, यो हरि भगत मिलन हरि जांहि ।

जैसे सीप समद तै न्यारी, स्वांति बुंद वरषै सुष भारी ॥७॥
जैसे चद कमोद निमावै, जल में बसै अर प्रेम बढावै ।
जैसे कवल नीर तै न्यारो, असी विधि धू पीयारो ॥८॥
जैसे कनिक न काई लागै, अग्नि दीया तै बाती जागै ।
सुत लपेटि अग्नि में दीजै, मोहरै की सत्या नही छीजै ॥९॥
धू चरित जे को सुनै, मन बच क्रम चित लाय ।
हरिपुरवै सब कामनां, भक्ति मुकति फल पाय ॥१०॥
बसुधा सब कागद करूं, सारदा लिखुं बनाय ।
उदधि घोरि मसि कीजिये, धूमैह मान समाय ॥
मैं जानी मति आपनी, कलिप कही कछु बात ।
बकसत सुत अपराध कौ, जन गोपाल पित मात ॥११॥

इति श्री धू चरित सपूरण समापता ।

(२) भक्ति भावती—(भक्तिभाव) हिन्दी

प्रारम्भ—सब सतन कौ नाय माथा, जा प्रसाद तै भयो सुनाथा ।
भव जल पार गयौ की चाहै, तो सत चरन रज सीस चढावै ॥१॥
जे नारायण अतरजामी, सब की बुधि प्रकासक स्वामी !
तुम वाणी में प्रगटो आई, निर्वर्ति परवति देह बताई ॥२॥

दोहा—पर्म हस आस्वादित चरन, कैवल मकरंद ।
नमो रामानद नमो अनतानद ॥३॥
जे प्रवृर्ति को दुख नहिं जानै, तो निवृर्ति सौ क्यौ मनमानै ।
कलि अग्यान भयौ विस्तारा, पुरव नही सचारा ॥४॥

अन्तिम—भगति भावती याको नामा, दुख खडन सब सुख विसरामा ।
सीखै सुणैर करै विचारा, तौ कलि कुसमल कौ ह्वै ण्यौ कारा ॥ २७५ ॥
अलप सुख नाही जाणै केता, सु सुख पावै चाहै जेता ।

दोहा—जो बहु गुरु तैं मति लहै बहु पंडित बुझैं होई ।
सो सब याही मैं लहै जै निकै सोधै कोय ॥ २७६ ॥

चौपई—लरिका कछु बस्त जो पावै, ले माती आगे गुरुरावै ।
भली बुरी वै लेहि पिछांनी, यौ तुम आगै मैं यह आनी ॥ २७७ ॥
अब वहैडो कहा तै करई, अपणौ फल ले आगै धरई ।
जैसी किपा तुम मोस्यु कीन्ही, तैसी मैं वाणी कहिं दीन्ही ।

सवत् सोलहसै नव सालै, मथुरापुरी केसवा थालै ।
असुन पहल ग्यारसि रविवारी, तहा पट पहर मांहि विस्तारी ॥ २७६ ॥
करि जागरणै प्रकमा दीनी, तव ठाकुरनै समरपण कीनी ।
भगत समेत सतोखे सोई, ज्यौ तो तद वचन सुन कै सुख होई ॥ २८० ॥

दोहा—नमह राम रामनदा, नमह अनतानद ।
चरन कवल रज सिर धरै, पर पनगै सानद ॥ २८१ ॥
॥ इति श्री भगति भावती ग्र थ समाप्ता ॥

(३) राजा चंद की कथा—प० फूरो । पत्र सख्या–१८१–२०४ । भाषा–हिन्दी । रचना काल–स० १६६३ फागुण सुदी २ ।

विशेष—राजा चद आभानेरी की कथा है । चन्दन मलयगिरी कथा भी इसका दूसरा नाम है ।

५८० गुटका न० ७६—पत्र सख्या–२–२२ । साइज–६×४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । अपूर्ण ।

विशेष—चरनदास कृत सतगुरु महिमा है —प्रथम व अन्तिम पत्र नहीं है ।

प्रारम्भ —

सुख देव जी पूरन विसवा वीस ।
परम हंस तारन तरन गुरु देवन गुरु देवा ।
अनमै वानी दीजिए सहजो पावे सेवा ।
नमो नमो गुर देवन देवा ॥

५८१ गुटका नं० ८०—पत्र संख्या–३० । साइज–७×५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण ।

विशेष—तीर्थंकरों के माता, पिता, गणधर, वश नाम आदि का परिचय, नन्दीश्वर पूजा तथा जीव आदि के भेदों का वर्णन किया गया है ।

५८२ गुटका न० ८१—पत्र सख्या–२८ । साइज–८×५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । लेखन काल–× । पूर्ण ।

विशेष—पंचमगल, सिद्धपूजा–सोलह कारण, दशलक्षण, पंचमेरु पूजा आदि का सग्रह है ।

५८३ गुटका न० ८२—पत्र सख्या–१०२ । साइज–६×५ इञ्च । भाषा–प्राकृत–हिन्दी । लेखनकाल–× । अपूर्ण ।

विशेष—आचार्य कुन्दकुन्द कृत समयसार गाथा मात्र है, अहवल विचार आदि पाठों का संग्रह है।

५८४. गुटका नं० ८३—पत्र सख्या-२३-५७। साइज-६×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—नारायण लीला के हिन्दी के २५६ पद्य हैं लेकिन वे कहीं २ अपूर्ण हैं।

५८५. गुटका नं० ८४—पत्र सख्या-४०। साइज-७×४½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—गुटके में कोई उल्लेखनीय पाठ नहीं है।

५८६. गुटका नं० ८५—पत्र सख्या-८५। साइज-६×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—शीलकथा-(भारामल्ल,) लावणी तथा समाधिमरण भाषा का सग्रह है।

५८७ गुटका नं० ८६—पत्र सख्या-२२। साइज-६×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण

विशेष—विभिन्न चक्र दिये हुए हैं जो भिन्न २ कार्य पृच्छा से सम्बन्धित हैं। आगे उनके अलग २ फल लखे हुए हैं।

५८८. गुटका नं० ८७—पत्र सख्या-५०। साइज-६½×४½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—मोह मर्दन कथा है। रचना काल-स० १७६३ कार्तिक बुदी १२ है। जीर्ण तथा अशुद्ध प्रति है।

५८९. गुटका नं० ८८—पत्र सख्या-१४६। साइज-७×५ इञ्च। भाषा-सस्कृत-हिन्दी। लेखन काल-×।

विशेष—भक्तामरस्तोत्र, सिद्धप्रियस्तोत्र, पार्श्वनाथस्तोत्र (पद्मप्रभ), विषापहारस्तोत्र, परमज्योतिस्तोत्र, आयुर्वेदिक नुसखे, रत्नत्रय पूजा आदि पाठों का सग्रह है। बीसा यत्र भी है जो निम्न प्रकार है—

५६० गुटका नं० ८६—पत्र संख्या-६१ से १७१। साइज-५×३ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—ज्वालामालिनीस्तोत्र, चक्रेश्वरीस्तोत्र, पार्श्वनाथस्तोत्र, क्षेत्रपालस्तोत्र, परमानंदस्तोत्र, लक्ष्मी-स्तोत्र, चैतनवधरस्तोत्र, शांतिकरस्तोत्र-(प्राकृत), चिन्तामणिस्तोत्र, पुण्डरीकस्तोत्र, भयहरस्तोत्र, उपसर्गहरस्तोत्र, सामायिक पाठ, जिन सहस्र नाम स्तोत्र आदि स्तोत्रों का सग्रह है।

५६१. गुटका न० ६०—पत्र सख्या-६८। साइज-५×३ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-स० १८६६। पूर्ण।

विशेष—निम्न सग्रह हैं—

न्हवण, सकलीकरणविधान, पुण्याहवाचन और याग मडल।

५६२ गुटका न० ६१—पत्र सख्या-६०। साइज-५×४ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। पूर्ण।

विशेष—सामान्य पाठों का संग्रह है।

५६३. गुटका नं० ६२—पत्र सख्या-७१। साइज-५×४ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—अधिकांशत नन्ददास के हिन्दी पदों का सग्रह है। कुछ पद सूरदास के भी हैं। राधाकृष्ण से संबधित पद हैं। पदों की सख्या १५० से अधिक है।

५६४ गुटका न० ६३—पत्र सख्या-१६१। साइज-५×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-सं० १७६३ वैसाख सुदी २। पूर्ण।

विशेष—नेमीश्वररास, श्रीपालरास (ब्रह्मरायमल्ल) है।

५६५. गुटका न० ६४—पत्र सख्या-२३ से ५४। साइज-५½×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—हिन्दी पदों का सग्रह है।

५६६. गुटका न० ६५—पत्र सख्या-१४०। साइज-४½×६½ इञ्च। भाषा-सस्कृत। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—ज्योतिष शास्त्र से संबंध रखने वाले पाठ हैं।

५६७. गुटका न० ६६—पत्र सख्या-२६। साइज-१×४ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-×। अपूर्ण।

विशेष—पदों का सग्रह है।

५६८. गुटका न० ६७—पत्र सख्या-२७६ । साइज-७×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । लेखन काल-× । अपूर्ण एव जीर्ण ।

विशेष—२ गुटकों का सम्मिश्रण है । मुख्यत. निम्न पाठों का सग्रह है ।

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
(१) शालिभद्र चौपई	जिनराज सूरि	हिन्दी	र० का० स० १६७८ आसोज सुदी ६

प्रारम्भ—सासण नायक समरियइं, वर्द्धमान जिनचद ।
अमित्र विघन दुरइ हरइ, आपइ परमानद ॥१॥

अन्तिम पाठ—साधु चरित कहवा मन तरसइ, तिणए भास्यउ हरसइजी ।
सोलह सय अठित्तरि वरसइ, आसू वदि छठि दिवसइजी ॥
सा० जिनसिंह सूरि मतिसारइ भवियण नइ उपगारइ जी ।
श्री जिनराज वचन अनुसारइ, चरित कह्यउ रु विचारइजी ॥
इणि परिसाधु तणा गुण गावइ, जे भवियण मन भावइजी ।
अलिप विघन तसु दूरि पुलावइ मन वछित सुख पावइजी ॥१०॥
ए सवध भविक जे भणिस्यइ, एक मना सांभलिस्यइजी ।
दुख दुह गतस दूरि गयावस्यइ, मनि वछित फल लहिस्यइ जी ॥११॥

विषय-सूची	कर्त्ता का नाम	भाषा	विशेष
(२) शीतलनाथ स्तवन	धनराजजी के शिष्य हरखचद	हिन्दी	र० का० स० १७१६ कार्तिक सुदी १५
(३) पार्श्व स्तोत्र	”	”	र० का० स० १७५४ कार्तिक सुदी ५
(४) नेमिनाथ स्तोत्र	—	”	र० का० स० १७१३
(५) पदसग्रह	”	”	र० का० स० १७५८
(६) नेमिनाथ स्तवन	धनराज	”	र० का० स० १७४८
(७) चिन्तामणि जन्मोत्पत्ति जन्मोत्सव स्वध्याय	—	”	—
(८) गणनायक क्षेमकरण जन्मोत्पत्ति	धर्मसिंह सूरि	”	र० का० स० १७६६ माघ सुदी
(९) पुण्यसार कथा	(पुण्यकीर्त्ति)	”	र० का० स० १७६६

प्रारम्भ—नाभि राय नदन नमु, साति नेमि जिन पाशि ।
महावीर चउवीसमउ प्रणम्या पुरइ आस ॥१॥

श्री गोतम गणधर सदा, लीला लब्धि निधान ।
समरी सह गुर सरस्वती, वेविष वधारइ वांन ॥२॥

अंतिम पाठ—खरतर गछ मति महिय विरजिउ, युग प्रधान जिनचंद ।
आचारज मिहमागिर मुनि वरूए, श्री जिनसिंह सुरद ॥२००॥
हर्षचद्र गणि हर्ष हितकरू , वाचक हस प्रमोद ।
तासु सीस पून्यकीरत इम माथइ, मन धर अणक प्रमोद ॥१॥
संवत् सोलह सइ छासट्ठि समइ विजय दसमी गुरुवार ।
सागानेर नगर रलिया मणउ, पमरणउ एह विचार ॥२॥
पद्मप्रभ जिन सुपसाउलउ, दोष दोह गत जा दिन ।
उदय वद्धी मणउ, सुख सपद सतान ॥३॥
एह चरित्र भवियन जे सामलइ दुख दोह गतसु जाइ दीन ।
उदय अद्वकउ न तरुवइ, तसघरन वनि धथाइ ॥४॥

इति अष्ट प्रवचन माता उपर पुण्यसार कथा सपूर्ण ।

(१०) सीमधर स्वामी जिन स्तुति	—	हिन्दी	विशेष
(११) छ जीव कथा	—	,,	—

विशेष—६५ पत्र के आगे ८ पत्र किसी के द्वारा फाड दिए गये हैं ।

(१२) श्रावक सूत्र (प्रतिक्रमण)	—	प्राकृत	—
(१३) अतिचार वर्णन	—	,,	—
(१४) नेम गीत	लब्धिविजय	हिन्दी	—
(१५) स्तवन	—	,,	—
(१६) सीमधर स्तवन	गणिलाल चद	,,	—
(१७) चउसरण परिकरण	—	,,	—
(१८) भक्तामरस्तोत्र	—	,,	—
(१९) नवतत्व	—	,,	—
(२०) नेमिराजुलस्तवन	जिनहर्ष	,,	—
(२१) नेमि राजुल गीत	—	,,	—
(२२) सुभद्रासती सज्झाय	—	,,	—
(२३) विजय सेठ विजया सेठाणी सज्झाय	सूरिहर्षकीर्ति	,,	—
(२४) पद—करि अरिहतनी चाकरी	जिनवल्लभ	,,	—

(२५) सज्झाय	—	”	ले० का० स० १७८१
(२६) पचाख्यान पचतत्र)	कवि निर्मलदास	”	—

प्रारम्भ—प्रथम जपु अरिहंत, अग द्वादश जु मावधर ।
गणधर गुरु सञ्जुत, नमो प्रति गणधर तिसतर ॥
नमो गणेश सारदा अवर गुरू गोत्तम स्वामी ।
तीर्थंकर चौबीस सकल मुनि भए शिवगामी ॥
नमो न्याति श्रावक सकल रस हाय मिल भविक सम ।
तुम्हरे प्रसाद यह उच्चरो पचतत्र की कथा अव ॥
पच्चख्यान वखानि हो न्याय नीति ससार ।
अल्प बुद्धि माषा रचु' करू' ग्रन्थ विस्तार ॥१॥

अन्तिम पाठ—राम नाम निज हीरदै धरै, मुख तैं मिप्ट वचन उचरै ।
सव जिय,सुख सौं अपनै थान, सदा कहै निज मन में ग्यान ।

दोहा—सम निज थानक सुख लहै, सव मुख सुमरै राम ।
सहस किरत माषा कियो श्रावक निरमल नाम ॥

इति श्री पचाख्यान श्रावक निरमल दास कृत माषा सपूर्ण । लेखन काल स० १७५४ जेठ सुदी ५ । ग्रंथ ५१ पत्रों में है । तथा ११४१ पद्य हैं ।

(२७) सात व्यसन सिज्झाय	क्षेम कुशल	हिन्दी	—
(२८) ज्ञान पच्चीसी	—	”	—
(२९) तमाखु गीत	सहसकर्ण	”	—
(३०) नल दमयन्ती चौपई	समयसुन्दर	”	र० का० स० १७२१ पद्य सं० १०
(३१) शांति नाथ स्तवन	केशव	”	—
३१ क पार्श्वनाथ स्तवन	—	”	—
(३२) महावीर स्तवन	—	”	—
(३३) राजमती नो चिट्ठी	—	”	—
(३४) नववाडी नो सिज्झाय	—	”	—
(३५) शीलरासो	विजयदेव सूरि	”	पद्य स० ७६
(३६) दान शील चौपई	जिनदत्त सूरि	”	ले० का० स० १७४२
(३७) प्रमादी गीत	गोपालदास	”	२५ पद्य

(३८) आत्म उपदेश गीत	समय सुन्दर	,,	—
(३९) यादुरासो	गोपालदास	,,	—
(४०) रात्रिभोजन सज्झाय	—	,,	—
(४१) तमाखु गीत	मुनि आणंद	,,	—
(४२) शांति नाथ स्तवन	गुण सागर	,,	—
(४३) पंच सहेली	छीहल	,,	र० का० स० १५७५ फागुण सुदी १५
(४४) मांति छत्तीसी	यश कीर्ति	,,	र० का० स० १६८८
(४५) यादवरासो	पुण्य रतन गणि	,,	ले० का० स० १७४३
(४६) सिंहासन बत्तीसी	—	,,	ले० का० स० १६३६
(४७) नेमिराजमतिगीत	—	,,	—
(४८) मुनिगीत	—	,,	—
(४९) मास	मनहरण	,,	र० का० स० १७३५
(५०) सिंघासन बत्तीसी	हरि कलश	,,	र० का० स० १६३२ आसोज सुदी २

५९९. **गुटका नं० ९८**—पत्र संख्या-१७४। साइज-९३/४×७ इञ्च। भाषा-हिन्दी। लेखन काल-स० १७१८ वैशाख सुदी ९। पूर्ण।

